ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 02 ● विक्रम संवत 2080 ● बुधवार, 29 नवम्बर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-43 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00



पंकज त्रिपाठी अभिनीत फिल्म 'मैं अटल हूं' ... पेज 10 पर




## गागर में सागर

### हमारे 41 वीर श्रमिक सुरंग की अनिश्चितता को मात देकर बाहर आए : मुख्यमंत्री

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक्स पर लिखा कि हमारे 41 वीर श्रमिक उत्तराखंड में निमार्णाधीन सुरंग की अनिश्चितता, अंधकार और कपकाती ठंड को मात देकर मंगलवार को 17 दिनों के बाद जंग जीतकर बाहर आये हैं। आप सभी की वीरता और साहस को सलाम। उन्होंने कहा कि जिस दिन यह हादसा हुआ उस दिन दीपावली थी, मगर आपके परिवार के लिए आज दीपावली हुई है। आपके परिवार और समस्त देशवासियों के तटस्थ विश्वास और प्रार्थना को भी मैं नमन करता हूं। इस ऐतिहासिक और साहसिक मुहिम को अंजाम देने में लगी सभी टीमों को हार्दिक धन्यवाद। देश के निर्माण में किसी भी श्रमिक की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रकृति और समय का पहिया बार-बार बता रहा है कि हमारी नियत और नीति में श्रमिक सुरक्षा और कल्याण महत्वपूर्ण भूमिका में रहे।

### उत्तरकाशी टनल से बाहर निकले खूंटी के मजदूर, तीन गांवों में उत्सव का माहौल

**खूंटी (झारखंड)।** राज्य के खूंटी जिले के कर्रा प्रखंड के तीन गांवों डुमारी, गुमडू और मधुगामा के लिए आज का दिन कुछ खास ही रहा। गांव के लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं था। आखिर 17 तीनों तक उत्तराखंड के उत्तर काशी सुरंग (टनल) में फंसे इन गांवों के तीन युवक मंगलवार को बाहर निकल आये। जैसे ही यह खबर गांव वालों को मिली कि डुमारी गांव में हर्ष का माहौल कायम हो गया। इन गांवों के लोगों ने सरना पद्धति से पूजा-अर्चना कर ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त किया। टनल में फंसे 35 वर्षीय युवक चमरा उरांव की पत्नी रेखा देवी, माता बंधनी उराइन और पिता भक्तु उरांव की आंखें खुशी से भर आयीं। वे अपनी बातों से अपनी खुशी को व्यक्त कर नहीं पा रहे थे। रेखा देवी ने कहा कि ईश्वर ने उनकी प्रार्थना सुन ली। चमरा के माता-पिता ने कहा कि उन्हं ईश्वर पर पूरा भरोसा था और ईश्वर ने लड़के को नयी जिंदगी दे दी। टनल में फंसे कर्रा प्रखंड के गुमडु गांव के विजय होरो की पत्नी सनारती होरो ने रोते हुए कहा कि आज भगवान ने उन्हें जीवन की सबसे बड़ी खुशी दे दी है। इसके लिए पूरा परिवार ही नहीं पूरा गांव ही उत्तराखंड सरकार, वहां के स्थानीय प्रशासन सेन और केंद्र सरकार आभारी हैं कि आज उनके प्रयास से 41 लोगों का परिवार उजड़ने से बच गया। मुश्किल की इस घड़ी में मदद के लिए चमरा उरांव और विजय होरो के परिवार ने तोरपा के विधायक कोचे मुंडा और जिला प्रशासन के अलावा अन्य सभी सभी शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। टनल से बाहर निकले चमरा उरांव, विजय होरो और गणपति होरो के परिवार वालों ने टनल में फंसे 41 मजदूरों में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सेना के जवानों का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। डुमारी गांव के भक्तु उरांव ने कहा कि उनके बेटे ने अपनी बहन की शादी का कर्ज उतारने के लिए अपनी जिंदगी को दांव पर लगा दिया था। कर्रा प्रखंड के मधुगामा गांव के गणपति मुंडा के घर में भी मंगलवार को उत्सव का माहौल रहा। गांव का हर व्यक्ति उनके घर लाकर अपनी खुशी का इजहार कर रहा था।

### मजदूरों को सकुशल निकालने पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री ने हर्ष व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी के सिल्कयारा में 17वें दिन मजदूरों को सकुशल निकालने पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री ने हर्ष व्यक्त किया है और इसके लिए एनडीआरफ, एसडीआरएफ तथा अन्य एजेंसी की सफल बचाव अभियान के लिए सराहना की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि उन्हें यह जानकर राहत और खुशी महसूस हो रही है कि उत्तराखंड में एक सुरंग में फंसे सभी श्रमिकों को बचा लिया गया है। बचाव कार्य में बाधाओं का सामना करने के कारण 17 दिनों तक की उनकी पीड़ा मानवीय सहनशक्ति का प्रमाण रही है। राष्ट्र उनके जज्बे को सलाम करता है और अपने घरों से दूर, बड़े व्यक्तिगत जोखिम पर भी महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए उनका आभारी है। वे उन टीमों और सभी विशेषज्ञों को बधाई देती हैं जिन्होंने इतिहास के सबसे कठिन बचाव अभियानों में से एक को पूरा करने के लिए अविश्वसनीय धैर्य और दृढ़ संकल्प के साथ काम किया है।

### जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी पहुंचे रांची

**रांची।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह और बिहार सरकार के मंत्री सह झारखंड जदयू प्रभारी डॉ अशोक चौधरी मंगलवार को सेवा विमान से दो दिवसीय दौरे पर पटना से रांची पहुंचे। उनकी 29 नवम्बर को प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो सहित प्रदेश जदयू के वरीय नेताओं के साथ बैठक है। एयरपोर्ट पर जदयू नेता डॉ आफताब जमिल, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सागर कुमार, डॉ विनय भरत, निर्मल सिंह, अख्तर हुसैन, वैद्यनाथ पासवान, रामजी प्रसाद, बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

## सीएम ने 133 करोड़ की 21 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

# किसान, श्रमिक व नौजवान को मजबूत करना लक्ष्य : मुख्यमंत्री

### 80,208 लाभुकों के बीच 132 करोड़ की परिसंपत्तियों का वितरण

### लाभुकों के बीच प्रमाणपत्र, स्वीकृति पत्र और नियुक्ति पत्र का वितरण

नवीन मेल संवाददाता

**रांची/लोहरदगा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान का यह तीसरा चरण है। अभियान में शामिल होने के लिए आज लोहरदगा आया हूं। राज्यवासियों के द्वार तक राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का यह लगातार तीसरा साल है। यह आदिवासी-मूलवासी की सरकार है। अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर उन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है।

उन्होंने कहा कि अब तीसरे चरण में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत और वार्ड स्तर पर शिविर आयोजित हो रहें हैं। जहां पदाधिकारी नहीं जाते थे, आज वे योजनाएं लेकर आपके बीच आ रहें हैं ताकि राज्य के आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक को



उनका अधिकार और योजनाओं का लाभ मिले। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मंगलवार को लोहरदगा के चीरी, कुडू में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपके गांव, पंचायत में हमने पदाधिकारियों को योजनाओं की गठरी बांधकर भेजने का काम किया है। पूर्व की सरकारों ने कभी गांव, गरीब, किसान सहित आम जनता की सुध लेने का काम नहीं किया। यही कारण है कि लाखों आवेदन शिविरों में आये। पूर्व की सरकार कभी पदाधिकारियों को गांव, पंचायत में भेजने का काम नहीं करती थी। हमने यह सब बदला। आज लाखों जरूरतमंद लोगों को अधिकार मिल रहा है। पदाधिकारी आमजन की सेवा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए है। हमें यहां की जड़ों को मजबूत करना है। जड़ यहां के किसान, श्रमिक, नौजवान हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अब पांच वर्ष उम्र के दिव्यांग को भी पेंशन देगी। प्रथम चरण के अभियान के सबसे अधिक आवेदन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### सीएम के कोडरमा आगमन को लेकर डीसी ने की बैठक

**कोडरमा।** सीएम हेमंत सोरेन के कोडरमा आगमन को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने मंगलवार को जिलास्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर इसकी तैयारी के लिए सभी को दायित्व दिया। उन्होंने कहा कि व्यवस्था में किसी भी प्रकार का चूक न हो। सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने विभाग से संबंधित योजना जैसे मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन, सर्वजन पेंशन, हरा राशन कार्ड, बिरसा हरित ग्राम जैसे अन्य योजनाएं से आच्छादित कराएं। इस मौके पर मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त ऋतुराज, डीआरडीए निदेशक गोरांग महतो, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार, जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय, जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाइक सहित जिले के अनेक वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : हेमंत सोरेन

### मुख्यमंत्री से गोड्डा के खिलाड़ियों ने की मुलाकात



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को आठवीं राज्य स्तरीय सब जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता के बालक एवं बालिका वर्ग में विजेता रही गोड्डा जिले के खिलाड़ियों ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि गुमला के घाघरा में आयोजित नेटबॉल की ट्रेडिशनल एवं फास्ट फाइव सब जूनियर चैंपियनशिप के बालक एवं बालिका दोनों ही वर्गों में गोड्डा टीम ने खिताब जीता है। मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस सिलसिले में पंचायतों में खेल मैदान विकसित किए जा रहे हैं। सिदो- कान्हू क्लब के माध्यम से खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट्स के साथ अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं। यहां के नौजवान खेलों के माध्यम से अपना भविष्य संवारने के साथ अपने प्रदर्शन से देश और राज्य का नाम रोशन करें, इसके लिए सरकार सभी सहयोग करेगी।

इस मौके पर गोड्डा जिला नेटबॉल टीम की कोच मोनालिसा कुमारी, सचिव गुंजन कुमार झा, अंपायर शिवराम कृष्ण देहरी, दुमका जिला नेटबॉल एसोसिएशन के सचिव मोहम्मद हकीम और कुलदीप कुमार रवि मौजूद थे।

## सेंट्रल जेल में बंद टीएसपीसी कमांडर की रिम्स में मौत

### कई हिंसक घटनाओं का आरोपी था किसलय सिंह

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सेंट्रल जेल के एक कैदी की रिम्स में उपचार के दौरान मौत हो गई है। मृतक किसलय सिंह पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के गावहीं गांव का रहने वाला था। वह नक्सली संगठन टीएसपीसी का टाप कमांडर बताया जाता है। बताते चलें कि किसलय सिंह पिछले कुछ दिनों से बीमार था। वह पैरालाइज हो गया था एवं उसे बीपी की भी समस्या थी। उसे इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती करवाया गया था। जहां उसकी स्थिति में कोई सुधार न होता देख डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया था। रिम्स में इलाज के क्रम में किसलय सिंह की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार मनातू थाना में दर्ज एफआईआर 53/21 के आरोपी किसलय को इसी मामले में गिरफ्तार किया गया था। मौत के बाद जेल प्रबंधन ने परिजनों को जानकारी दे दी है।

पलामू सेंट्रल जेल के अधिकारियों ने मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि रिम्स में ही उसका पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा। बताया जाता है कि उसके ऊपर कई हिंसक घटनाओं को अंजाम देने का भी आरोप था। ऐसी भी खबर है कि जेल से बाहर निकलने के बाद उसे टीएसपीसी का एरिया कमांडर बनाया जाना था। मनातू थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने बताया कि किसलय कई अन्य आपराधिक घटनाओं का भी आरोपी रहा है।

## कार्यपालिका, न्यायपालिका व पत्रकारिता जगत को भी भाती है राजनीति

# कोई नहीं बच सका राजनीतिक चमक के मोहफाश से

अखिलेश चौबे

**मेदिनीनगर।** राजनीतिक चमक का मोहफाश ही ऐसा है कि अन्य क्षेत्रों में शीर्ष पर पहुंचने के बाद भी लोग राजनीति में भाग्य आजमाने को लालायित रहते हैं। लोकतंत्र के प्रमुख स्तंभ कार्यपालिका व न्यायपालिका के साथ कथित रूप से चौथा स्तंभ कहे जाने वाला पत्रकारिता जगत को भी सदैव से राजनीति की चमक खूब भाती है। अब तो इसमें सैन्य क्षेत्र का भी समावेश हो गया है। विशेषकर अपने सेवा कार्यकाल में राजनेताओं के नजदीक रहने वाले अफसरशाहों की राजनीतिक महत्वाकांक्षा भी समय के साथ परवान चढ़ने लगती है। कई अफसरशाह तो चुनाव लड़ने के लिए बकायदा अपनी जमी-जमाई नौकरी से भी इस्तीफा देकर चुनावी दंगल में उतर आने से बाज नहीं आते। इनमें से कई ने विभिन्न प्रदेशों से लेकर राष्ट्रीय फलक पर मुकाम हासिल किया तो कई नेपथ्य में चले गये। अब तो सर्वोच्च पद पर आसीन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### झारखंड में लंबी है फेहरिस्त

बिहार को तो अफसरशाहों की राजनीति का प्रयोगशाला कहा जाता है। विभाजन के बाद अलग हुए झारखंड में भी अफसरशाहों के राजनीति में आने की फेहरिस्त लंबी है। हजारीबाग से आने वाले पूर्व आईएएस यशवंत सिन्हा राजनीतिक जगत में किसी परिचय के मोहताज नहीं है। इसी प्रकार चुनाव लड़ने के लिए प्रदेश के गृह सचिव रहे जेबी



तुबीद ने वर्ष 2014 में नौकरी से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि दो बार चाईबासा से विधान सभा का चुनाव लड़ने के बाद भी उन्हें सफलता हासिल नहीं हो सकी। उनकी पत्नी झारखंड की प्रमुख सचिव रह चुकीं आईएएस राजबाला वर्मा के भी चुनावी राजनीति में उतरने की चर्चा जोरों पर है। पूर्व आईपीएस वीडी राम वर्तमान में पलामू के सांसद हैं। झारखंड सरकार के मंत्री रामेश्वर उरांव के नाम भी उन फेहरिस्तों में शामिल है।

# रेट माइनर्स बने तारणहार, मजदूरों तक बनाई राह

– आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के सिल्क्यारा-बड़कोट सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को मशीन और मनुष्य के प्रयास से मंगलवार की रात सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया गया। अमेरिका के ऑगर मशीन ने जहां काम करना बंद कर दिया था। वहां सात रेट माइनर्स ने मजदूरों तक राह बनाई। लगातार 21 घंटे काम करते हुए 12 मीटर की खुदाई कर रेट माइनर्स सुरंग में फंसे 41 मजदूरों तक पहुंचने में कामयाब हुए। इन्होंने सुरंग में रैट होल माइनिंग तकनीक अपना कर काम पूरा किया। ये रेट माइनर्स (चूहा बिलखोदवा) पतले व लंबवत खदानों से कोयला निकालने में माहिर होते हैं। ये तीन से चार फीट गहरे गड्ढे खोदकर उसके अंदर गहराई में खनन करते चले जाते हैं। फिर एक आदमी अंदर घुसकर कोयला निकालता रहता है। इसके लिए खुरपी, फावड़ा, हथौड़े, तस्ले की मदद लेते हैं। ये अपने हाथ में छोटे फावड़े और हथौड़े लेकर खुदाई करते हैं। जो मलबा निकलता है उसे छोटे तस्ले या ट्राली के मार्फत बाहर निकालते हैं। यदि छोटे औजारों से खुदाई नहीं हो पाती तो ड्रिलिंग मशीन का उपयोग करते हैं। साँस लेने व हवा के लिए ऑक्सीजन मास्क पहनकर , प्रोटेक्टिव ग्लास पहन कर जाते हैं। जो पाइप हाथ में लिये होते हैं उनमें ब्लोअर चलाया जाता है। जिससे की हवा का सकुर्लेशन बना रहे। इन सात रैट-माइनर्स ने दिल्ली व अहमदाबाद में सुरंग खुदाई का काम किया है। मालूम हो कि बीते



12 नवंबर 2023 को सिल्क्यारा-बड़कोट सुरंग का एक हिस्सा धंस गया। मलबा 60 मीटर तक फैला तो अंदर सुरंग में काम कर रहे 41 मजदूर फंस गए। उसके बाद उनको निकालने के लिए अभियान शुरू हुआ। पहले तो मशीन से 900 मिलिमीटर व्यास वाली पाइप को मलबे के पार ले जाने का प्रयास किया गया। सुरंग में मजदूर जहां फंसे थे, वह लगभग 8.5 मीटर ऊँची गोलाई में है और करीब 2 किलोमीटर लंबी सुरंग है। यह सुरंग के अंदर निर्मित हिस्सा है, जिसके कारण मजदूर अब तक सुरक्षित रहे। वहां पानी व बिजली की सप्लाई सुरंग के दूसरे हिस्से से होती रही। मालूम हो कि 2014 में दुर्घटना के बाद चूहा बिलखोदवा पर मेघालय सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया था। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने भी 2021 में 30 कोयला मजदूरों के खदान में फंसने के बाद रैट माइनर्स पर अस्थाई प्रतिबंध लगाया था। इस हादसे में 15 मजदूरों की जान गई थी।

# पलामू में महिला चोर गिरोह सक्रिय चुटकियों में गायब कर देती हैं जेवर

### पांच संदिग्ध पुलिस हिरासत में, पश्चिम बंगाल का है जेवर चोर गिरोह

### शहर के जेवर दुकानों से हुई चोरी से जुड़ा है गिरोह का तार, पुलिस कर रही मामले की जांच

**मेदिनीनगर।** जिले में इनदिनों महिलाओं का एक गैंग सक्रिय है, जो पलक झपकते ही जेवर को गायब कर देती है। गैंग की महिलायें भीड़भाड़ वाले स्थानों से जेवर की चोरी करती है। गैंग में कई लड़कियां भी शामिल हैं। इसका खुलासा पलामू पुलिस की कार्रवाई में हुआ है। बताया जाता है कि यह गिरोह आभूषण दुकानों से जेवर भी गायब कर देता है। सूत्रों के अनुसार यह गिरोह पश्चिम बंगाल के चौबीस परगना के इलाके से संचालित हो रहा है।' पलामू पुलिस ने गिरोह में शामिल पांच लोगों को हिरासत में लिया है। बताया जाता है कि टाउन थाना की पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ महिलाएं संदिग्ध हालात में बाजार क्षेत्र में भ्रमण कर रही हैं। इस सूचना पर पलामू पुलिस ने इलाके से तीन महिलाओं को हिरासत में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# सभ्यता के शिखर या अंत की दिशा तय करेगा एआई



सुनील बादल

**सदियों** पहले साइंस फिक्शन पर आधारित अनेक उपन्यासों और फिल्मों में जिस कृत्रिम मेधा यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के कारनामों और खतरे के अंदेशे को दर्शाया गया था उसे प्रत्यक्ष देखने समझने का समय आ गया है। लगातार एक ही प्रकार के कार्य और उसके अनुभव का मानव मस्तिष्क से कई गुना अधिक तेज गति से विश्लेषण और उसके आधार पर सटीक त्रुटिरहित कार्य आज ये अदृश्य सुपर मानव कर रहे हैं जिसकी विश्वस्तर पर चर्चा हो रही है। कोरोना काल में प्रायः बंद ग्राहक सेवा व्हाट्सएप पर सीमित हो गई थी पर आज ए आइ महिला हमारे प्रश्नों का सिर्फ मधुरता और विनम्रता से जवाब दे रही है वरन शिकायत संख्या और सुविधाओं का इस प्रकार जवाब दे रही है कि हम में से अनेक लोगों को भान तक नहीं हो रहा कि हमारी बातचीत मनुष्य से नहीं हुई। टीवी के लिए टाइप की गई स्क्रिप्ट की एंकरिंग से लेकर जटिल मामलों में पुराने डाटा से पलक झपकते विशेषज्ञता भरा निर्णय सुना रहे ये महामानव कल सभ्यता के अस्तित्व को खतरे में डाल सकते हैं। यह टिप्पणी टेस्ला के सीईओ और 'एक्स' के मालिक एलन मस्क ने ब्रिटेन में आयोजित दुनिया के पहले वैश्विक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सुरक्षा शिखर सम्मेलन में की। उन्होंने कहा कि इस बात की शून्य से भी अधिक संभावना है कि एआई हम सभी को मार डालेगा। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को अगर पर्यावरण आंदोलन के लिए प्रोग्राम किया जाता है तो यह मानवता के विनाश का कारण बन सकता है। सस्ते और मानवजनित खर्चों से दूर यह तकनीक अभी शुरूआती दौर में है पर आते ही न केवल विवादों में घिर गई, बल्कि बुद्धिमता के परम के कारण मानव अस्तित्व को ही मिटाने की क्षमता हासिल कर लेने के मुकाम तक



चुटकियों में पहुंच सकने की स्थिति में आ गई है। पिछले पांच सालों में भारत सहित दुनिया की तीस फीसद नौकरियों को एआइ और 'आटोमेशन' ने हड़प लिया है। अमेरिका की दिग्गज निवेश बैंकिंग कंपनी गोल्डमैन सैक्स की एक रिपोर्ट के अनुसार एआई तीस करोड़ पूर्णकालिक नौकरियों में दक्षता से काम बराबर कर सकता है। जिस सक्रियता और हड़बड़ी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर काम किया गया, वह अब उल्टा पड़ता लग रहा है। किसी की आवाज का सैंपल लेकर उसकी आवाज में फोन करने की क्षमता और मानव मस्तिष्क से कई गुणा अधिक दक्षता, कार्यकुशलता तथा स्मरण शक्ति से न सिर्फ साइबर सुरक्षा बल्कि मानवता के लिए इतना बड़ा खतरा बन गया है कि कुछ दशक में ही विनाश की संभावनाएं बलवती लगने लगी हैं क्योंकि इसके दुरुपयोग की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। अभी पीएम मोदी ने भी इसके दुरुपयोग की चर्चा की थी। इस तकनीक के सदुपयोग से अल्गोरिदम सीखने, पहचानने, समस्या-समाधान, भाषा, लॉजिकल रीजनिंग, डिजिटल डेटा प्रोसेसिंग, बायोइंफार्मेटिक्स तथा मशीन बायोलाजी को आसानी से समझा जा सकता है। मिनटों में करोड़ों लोगों के डाटा को खंगाला जा सकता है। किसी भी काम की गति बहुत तेज की जा सकती है पर इसके सॉफ़्टवेयर खुले बाजार में मामूली कीमत पर उपलब्ध हैं जिसका दुरूपयोग भी किया जा सकता है। जॉन मेकार्थी अमेरिकी कंप्यूटर वैज्ञानिक ने 1955 में मशीनों को स्मार्ट बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को परिभाषित किया था तब से इसपर चर्चा हो रही है। चार प्रकार की होती है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिएक्टिव मशीन- यह सबसे पुरानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम का फॉर्म है जो मशीन पुराने डेटा को संग्रहीत करने में सक्षम नहीं होती और निर्णय लेने के लिए पिछले अनुभवों का इस्तेमाल भी नहीं करती हैं। यह लिमिटेड डेटा स्टोर करके प्रतिक्रिया देती है। उदाहरण के तौर पर आइबीएम ने वर्ष 1997 में शतरंज खेलने वाला सुपर कंप्यूटर डीप ब्ल्यू जिनसे उस समय के मशहूर शतरंज खिलाड़ी गैरी केस्परोव को हराया था पर इस सुपर कंप्यूटर में मेमोरी को स्टोर करने की सुविधा नहीं दी गई थी और डीप ब्लू ने विरोधी की वर्तमान चाल को देखते हुए खेल खेला था। सीमित मेमोरी- इस फॉर्म की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पिछले समय का डेटा स्टोर करती है और पुराने डेटा का इस्तेमाल करके भविष्य में होने वाली गतिविधियों के बारे में बताती है। यह प्रणाली खुद सीखने और फैसला लेने में सक्षम है। मस्तिष्क का सिद्धांत- इस प्रकार की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मशीनों द्वारा मानव मस्तिष्क की सीमा तक पहुंच गई है। इस समय कई मशीन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### आंगनबाड़ी केन्द्रों पर स्वेटर का वितरण

**पाटन।** प्रखंड के मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 75 पर 24 के बच्चों के बीच प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रामानंद पांडे व उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह द्वारा स्वेटर का वितरण किया गया। अध्यक्ष रामानंद पांडे ने कहा कि इलाके में ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। सरकार सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर ठंड से बचने के लिए बच्चों को स्वेटर उपलब्ध करा रही है। उन्होंने स्वेटर की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए रोष जताया। कहा कि इस संबंध डीसी को पत्र भेजकर जांच की मांग की जाएगी। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका शांति देवी, सहायिका मानमती देवी उपस्थित रहीं।

### महायज्ञ स्थल पर झंडारोपण



**सतबरवा।** प्रखंड अंतर्गत खामडीह गांव में श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ कराने को लेकर कार्यक्रम के संयोजक सह श्रीलक्ष्मी नारायण सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक उपाध्याय जी महाराज के सानिध्य में मंगलवार को झंडारोपण किया गया। कार्यक्रम पंडित आलोक मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। इसके उपलक्ष्य में उक्त स्थल पर 24 घंटे का अखंड कीर्तन का पाठ प्रारंभ किया गया। बुधवार दोपहर 1 बजे अखंड-कीर्तन का समापन होगा। इसके बाद महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। आयोजन समिति के अनुसार महायज्ञ14 फरवरी से शुरू होगा। इसका समापन 22 फरवरी को किया जाएगा।

### जिले के विभिन्न पंचायत में लगाये गये शिविर में 14149 आवेदन प्राप्त हुए

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुंचाना प्रदेश सरकार का उद्देश्य : उपायुक्त

**पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों के पंचायतों में प्रत्येक दिन निर्धारित अवधि के अनुरूप शिविर का आयोजन किया जा रहा है**





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रशासनिक पदाधिकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। अंतिम व्यक्ति तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना स्थानीय प्रशासन का लक्ष्य है। कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति सरकार की योजनाओं से वंचित नहीं रहने पाये, इसका हर संभव प्रयास किया जा रहा है। यह बातें पलामू के उपायुक्त शशि रंजन ने कही। वे मंगलवार को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पांकी प्रखंड के आसेहार पंचायत में लगाए गए शिविर में बोल रहे थे। उन्होंने शिविर में आए लोगों को आवेदन देकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों के पंचायतों में प्रत्येक दिन निर्धारित अवधि के अनुरूप शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने कहा कि कार्यक्रम के तहत सरकार की योजनाओं से जरूरतमंद व्यक्ति को आच्छादित करने का कार्य हो रहा है। उन्होंने आमजनों को आगे आकर सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त ने ठंड को देखते हुए कम्बल,धोती-साड़ी लूंगी, स्कूली बच्चों को पोषाक आदि परिसंपत्तियों का वितरण किया। शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत चेक दिया गया। पांकी के प्रखंड विकास पदाधिकारी राजकुंवर सिंह ने स्थानीय ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का अधिक-से-अधिक लाभ लेने की अपील की। साथ ही उन्होंने सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

**372आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन :** पलामू जिले के विभिन्न पंचायत में लगाए गए शिविर में 14149 आवेदन प्राप्त किया गया। इनमे से 372 का आन स्पाट निष्पादन किया गया। पांकी में आयोजित शिविर में 825 आवेदन प्राप्त हुए। 24 बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म दिया गया। 10 बच्चों के बीच निःशुल्क साइकिल वितरण का चेक दिया गया। 22 आवेदन गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के लिए गए। कार्यक्रम में मुखिया देवसागर राम, उप मुखिया अमित शर्मा, पंचायत समिति सदस्य बालेश्वर राम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रखंड एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में आम जन उपस्थित थे।

**जिले के इन प्रखंडों के पंचायतों, नगर निगम एवं नगर पंचायतों में शिविर का आयोजन**

मोहम्मदगंज प्रखंड के रामबांध मुख्यालय, हैदरनगर प्रखंड के खरगड़ा, हुसैनाबाद के देवरी कला, पिपरा के तेंदुई पंचायत मुख्यालय, हरिहरगंज के सेमरवार पंचायत मुख्यालय, नौडीहा बाजार के विषुणपुर, छतरपुर के काला पहाड़, पांडु के डाला कला, उंटारी रोड के लहर बंजारी पंचायत मुख्यालय, विश्रामपुर के बधमनवा पंचायत मुख्यालय, नावा बाजार के कुंभी कला पंचायत मुख्यालय, पंडवा के मझीगांव पंचायत मुख्यालय, चैनपुर के खुराकला, रामगढ़ के रामगढ़ पंचायत मुख्यालय, सदर मेदिनीनगर के रजवाड़ीह, पाटन के सेमरी, मनातू के चक पंचायत मुख्यालय, तरहसी के टरिया, नीलांबर -पीतांबरपुर के पुरनाडीह, सतबरवा के पोंची, पांकी के आसेहार पंचायत, मेदिनीनगर के वार्ड संख्या 21 एवं 23 के लोगों के लिए शहर के गांधी मैदान, छत्तरपुर के वार्ड संख्या 10 के लोगों के लिए न्यू प्रा0 विद्यालय हेसला के पास, हुसैनाबाद के वार्ड संख्या 15 एवं 16 के लोगों के लिए प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदाबाद, हरिहरगंज के लोगों के लिए वार्ड संख्या 04,05 एवं 06 के लोगों के लिए सीता हाई स्कूल के मैदान में शिविर का आयोजन किया गया।

### ग्रामीणों को आने-जाने में मिलेगी राहत

# विधायक ने 4 करोड़ 66 लाख की लागत से पुल का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** क्षेत्र का कोई भी गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं होगा। क्षेत्र को विकास की पहली पंक्ति में लाना हमारी प्राथमिकता है। उक्त बातें क्षेत्रीय विधायक सह एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने मंगलवार को हरिहरगंज प्रखंड के सुदूरवर्ती कुल्हिया पंचायत के लादीबादी बरवाडीह स्थित बतरे नदी पर मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत बनने वाली पुल के शिलान्यास कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से अब तक इस नदी पर पुल का निर्माण नहीं हो सका था। सदियों से उपेक्षित गांवों में विकास की किरण पहुंचाना ही उनका उद्देश्य है। पुल के निर्माण से लादीबादी, कोठिला, कुल्हिया, जगदीशपुर, शिकारपुर, नौडीहा कला, फुलवरिया सहित दर्जनों गांव के लोगों का बरसात के दिनों में मुख्य मार्ग से संपर्क नहीं कटेगा। मालूम हो कि एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने उक्त गांव में कुछ माह पहले ग्रामीणों के समक्ष जल्द पुल निर्माण करने का वादा किया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता राकांपा प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह व संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता ने किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, गुड्डू सिंह, जिला अध्यक्ष संदीप पासवान, नीतू सिंह, जिला सचिव अजय सिंह, मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा, आदि उपस्थित थे।

### जल्द से जल्द मीटर लगवायें विद्युत उपभोक्ताः अभियंता

**मोहम्मदगंज।** जेबीवीएनएल द्वारा मंगलवार को मोहम्मदगंज स्टेशन रोड में बिजली बिल वसूली के लिए शिविर लगाया गया। शिविर में मौजूद विद्युत अवर प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक माह के 28 तारीख को यहां बिजली बिल वसूली के लिए शिविर लगाया जाता है। इस बार कैंप में 150 उपभोक्ताओं से 2 लाख बकाया बिल की वसूली की गई। उन्होंने कहा कि 5 हजार से अधिक बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन विभाग द्वारा काटा जा रहा है। इसलिए इससे बचने के लिए समय पर बिल का भुगतान करे। अभी तक विद्युत मीटर न लगवाने वाले उपभोक्ता भी तत्काल मीटर लगवा लें। शिविर में कैशियर लंकेश ललितेश्वर मेहता व मंटू मुंडा मौजूद थे।

### कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट

## मंझौली की टीम ने लंगरकोट को 2-1 से हराया



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट में मंगलवार का मैच मंझौली बनाम लंगरकोट के बीच खेला गया। जिसमें मंझौली ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए लंगरकोट को 2-1 से हराकर जीत के साथ शानदार आगाज किया है। मंझौली की तरफ से छोटू व भोला कुमार ने गोल दागे। इसके पुर्व मुख्य अतिथि समाजसेवी सह पूर्व फुटबॉलर भैरोपुर निवासी बैजनाथ सिंह ने खिलाड़ियों का परिचय लेकर उनका उत्साहवर्धन किया। क्लब के संरक्षक कर्नल डा. संजय कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें खेल भावना के साथ प्रदर्शन करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि वैसे खिलाड़ी जिनकी उम्र 14 से 18 वर्ष के बीच हो उनके बेहतर भविष्य को देखते हुए उन्हें अधिकाधिक मौका देना चाहिए। निर्णायक की भूमिका सुदय सिंह, एसएम अकरम व सगीर अहमद ने निभाई। जबकि गोल जज के रूप में मनोज शर्मा व पूर्व खिलाड़ी नेहाल मिर्जा ने अपना योगदान दिया। मौके पर पूर्व फुटबॉलर सीवी रमन सिंह, शिक्षक जगदीश राम, अजय सिंह, सुदेश प्रजापति, परमानंद सिंह, अशोक कुमार सिंह, मुरारी सिंह, विजय प्रजापति, योगेन्द्र सिंह, शुभम कुमार सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे। प्रतियोगिता में बुधवार का मैच सबानो बनाम सडेय़ा के बीच खेला जायेगा।

### डाली कला पंचायत में आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम

## गरीबों को कंबल, छात्रों को मिला सायकिल का चेक



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांडू।** प्रखंड अंतर्गत डालाकाला पंचायत में मंगलवार को मुखिया राम बाबू यादव की अध्यक्षता में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पांडू प्रखंड प्रमुख नीतू सिंह ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बीडीओ राहुल उरांव, बीपीओ रणधीर कुमार प्रकाश, प्रमुख प्रतिनिधि प्रद्युम्न कुमार सिंह उर्फ सिन्टू सिंह मंचासीन रहे। शिविर में अबुआ आवास योजना,गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड राशन कार्ड, मनरेगा, शिक्षा, कृषि, आधार कार्ड समेत अन्य पंद्रह योजनाओं से संबंधित अलग-अलग स्टॉल लगाकर लोगों से आवेदन प्राप्त किया गया। जिसमे सभी स्टॉलो पर आये 761 आवेदनों का निष्पादन किया गया। ग्रामीणों की समस्याओं को सूचीबद्ध करते हुए कई योजनाओं की ऑन द स्पॉट स्वीकृत दी गई। इस दौरान गरीबों में कंबल व स्तरोन्नत उच्च विद्यालय डाला कला के बच्चों के बीच साइकल के चेक का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड समन्वयक रंजन कुमार, प्रभारी अंचल निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, राजस्व उप निरीक्षक गौरव कुमार, अंचल अमीन जनेश्वर सिंह, पंचायत सेवक अमरेश मोची, स्वास्थ्य कर्मी बजरंग सिंह,सुबीन कुमार सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर पंकज कुमार,गौतम कुमार,छोटू आदि मौजूद रहे।

### पोंची में पहुंची सरकार, लोगों को दिया उपहार



**सतबरवा।** आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को पोंची पंचायत सचिवालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रमुख रीमा देवी, जिप सदस्य सुधा कुमारी, बीडीओ अभिषेक पांडेय, सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की, सहायक उप समाहर्ता रश्मि भारती, मुखिया पोंची गिरवर प्रसाद राम, धावाडीह मुखिया रिंकी यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में अबुआ आवास ,आपूर्ति विभाग,कृषि, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मनरेगा, जेएसएलपीएस, आयुष्मान भारत कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, राजस्व, शिक्षा विभाग समेत कुल 14 स्टॉल लगाए गए थे। कार्यक्रम में सर्वजन पेंशन 40, राजस्व 40,राशनकार्ड 140 , केसीसी 2, सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना 16, अबुआ आवास 400, मनरेगा 100 एवं पशुधन से संबंधित 300 आवेदन जमा किये गये। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल पर 200 लोगों ने अपना ईलाज करवाया। मौके पर बीपीआरओ सुरेश ठाकुर, रोशन पाठक, एमओ अरविंद कुमार, प्रखंड कृषि सह कल्याण अधिकारी धर्मेंद्र बैठा, रजनीकांत, पंचायत सेवक कांति कुमारी, मो. अदनाम, इरशाद अंसारी, पंसस अशोक राम उपस्थित थे।


**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

**सैरात बन्दोबस्ती सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम मेदिनीनगर क्षेत्रान्तर्गत वाहन पार्किंग शुल्क वसुली हेतु निम्नांकित सैरातों की बन्दोवस्ती जनवरी 2024 से मार्च 2024 के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक 11.12.2023 को 12.30 बजे अपराह्न को होगी। जिस सैरात की डाक उक्त तिथि को नहीं होगी। वह डाक दिनांक 12.12.2023 को 12.30 बजे अपराह्न को होगी। सैराते की डाक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय सभा कक्ष में की जाएगी।

| क्रमांक | सैरातों का नाम | सरकारी डाक राशि | जमानत राशि (सरकारी डाक राशि का 35%) |
|---|---|---|---|
| 1. | कोयल रिभर फ्रंट (गिरिवर स्कूल से शिवाला मंदिर तक) | 1,98,500.00 | 69,475.00 |
| 2. | कचहरी कैम्पस (कचहरी मुख्य गेट से बन्दोबस्त कार्यालय, जिला परिषद के सामने वन विभाग के गेट तक) | 1,01,000.00 | 35,350.00 |
| 3. | सरकारी बस स्टैण्ड | 2,12,500.00 | 74,375.00 |

नोट :– डाक की नियम एवं शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट एवं विभागीय www.udhd.Jharkhand.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 312133 District(23-24).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

**ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना**

**(1st Call)**

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या - DWSD/GAR-20/2023-24 दिनांक 25.11.2023

| कम संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 1.35m. x 1.35 m . (02 Nos. Men and 02 N os Women) Toilet with 02 Nos each (Men and Women) Urinal, 200 x 150 mm dia & 200 mtr. d epth HYDT, with 5000 ltr. Water tank 2.0 HP Solar Submersible pump and motor 1.25 M. internal dia 2.1 m. d epth Soakpit etc. work **at Brahmsthan Lagma, Garhwa Under D.W.& S.D, Garhwa for the year 2023-24.** | 14,69,905/- | 30,000/- | 2500/- | 03 Months |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | | 04.12.2023 समय 12:30 बजे अपराहन् तक | | |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | | 15.12.2023 समय 05:00 बजे अपराहन् तक | | |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | | 15.12.2023 समय 05:00 बजे अपराहन् तक | | |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | | 16.12.2023 समय 04.00 बजे अपराहन् | | |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा। | | |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम | | ई0 प्रदीप कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा। | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | | 9973003856 | | |
| 9 | ई–प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन सं0 | | 0651–2490920 | | |

नोट–(i) केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
(ii) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(iii) अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

PR 312094 Drinking Water and Sanitation(23-24)D



**झारखण्ड सरकार**
**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा**

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा सं0– ZP/GARHWA/01 / 2023–24**

**15वें वित्त आयोग मद**

1. कार्य का नाम :–

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (राशि लाख में) | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की तिथि | आईडेन्टीफिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | भवनाथपुर | ग्राम–कोणमण्डरा में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन का निर्माण। | 55.50 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/01/2023-24/GR-01 |
| 2 | नगर उंटारी | ग्राम–बरडीहा में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन का निर्माण। | 55.50 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/01/2023-24/GR-02 |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–28.11.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 08.12.2023
4. जिला परिषद कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं Bank Certificate की मूल प्रति जमा करने की तिथि एवं समय :–09.12.2023 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–11.12.2023 को 3:00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– मो0 नं0–7004019730
8. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा के पक्ष में भुगतेय होगा, जो लौटायी नहीं जायेगी।
9. निविदादाता को UCAN Registration की छाया प्रति अपलोड करना अनिवार्य है।
10. एनेक्चर–02 में दिये गये प्रपत्र में ही शपथ–पत्र देना होगा।
11. प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
12. भवन प्रमण्डल एवं जिला परिषद से निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।

विस्तृत जानकारी के लिए Website:-www.Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

PR.NO.312096 Rural Development(23-24):D

जिला अभियंता, जिला परिषद्, गढ़वा।



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**ADVANCE PLANNING DIVISION PALAMU**
**E-PROCUREMENT NOTICE( 2nd call )**

TENDER REF.No-WRD/APD/PALAMU/SBD-01/2023-24 DATE 28.11.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of work | Restoration & Linin g work in Main Canal of Harhi Weir Scheme under Palamu District. |
| 2 | Estimated cost.(Rs in lakh) | 2230.94 |
| 3 | Time of completion | 540 Days (Five Hundred Fourty Days) |
| 4 | Period of availability of Bidding document on website | 02.12.2023 at 10.00 am |
| 5 | Pre Bid conference | 06.12.2023 |
| 6 | Place of opening of Bids | C.E.WRD Medininagar |
| 7 | Last date and time of online submission of Bids | 22.12.2023 up to 5.00 pm |
| 8 | Date and Time of opening of Technical Bids | 26.12.2023 at 3:00pm. |
| 9 | Date and Time of opening of Financial Bids | To be announced later. |
| 10 | Officer Inviting Bids and his Phone No. and E-mail ID | Executive engineer, Advance Planning Diviision,Palamu 8809786291 eeaplanpal-ceadv-jhr@nic.in |
| 11 | Help line Number of e – Procurement cell. | C.E.WRD Medininagar 0651-2491232 06562-240841 |

Note-
1. Only e-Tender will be accepted.
2. Additional performance security amount shall be applicable as prescribed in CE(Monitoring), Ranchi Letter No. 430 Dated 19-11-2020 and Secretary of RCD Letter No. 2146 (S) Dated 09-09-2020.
3. Payment of Mobilization advance / equipment advance shall be applicable as per Joint Secretary, WRD Ranchi Letter No. 656 Dated 22-12-2020.
4. The bidder should be fully acquainted with site before the tender.
5. Authority reserves the right to reject any or all the tender(s) received or to allot the work to one or more contractor(s) without assigning any reason thereof.
6. Estimated Cost May vary. Online BOQ amount shall prevail.
7. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Advance Plannning Division,Palamu

PR 312147 District(23-24)D

# देव दीपावली पर गंगा आरती व भक्ति जागरण का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर के सूर्य मंदिर तालाब पर देव दीपावली महोत्सव के अवसर पर सोमवार की रात हिंदू एकता दल के तत्वावधान में गंगा आरती एवं भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। वाराणसी से पधारे विद्वानों द्वारा गंगा आरती की गई। वहीं बिहार के कलाकारों द्वारा भक्ति जागरण की प्रस्तुति की गई। बिहार के प्रसिद्ध गायक कुमकुम बिहारी एवं उनकी टीम के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम के दौरान भव्य झांकी की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। दुर्गा दंडवत कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक आलोक चौरसिया, पूर्व मेयर अरुणा शंकर, पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह, ट्विंकल गुप्ता, भायजुमो अध्यक्ष ज्योति पांडे, लवली गुप्ता, बिपुल कुमार, प्रमुख गायत्री देवी व युगल किशोर चंद्रवंशी आदि ने किया। विधायक श्री चौरसिया ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से वातावरण शुद्ध होता है एवं लोग अपने धर्म के प्रति सजग होते हैं। पूर्व मेयर अरुणा शंकर ने कहा कि कोयल व्यू की तर्ज पर सूर्य मंदिर तालाब के इस स्थल को भी सुंदर बनाया जाएगा, ताकि आने वाले समय में बड़े धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होता रहे। हिंदू एकता दल के अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद उर्फ चंदू ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम करने में उन्हें अपने धर्म के प्रति आस्था बढ़ाने में सहयोग मिलता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंकुश गुप्ता, रितेश कुमार, मनोज कुमार, सुमित कुमार, विकास कुमार, आकाश कुमार, अरविंद कुमार, अनूप कुमार, राकेश कुमार, दिनेश कुमार, पूर्व प्रमुख विजय कुमार, बबलू सोनी, प्रदुमन यादव, अभय सिंह यादव, ध्रुप, कृष्ण प्रसाद, अखिलेश प्रसाद आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बूंदाबांदी से बढ़ गई ठिठुरन गरीबों पर मार

**मेदिनीनगर।** मंगलवार शाम को हुई बूंदाबांदी के कारण ठिठुरन बढ़ गई है। प्रतिकूल मौसम की गरीबों पर सर्वाधिक मार पड़ रही है। सोमवार सुबह से आसमान में उमड़-घुमड़ कर रहे बादल आखिरकार मंगलवार शाम को बरस ही पड़े। इससे अचानक तापमान में भारी गिरावट दर्ज होने से कंपकंपी बढ़ गई है। प्रतिकूल मौसम के कारण रेलवे स्टेशनों व बस पड़ावों सहित फुटपाथ पर रात बिताने वालों की परेशानी बढ़ गई है। अभी तक जिला प्रशासन अथवा नगर निगम द्वारा किसी भी सार्वजनिक स्थल पर अलाव का प्रबंध नहीं किया गया है। इससे वे ठिठुरते हुए रात बिताने को विवश हैं। लोगों ने डीसी व नगर निगम आयुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल अलाव जलवाये जाने की मांग की है।

### प्रसाद वितरण में उमड़ी भीड़

# हवन के साथ महायज्ञ सम्पन्न, मूर्ति विसर्जन आज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के साहित्य समाज चौक से सटे ब्राह्मण विद्यालय के सामने स्थित श्री तुलसी मानस मंदिर में आयोजित श्रीराम चरित मानस पाठ पारायण महायज्ञ की पूणार्हुति पर मंगलवार को यजमान मनीष भिवानिया एवं पूजा भिवानिया द्वारा हवन किया गया। इसमें व्यास संजय कुमार पांडे, मुख्य पुजारी सुरेश पाठक, संतोष कुमार पाठक ने पूणार्हुति का हवन पूजन कराया। बसंत जायसवाल द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। पाठ करते वाले पंडितों का भोजन मनीष भिवानिया के घर पर हुआ।संयुक्त सचिव मनीष भिवानिया ने बताया कि हर साल की तरह कार्तिक सप्तमी से शुरू होकर कार्तिक पूर्णिमा के दूसरे दिन हवन एवं समापन पाठ होता रहा है। श्री तुलसी मानस मंदिर में पिछले 71 बरसों से महायज्ञ का पाठ हो रहा है। लगभग 2 वर्षों से मंदिर निर्माण का कार्य प्रगति पर है।1953 से मानस पाठ एवं प्रवचन कार्यक्रम होता आ रहा है। उन्होंने बताया कि 1925 में यहां छोटे हनुमान जी विराजमान हुए थे। काफी भक्तजनों का सहयोग मिल रहा है। मंदिर का भव्य निर्माण किया जाना है। मौके पर तुलसी मानस मंदिर के अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष सह संयोजक इंजीनियर भारत सिंह, सचिन शिवनाथ अग्रवाल, रवि शंकर कोषाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि डॉ विजय कुमार सिंह, नवल तुलस्यान, सुरेश उदयपुरिया, शैलेंद्र अग्रवाल, पवन नेमाला, भीम प्रसाद, सुधीर अग्रवाल, सीताराम, बबलू कुमार, नारायण प्रसाद, अखिलेश पांडे, शशिकांत गुप्ता, रेखा देवी, मंजू देवी, किरण अग्रवाल, गायत्री अग्रवाल, विवेक भिवानिया, ओम बाबू, सत्यकेतु संजय, रजनीकांत पांडे, उज्जवल प्रकाश, रंभा गुप्ता समेत काफी संख्या में भक्त मौजूद थे। मनीष भिवानिया ने बताया कि बुधवार को शाम 4:00 बजे मूर्ति विसर्जन होगा।

## गागर में सागर

### मानस यज्ञ परिसर में कवि सम्मेलन आज

मेदिनीनगर। श्रीराम चरित मानस नवाह परायण महायज्ञ समिति एवं तुलसी मानस मंदिर निर्माण समिति के संयुक्त तत्वावधान में 29 नवंबर को यज्ञ परिसर में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। समिति के सचिव शिवनाथ अग्रवाल ने बताया कि अपराह्न तीन बजे से आयोजित कवि सम्मेलन में स्थानीय कवि, चोटी के साहित्यकार, गीतकार व नवोदित रचनाकार भाग लेंगे। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष इं. भरत सिंह एवं संयुक्त सचिव मनीष भिवानिया ने बताया कि आयोजन की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

### दुर्गा माइंस परिसर में आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड क्षेत्र के कुम्भी कला पंचायत स्थित दुर्गा माइंस परिसर में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन मुखिया सब्या सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिसका संचालन विकास पांडे ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नावा बाजार प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद, पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैश रंजन उर्फ बिट्टू पाठक, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि राजबली महरा, उप प्रमुख खुर्शीद आलम, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र सोनी, राजद प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र चौधरी, पसंस सत्यवंती देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान सर्व पेंशन योजना,पशुधन विकास योजना ,आयुष्मान भारत कार्ड, मुख्यमंत्री अबुआ आवास, आधार पंजीकरण, शिक्षा विभाग, मनरेगा, जेसीपीएल, खाद्य आपूर्ति, किसान क्रेडिट कार्ड, बिरसा हरित ग्राम योजना ,सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, बाल विकास परियोजना सहित 16 स्टॉल लगाकर पंचायतवासियों को महत्वाकांक्षी योजनाओं से जोड़ा गया। बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार के तीन वर्ष पूरा होने के पश्चात विभिन्न प्रखंडों में कार्यक्रम आयोजित कर पंचायत के विकास के लिए लाभुकों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मनरेगा से 20 सिंचाई कूप निर्माण, 5 दीदी बड़ी योजना, 10 जॉब कार्ड, 120 कंबल, म्यूटेशन, मुख्यमंत्री पशुधन सहित बाल विकास परियोजना से संबंधित परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मौके पर कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ के जिला सचिव सुरेंद्र कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह, पंचायत सचिव शिवकुमार यादव, रोजगार सेवक गोविंदा पाण्डेय, विपिन यादव, उदय यादव, विशेश्वर सिंह, प्रभु राम, ओमप्रकाश उर्फ गुड्डू गुप्ता, बलराम सिंह, विद्यापति राम, कनिय अभियंता राजू पासवान, आंचल उप निरीक्षक निकसन , प्रधान सहायक सुधीर कुमार, शाखा प्रबंधक अरविंद कुमार द्विवेदी, आशीष कुमार मौजूद थे।

### पुजारी बिहारी पुरी का निधन

**मेदिनीनगर।** स्थानीय महावीर मंदिर के पूर्व पुजारी बिहारी पुरी का निधन हो गया। इनकी मृत्यु हरदोई किरतियापुर गांव में होने की सूचना है। महंत बिहारी पुरी जी महाराज का जुड़ाव जूना अखाड़ा से रहा है। पलामू के भैंसापुर व गीता मंदिर का निर्माण इन्होंने कराया था। इनका पलामू से गहरा लगाव रहा है। मृत्यु का समाचार सुनते ही जिले में शोक की लहर दौड़ गई है। एलआईसी के पूर्व डीओ व्यासमुनी त्रिपाठी ने कहा कि एक युग का अंत हो गया है।

### सनातन ही सत्य हैः अविनाश देव

**मेदिनीनगर।** स्थानीय हाउसिंग कॉलोनी के मैदान पर आयोजित श्रीलक्ष्मी नारायण यज्ञ के दौरान माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष अविनाश देव ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर देवकीनंदन ठाकुर का स्नेहाशीष प्राप्त किया। उन्होंने कथावाचक श्री ठाकुर को मिट्टी से बना झारखंड सरकार का प्रतीक चिन्ह व पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सनातन ही सत्य है। इसके सिवाय कुछ नहीं।

### श्रीमद्भागवत कथा सातवें दिन संपन्न, भंडारे में उमड़ी भक्तों की भीड़

# कालनेमि हिंदू से सनातन को अधिक खतरा है : देवकीनंदन

**सनातन की रक्षा आज नहीं करेंगे तो आने वाली पीढ़ी धिक्कारेगी : देवकीनंदन ठाकुर**

**कथा में ज्ञान के साथ चरित्र का निर्माण होता है**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सनातन की रक्षा के लिए सभी हिंदू एक हों। जाति के बंधन को तोड़ दें। सनातन की रक्षा आज नहीं करेंगे तो आने वाली पीढ़ी धिक्कारेगी। उक्त बातें श्रीमद्भागवत पुराण के अंतरराष्ट्रीय कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कही। वे मंगलवार को स्थानीय हाउसिंग कॉलोनी गौशाला प्रांगण में परशुराम युवा वाहिनी के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें व अंतिम दिन श्रद्धालुओं को कथा सुना रहे थे। उन्होंने कहा कि दावे के साथ कह सकते हैं कि जिनके मां-बाप बच्चों को बचपन व जवानी में कथा सुनाते हैं। उनके बच्चे धर्मी होते हैं। उन्होंने पंडाल में नवीं व दसवीं वर्ग के अंग्रेजी मीडियम स्कूल के बच्चों से गणित के सरल सवाल पूछे। सही उत्तर नहीं मिलने पर अंग्रेजी मीडियम स्कूलों की कड़ी आलोचना की। कथा में ज्ञान के साथ चरित्र का निर्माण होता है। इंग्लिश मीडियम स्कूल में जिस लड़के की लड़की मित्र नहीं होती। उसे अपडेट नहीं समझा जाता। ऐसे स्कूल पाप के भागी हैं जो बच्चों का ना तो चरित्र निर्माण करते हैं और ना ही कथा के माध्यम से बच्चों को संस्कारवान होने देते हैं। कथा सुनने की कोई उम्र नहीं होती। आज सनातन पर कुठाराघात करते हुए मंदिर, ब्राह्मण व गौ को लक्ष्य किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में सभी सनातनियों को अपने धर्म की रक्षा के लिए एक होने की जरूरत है। नकली हिंदू वह है जो नारायण को मानते हैं लेकिन नारायण की कही हुई बातें नहीं मानते। इस तरह के कालनेमि हिंदू से सनातन को अधिक खतरा है। पराई स्त्री के साथ घूमने वाले पुरुष नर्क को प्राप्त होते हैं। जीवन नारायण के कानून से चलता है। नारायण के कानून को कोई नहीं बदल सकता। चरित्रहीन नहीं, चरित्रवान बनें । भागवत कथा के माध्यम से देवकीनंदन ने कहा कि श्री कृष्ण भगवान का लोग मजाक उड़ाते हैं। कहते हैं 16108 युवतियों से शादी की हैं। लेकिन कोई जाना कि ऐसा क्यों हुआ। भोमासुर ने इतनी कन्याओं का हरण कर बंदी बनाया था। कृष्ण ने भोमासुर का वध किया। कन्याओं ने कृष्ण से कहा कि वह सभी घर कैसे जाएं । कौन उन्हें स्वीकार करेगा । ऐसे में उन सभी कन्याओं से श्री कृष्ण ने विवाह किया। देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि अर्जुन पांडेय, उषा पांडेय, विपिन, अभिषेक, डा. ऋचा, पुत्रवधु संजना पांडेय, परशुराम युवा वाहिनी के अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी समेत समिति के सभी सदस्यों ने बेहतर ढंग से भागवत पुराण कथा कार्यक्रम का आयोजन कराने के लिए साधुवाद दिया। संजना पांडेय ने देवकीनंदन ठाकुर के प्रति आभार ज्ञापित किया।

## देवकीनंदन ठाकुर ने निकाली सनातन यात्रा



श्रीमद्भागवत कथा समाप्ति के पश्चात देवकीनंदन ठाकुर ने सनातन यात्रा निकाली। इस दौरान एक खुले कार में देवकीनंदन सवार हुए व यज्ञ परिसर का भ्रमण किया। सनातन यात्रा में उनके साथ बड़ी संख्या में स्त्री-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। साथ ही सनातन को बचाने के लिए ओजपूर्ण नारे लगाए। इसके पूर्व देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि काशी लिया, रामजन्म भूमि लिया अब मथुरा में कृष्ण मंदिर निर्माण व जामा मस्जिद की सीढ़ियों में दबे श्रीकृष्ण के विग्रह को निकालकर मंदिर में स्थापित करने के लिए उनका साथ दें। बता दें कि यज्ञ के अंतिम दिन मंगलवार को भी परिक्रमा के साथ-साथ कथा सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही। समापन पर आयोजित भंडारे में भारी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### पलामू के सिविल सर्जन ने नागरिकों को किया सचेत

# बच्चों में फैल रही सांस की बीमारी 'सारी' को लेकर स्वास्थ्य महकमा अलर्ट



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कोरोना महामारी के लक्षणों से मिलती-जुलती विशेषकर बच्चों में सारी बीमारी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। इसके प्रति विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। 'सारी' एक प्रकार की सांस की बीमारी है। पलामू के सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार ने लोगों से बरतने का आह्वान करते हुए बताया कि यह एक सांस की तकलीफ की बीमारी है। यह बीमारी तेजी से बच्चों में फैल जाती है। इस बीमारी से बचने का सीधा-साधा उपाय है। यदि किसी परिवार में किसी बच्चे को सारी के लक्षण बुखार, सर्दी-खांसी, जुकाम आदि हों तो तथा घरेलू उपचार के बाद भी ठीक नहीं हो रहा हो तो बिना समय गंवाये उसे तत्काल निकट के सरकारी अस्पताल में ले आएं। वहां शिशु विशेषज्ञ से उसका इलाज पूरी तरह अच्छे ढंग से होगा। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के बड़े अधिकारी अतुल गोयल ने भी इस संबंध में झारखंड सरकार स्वास्थ्य विभाग के पास पत्र भेजा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी द्वारा पलामू स्वास्थ्य विभाग को पत्र भेजकर अलर्ट किया गया है। जिसके तहत अस्पतालों में समुचित बेड का प्रबंध करने सहित डॉक्टर और नर्स को भी मुस्तैद रहना है। बीमारी से निपटने के लिए जरूरी दवाइयों का इंतजाम करना है। साथ ही आक्सीजन का भी भंडारण पर्याप्त करना है। सिविल सर्जन ने बताया कि जिले के पांकी, लेस्लीगंज, हुसैनबाद व डालटनगंज में स्थित ऑक्सीजन प्लांटों पर मॉक ड्रिल कर तैयार मोड में रखा गया है। विदित हो कि सारा बीमारी चीन में महामारी का रूप लेती जा रही है। जिस पर विश्व के अन्य देश भी एहतियात बरतना शुरू कर दिये हैं।

## एनसीपी ने अपने नेता साधन दा को दी श्रद्धांजलि

**हरिहरगंज।** बंगाली समिति के अध्यक्ष सह एनसीपी नेता प्रभात रंजन दासगुप्ता उर्फ साधन दा का निधन न सिर्फ बंगाली समाज बल्कि एनसीपी पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। उक्त बातें एनसीपी के प्रदेश संगठन मंत्री विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह तथा पिपरा 20 सूत्री अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह ने उनके श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होकर श्रद्धांजलि सभा के दौरान कही। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में युवा नेता सुनील सिंह, कान्हा सिंह, अभय उर्फ बबलू सिंह, प्रखंड अध्यक्ष जनेश्वर भुइयां, पूर्व मुखिया रामप्रवेश भुइयां, 20 सूत्री उपाध्यक्ष हरिवंश पासवान, संजय सिंह, मिठू सिंह, सीताराम भुइयां, हरि भुइयां, पिंटू सिंह, विवेक चंद्रवंशी, सुरेंद्र राय, प्रहलाद सिंह, भगवती सिंह, लवकुश सिंह, बबलू सिंह,नागेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

# इंजीनियरिंग के विद्यार्थी को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सदर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान गांव के रामाशीष प्रसाद के पुत्र शुभम कुमार को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत ऋण की स्वीकृति प्रदान की गई। शुभम द्वारा शिविर में स्टूडेंट इनफॉरमेशन रिक्वेस्ट फॉर्म भरकर जमा किए जाने के बाद कैंप में ही ऑन-स्पॉट सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को पूर्ण कर लिया गया है। बैंक से जोड़कर उन्हें उच्च शिक्षा हेतु रियायती दर पर ऋण उपलब्ध हो सकेगा। छात्र शुभम कुमार ने बताया कि आर्थिक कमियों के कारण उन्हें इंजीनियरिंग की पढ़ाई में समस्या हो रही थी। कर्ज लेने की नौबत थी। लेकिन गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ मिलने से उन्हें पढ़ाई में आर्थिक मदद मिलेगी। जिससे वह पढ़ाई में बेहतर करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ मिलने से झारखंड राज्य के विद्यार्थियों को पढ़ाई में काफी मदद मिल रही है। छात्र-छात्राएं जो आर्थिक कमियों के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं। आर्थिक मदद मिलने से उनकी राह भी आसान हो रही है। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 15 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण दिया जा रहा है। इसमें 4 लाख तक ऋण पर कोई मार्जिन मनी भी नहीं लगता है। ऋण के लिए प्रोसेसिंग फी भी छात्र-छात्राओं को नहीं देने होते हैं। साथ ही इस योजना के तहत कोई अन्य सिक्योरिटी भी नहीं ली जाती है। इसके लिए छात्र-छात्राओं की पात्रता झारखंड राज्य स्थित मान्यता प्राप्त संस्थान से दसवीं तथा 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक किया गया है।

### मामला भट्ठी मोहल्ले में सेविका के चयन का

# प्रमाण पत्र लेकर चली गईं पर्यवेक्षिका, रोष

**नियमानुसार पर्यवेक्षिका को आमसभा में ही चयनित सेविका को प्रमाणपत्र दिया जाना निर्धारित है : ग्रामीण**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर के वार्ड नंबर-11 के भठ्ठी मुहल्ले में मंगलवार को सेविका पद चयन को लेकर आमसभा आयोजित की गई। इस दौरान मौके पर मौजूद पर्यवेक्षिका द्वारा चयनित सेविका को प्रमाण पत्र दिये बिना चले जाने से नागरिक आक्रोशित हो उठे। सीओ धनंजय गुप्ता व महिला पर्यवेक्षिका किरन कुमारी की उपस्थिति में पोषक क्षेत्र व योग्यता के आधार पर शैलप्रिया का चयन किया गया। बताया जाता हैं कि तस्वीर खिंचवाने के बाद पर्यवेक्षिका द्वारा औबंधिक प्रमाण पत्र चयनित सेविका को नहीं दिया गया। वे अपने साथ लेते गईं। जिसके कारण लोगों में काफी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि नियमानुसार पर्यवेक्षिका को आमसभा में ही चयनित सेविका को प्रमाणपत्र दिया जाना निर्धारित है। इसके बाद भी साथ में फोटो खिंचवाकर पर्यवेक्षिका का चले जाना समझ से परे है। बताया जाता है कि पर्यवेक्षिका ने उनके आवास पर आकर प्रमाण पत्र ले जाने की बात कही है। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि श्रवण कुमार, लीलावती देवी, उदय अजीत कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## परेशानी

### एबीवीपी ने जताया रोष, आंदोलन की दी चेतावनी

# अधिकारी विहीन एनपीयू के विद्यार्थियों का भविष्य अधर में

**अधिकारियों के न आने से छात्र डिग्री व माइग्रेशन के लिए भटक रहे हैं : विनीत पांडेय**

**विश्वविद्यालय में छात्रों को मूलभूत सुविधा भी उपलब्ध नहीं हो पा रही है**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर गहरा रोष जताया है। परिषद के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडेय ने आरोप लगाया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय की स्थिति अत्यंत ही दयनीय है। विश्वविद्यालय के अधिकारी विहीन होने की वजह से छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। विश्वविद्यालय में पदस्थ अधिकारियों की उपस्थिति भी नगण्य है। अधिकारियों के न आने से छात्र डिग्री व माइग्रेशन के लिए भटक रहे हैं। व्याप्त शैक्षणिक अराजकता का आलम यह है कि छात्रों की बातों को सुनने वाला भी कोई नहीं है। एनसीसीएफ नामक कंपनी की कारगुजारी बढ़ते जाने से छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। प्रदेश सह मंत्री निशांत चतुर्वेदी ने कहा कि विश्वविद्यालय में छात्रों को मूलभूत सुविधा भी उपलब्ध नहीं हो पा रही है। विश्वविद्यालय संयोजक मंजूल शुक्ला ने कहा कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालय में शिक्षकों की घोर कमी है। पदाधिकारियों ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन के विरुद्ध विद्यार्थी परिषद जल्द ही बड़े आंदोलन की तैयारी करेगी। इस अवसर पर परिषद के सोशल मीडिया प्रमुख रोहित देव दुबे,प्रदेश खेलकूद प्रमुख अभय वर्मा, प्रदेश लॉज प्रमुख रमाशंकर पासवान, विभाग संयोजक गोविंद मेहता, जिला संयोजक सूमित पाठक, जिला सोशल मीडिया प्रमुख राजन कश्यप, गीतांजली कूमारी, रोहित गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### खरौंधी थाना प्रभारी के नेतृत्व में चला वाहन चेकिंग अभियान, 6 वाहन जब्त



**खरौंधी।** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर सोमवार को खरौंधी पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। खरौंधी थाना के समीप खरौंधी थाना प्रभारी पंकज सिंदूरिया के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनों दुपहिया तथा चार पहिया वाहनों की जांच की गई। थाना प्रभारी पंकज सिंदूरिया ने बताया कि उच्च पदाधिकारियों के निर्देश पर खरौंधी थाना के समीप लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है ताकि क्राइम की संभावना ना रहे। साथ ही थाना प्रभारी ने बताया उच्च पदाधिकारियों के निर्देश पर खरौंधी में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें दो पहिया वाहन का कागजात, हेलमेट, डिकी, चार पहिया वाहनों का कागजात, सीट बेल्ट एवं उसके डिकी की जांच की जा रही है। आये दिनों सड़क दुर्घटना में तेजी आइ है, जिसमें ज्यादातर घटनाएं दो पहिया वाहनों से हो रही, जिसमें वाहन चालकों द्वारा हेलमेट का उपयोग नहीं करते हैं, जिससे घटना में तेजी आई है। उन्होंने खासकर दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने एवं आवश्यक कागजात लेकर ही घर से निकलने की सलाह दी है। सोमवार को कागजात के अभाव में 6 वाहनों को जब्त कर वाहनों के चालान हेतु परिवहन कार्यालय गढ़वा भेजा गया है।

### सीमेंट-छड़ की दुकान से 2.67 लाख रुपये की चोरी, पुलिस जांच में जुटी



**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के बेलाबार गांव स्थित शिववरण साह के सीमेंट - छड़ दुकान के काउंटर से सोमवार रात्रि में अज्ञात चोरों ने 2 लाख 67 हजार रुपये चोरी कर लिए। घटना की जानकारी के बाद एसआई उस्मान शेख घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की तहकीकात की। उन्होंने दुकान के मैनेजर पंकज कुमार गुप्ता और शिववरण साह के पुत्र रवि कुमार से पूछताछ की, जिसमें बताया गया कि जब हमलोग सुबह 9 बजे पहुंचे तो रूम का दरवाजा खुला था और 2.67 लाख रुपये गायब थे। वहीं झारखंड पब्लिक स्कूल के आफिस से शिक्षिका सुमन कुमारी का सैमसंग कंपनी का मोबाइल फोन भी चोरों ने चोरी कर लिया। पुलिस ने शक जाहिर किया कि वेंटिलेटर के रास्ते चोर घर में घुस गये होंगे। हालांकि पुलिस हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही है।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में महिला समूह को मिला 9 लाख रुपये का चेक



**केतार।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को केतार प्रखंड की परती कुशवानी पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रमुख चंद्रावती देवी, जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, बीडीओ नंदजी राम और मुखिया मुन्नी देवी ने किया। मौके पर प्रमुख ने कहा कि उक्त कार्यक्रम के माध्यम ग्रामीणों की समस्याओं को तत्परता से समाधान किया जायेगा। सरकार की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों तक पहुंचाना कार्यक्रम की प्राथमिकता है। उक्त कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के स्वयं सहायता समूह के महिलाओं को 9 लाख रुपये का चेक भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में राशन पेंशन, अबुआ आवास, पशुपालन, सावित्री बाई फुले किशोरी योजना, मनरेगा, सिंचाई कूप आदि योजनाओं का लाभ लेने के लिए 1136 लोगों ने आवेदन दिया। इसमें सबसे ज्यादा अबुआ आवास के लिए 942, पेंशन 48, राशन 2, आयुष्मान कार्ड 36, मनरेगा 36 सहित अन्य योजनाओं में आवेदन लिया गया।

### रंका की दूधवल पंचायत में हुए आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री मिथिलेश ने कहा

# जहां आने से कतराते थे लोग, वहां पहुंच रही सरकार

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिले के रंका प्रखंड की दूधवल पंचायत के नगारी गांव में मंगलवार को आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर पहुंचे। छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर स्थित नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में जाना जाने वाला इस सुदूरवर्ती गांव में पहली बार पहुंचे जनप्रतिनिधि का लोगों ने ढोल मांदर एवं झूमर नृत्य के साथ फुल बरसाकर स्वागत किया। बता दें कि कार्यक्रम के माध्यम से समाज के अंतिम पंक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से राज्य सरकार गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के द्वार तक प्रशासनिक पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को भेज रही है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि एक समय इस क्षेत्र में जनप्रतिनिधि और प्रशासन के लोग भी आने से कतराते थे, परंतु सरकार की सकारात्मक पहल ने भटके हुए लोगों को भी मुख्यधारा से जोड़ दिया है। सरकार की नीतियों का प्रतिफल है कि सूदूरवर्ती गांव में प्रशासन निर्भीक होकर योजनाओं का लाभ पहुंचाने की नीयत से कैंप लगा रहा है। इस कार्यक्रम से वैसे लोगों को अधिक लाभ मिलेगा जो प्रखंड और जिला का चक्कर लगाने में असमर्थ रहते हैं



या उन्हें योजनाओं की जानकारी नहीं होती है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से लोगों में सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी तथा प्रखंड में हॉवी रहने वाले बिचौलियों से भी लोगों को निजात मिलेगी। पिछले वर्ष इसी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से 368 नए लोगों को पेंशन स्वीकृत हुई थी और लगभग 350 छात्राओं को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ प्राप्त हुआ था। ऐसे ही अनेक विभागों की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचा। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के भेदभाव के कारण राज्य की जनता को आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा था, लेकिन राज्य सरकार ने अपने लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए अबुआ आवास योजना प्रारंभ की है, जिसके तहत प्रथम वर्ष ढाई लाख राज्यवासियों को इसका लाभ दिया जाना है। मंत्री ने पंचायती राज के जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत के जागरूक लोगों से भी अपील करते हुए कहा कि वैसे लोग जिन्हें योजनाओं को प्राप्त करने में जानकारी का अभाव है उन्हें सहयोग कर योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास करें। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार झारखंडियों की भावना के अनुरूप काम कर रही है, जिससे सरकार के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने पंचायत वासियों को बताया कि सिर्फ आपके दुधवल पंचायत में सरकार की 30 करोड़ की योजना चल रही है। इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि पूरे विधानसभा में और राज्य स्तर पर कितने विकास के कार्य धरातल पर उतर रहे होंगे। कार्यक्रम के अंत में मंत्री ने विभिन्न ग्राम वासियों के बीच परी संपत्तियों का वितरण किया। वन विभाग से ले गए फलदार पौधों का विवरण किया गया।

कार्यक्रम में 20सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिप सदस्य प्रमिला देवी, प्रमुख हेमंत लकड़ा, मुखिया इजहार अंसारी, पंचायत समिति सदस्य मुमताज अंसारी, नूरजहां खातून, प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम, 20 सूत्री अध्यक्ष अहमद अली, अंचलाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष आशीष गुप्ता, प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला सचिव मनोज ठाकुर, प्रखंड सचिव इरफान अंसारी, युवा अध्यक्ष दिपक सोनी, विधायक प्रतिनिधि अनिल चंद्रवंशी, पप्पू यादव, शंभू यादव आदि मौजूद थे।

## मंत्री ने पेशका में मुख्यमंत्री के सभा स्थल का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आगामी 30 नवंबर को जिले के पेशका में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसको लेकर जिला प्रशासन तैयारी में जुटा है। पेशाक गांव में भव्य पंडाल बनाया जा रहा है। सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मंगलवार को पेशका पहुंचकर सभा स्थल का जायजा लिया। मंत्री ने कहा कि पूरे राज्य में आपके योजना, आपके अधिकार, आपकी सरकार कार्यक्रम 24 नवंबर से चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पाकुंड से की है। उसी कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 30 नवंबर को गढ़वा में आ रहे हैं। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री बहुत सारी योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास भी करेंगे। सरकार की जो योजना है उसे आम जनता तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार अंतिम व्यक्ति पर विकास पहुंचाने का काम कर रही है। सरकार द्वारा विकास कार्यों को धरातल पर उताने का कार्य किया जा रहा है। मंत्री ने गढ़वा की जनता से अपील किया है कि 30 नवंबर को पेशका पहुंचकर मुख्यमंत्री का भाषण सुनने का काम करें।

### सुरक्षा का रहेगा पुख्ता इंतजाम : एसपी

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। मुख्यमंत्री के सभा स्थल के पास सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जाएगा ताकि किसी भी तरह की कोई दिक्कत न हो। एसपी ने कहा कि सभा स्थल के अलावे विभिन्न जगहों पर पुलिस पदाधिकारी के साथ- साथ जवानों को तैनात किया जाएगा। इस मौके पर डीसी शेखर जमुआर, डीडीसी राजेश कुमार राय, एसडीओ विजय कुमार, एसडीपीओ अवध कुमार यादव, मेराल बीडीओ जागो महतो, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, प्रवक्ता धीरज दूबे, करीब अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## स्कूल वैन व बाइक की टक्कर में एक घायल



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार-कांडी मुख्य पथ पर मंगलवार की सुबह मुकुंदपुर गांव के समीप स्कूल वैन व बाइक की आमने-सामने की टक्कर में बाइक चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार स्कूल वैन भवनाथपुर डीएवी स्कूल के बच्चों को लेने के लिए परसोडीह जा रही थी। इसी क्रम में मुकुंदपुर गांव के समीप तीखी मोड़ पर मोटरसाइकिल चालक अनियंत्रित होकर स्कूल वैन से टकरा गया। मोटरसाइकिल चालक ज्यादा स्पीड में रॉंग साइड में से जा रहा था। इस घटना में बाइक चालक सिंहपुर गांव निवासी शिववरण साह का पुत्र धर्मेंद्र कुमार (22) गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में परिजनों द्वारा युवक को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल युवक को हाथ, पैर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लगी है। इधर एसआई उस्मान सेख घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर थाना ले गये।

## दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत

### दुर्घटना में महिला सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल, दोनों गढ़वा सदर अस्पताल रेफर

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

भवनाथपुर-खरौंधी मुख्य मार्ग पर जिरहुल्ला मोड़ के समीप मंगलवार की शाम दो बाइकों के बीच हुई आमने-सामने की भीषण टक्कर में एक युवक की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक महिला व एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

इस दुर्घटना में मृत युवक का नाम खरौंधी थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदनी गांव के चिरैयाटांड टोला निवासी ऋषि कुमार प्रजापति पिता जवाहिर प्रजापति है। वहीं घायलों में मृत युवक की मां कबूतरी देवी तथा रंका थाना क्षेत्र के दुधवल जून निवासी रामचंद्र सिंह (31), पिता रामवतार सिंह शामिल हैं। दोनों घायलों को 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही थाना के एएसआई मुनेश्वर राम पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे तथा शव



का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजवाया।

ऋषि प्रजापति अपनी मां कबूतरी देवी का इलाज कराने भवनाथपुर आया हुआ था। इलाज कराने के बाद वह अपनी मां को बाइक पर बैठाकर मंगलवार की शाम तीन बजे के करीब अपने घर चंदनी चिरैयाटांड़ लौट रहा था, जबकि रामचंद्र सिंह अपनी बाइक से खरौंधी की ओर से आ रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार दोनों बाइकों की आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई।

### तेज रफ्तार ऑटो पलटा छह लोग हुए घायल

**भवनाथपुर।** प्रखंड मुख्यालय से आगे कपूरी गेट के समीप मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार ऑटो के पलटने से उस पर सवार छह लोग घायल हो गए। घायलों में खरौंधी थाना क्षेत्र के बैतरा गांव निवासी कैलाश राम (60), कबूतरी देवी (45), डोमन राम (75), प्रेमचंद राम (46), पुनीता देवी (27) तथा कैलान के बहेरवाखाडी निवासी चमेली देवी पति अयोध्या भुंइया व गीता देवी (25) शामिल हैं। उक्त सभी घायलों को स्थानीय युवक गुड्डू यादव, अनिल राउत, गोल्डेन, त्रिपुरारी, सोनू व अजित कुमार ने घटनास्थल से उठाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद पुनीता देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार उक्त सभी लोग ऑटो पर सवार होकर खरौंधी थाना के बैतरा गांव से श्रीबंशीधर नगर कोर्ट में जमीन की रजिस्ट्री कराने जा रहे थे। तभी प्रखंड मुख्यालय से आगे कपूरी गेट के पास एक अन्य ऑटो को ओवरटेक करने के दौरान अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही थाना के एएसआई मुनेश्वर राम पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे तथा घायलों से जानकारी लेने के बाद ऑटो को जब्त कर थाना लाया।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 252 आवेदनों का त्वरित निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

बिलासपुर ग्राम स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में मंगलवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, बीडीओ विकास कुमार सिंह, अंचलाधिकारी सुनील कुमार, जिपस बाला रानी, मुखिया अनुराधा देवी ने संयुक्त रूप से किया।

बीडीओ विकास कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड की सभी पंचायतों में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इससे झारखंड सरकार द्वारा संचालित योजना का लाभ लेने के लिए पंचायत के लोगों को प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग अपनी समस्या से संबंधित लिखित आवेदन संबंधित विभाग के स्टॉल पर दें। यथाशीघ्र आपकी समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी। 20सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे ने कहा कि उक्त कार्यक्रम के तहत कई प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की अबुआ आवास योजना लोगों के लिए कल्याणकारी साबित होगी। शिविर में सभी विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाये गये थे। सभी स्टॉलों पर संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। प्रमुख उर्मिला देवी, बीडीओ विकास कुमार सिंह, 20सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, जिपस बाला रानी ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण



किया। कृषि विभाग द्वारा बिलासपुर पंचायत में 50 किसानों के बीच सरसों का बीज भी वितरण किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 931 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 252 आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया, जबकि 679 आवेदन लंबित रहे। जिन विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये उनमें अबुआ आवास योजना के तहत सर्वाधिक 525, आयुष्मान कार्ड के लिए 22, 15 वें वित्त आयोग से एक, मनरेगा नया जॉब कार्ड के लिये 40, राशन कार्ड में संशोधन के लिये 30, धोती साड़ी व लुंगी वितरण के 38, कम्बल वितरण के 34, सर्वजन पेंशन के 10, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 6, किसान क्रेडिट कार्ड योजना के 10, आधार पंजीकरण के 14, स्वच्छता व पेयजल के 23, श्रमधन पोर्टल पर पंजीकरण के 12,आजीविका मिशन के 29, कल्याण विभाग के 28, स्वास्थ्य जांच के 77, जाति प्रमाण पत्र के लिये 7, निवास प्रमाणपत्र के लिये 11 आवेदन प्राप्त हुये। मौके पर पूर्व प्रमुख रविन्द्र पासवान, शिक्षा विभाग बीपीओ तहमीना प्रवीण, पंचायत की मुखिया अनुराधा देवी, कृषि विभाग बीटीएम विजय यादव, प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना स्नेहा सिंह, पंचायती राज कौशल कुमार, प्रखंड, एग्री क्लीनिक समन्वयक सरोज सोनकर, प्रखंड कार्यालय सहायक अनिल कुमार सिंह, अंचल कार्यालय सहायक प्रकाश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र यादव, पल्लवी चौबे, रोहित कुमार आदि उपस्थित थे।

### सीएम के आगमन को झामुमो कार्यकर्ताओं ने की बैठक

**चिनिया।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में प्रखंड की सभी पंचायतों के झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की गई। इसमें पंचायत अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, उप कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी आदि शामिल हुए। बैठक में 30 नवंबर को मेराल थाना अंतर्गत पेशका गांव में होने वाले मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके पर झामुमो प्रखंड सचिव मोहम्मद फारूक, प्रखंड प्रमुख सुनैना देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष मंगरु सिंह, झामुमो नेता आरजू हसन, रामसागर यादव, सतवंत यादव हीरामन सिंह, विधायक प्रतिनिधि गंगेश्वर सिंह, भोला सिंह खरवार, हरिओम यादव आदि मौजूद थे।

### कार्रवाई: कई अनियमितताएं मिलीं, अनुपस्थित रहे कर्मियों के खिलाफ किया शोकॉज जारी

# बीडीओ ने शैक्षणिक संस्थानों का किया औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) राहुल कुमार शानू व सीओ चोनाराम हेम्ब्रम ने मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के कई शैक्षणिक संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उक्त संस्थानों में कई अनियमितताएं पायी गयीं।

सबसे पहले उन्होंने दक्षिण हरिजन टोला आंगनबाड़ी केंद्र डंडई पहुंचे, जो बंद पाया गया। इसको लेकर सेविका रानी कंचन तथा सहायिका के विरुद्ध शोकॉज जारी किया गया। इसके बाद शिव स्थान आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया, जहां बच्चों की संख्या नगण्य थी। वहीं सेविका, सहायिका ने उपस्थित बच्चों को 11:00 बजे तक किसी प्रकार का पोषाहार नहीं दिया था। इस पर सेविका, सहायिका को बीडीओ ने कड़ी फटकार लगायी और समयानुसार पोषाहार वितरण करने का निर्देश दिया। उसके बाद पश्चिम टोला आंगनबाड़ी केंद्र में जांच के दौरान सहायिका सुनैना देवी अनुपस्थित पायी गयी। वहीं केंद्र में एक भी बच्चा उपस्थित नहीं पाया गया। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र उत्तरवारा टोला में भी एक भी बच्चा उपस्थित नहीं था। इस पर बीडीओ ने शख्त हिदायत देते हुए केंद्र में सुधार लाने




का निर्देश दिया। वहीं केंद्र में अध्यनरत बच्चों के बीच ससमय पोषाहार देने का निर्देश दिया। अंत में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय डंडई की जांच की गयी, जहां बीडीओ ने छात्राओं से पढ़ाई से संबंधित पूछताछ की। छात्राओं ने बताया कि विद्यालय में विषयवार शिक्षक नहीं रहने के कारण सभी विषयों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। साथ ही छात्राओं ने उनसे शिकायत करते हुए कहा कि किसी भी वर्ग कक्ष में लाइट बत्ती की व्यवस्था नहीं है और मेनू के अनुसार छात्राओं को भोजन भी नहीं दिया जाता है। सोने के लिए सभी छात्राओं के पास चारपाई की भी व्यवस्था नहीं है, जिससे ठंड के दिनों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जांच के दौरान कस्तूरबा विद्यालय के वार्डन तनुजा कुमारी छुट्टी पर थी, जिस कारण उन्हें अगले दिन कार्यालय आकर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया। इसके बाद नव प्राथमिक विद्यालय ढ़ोरही टोला करके और उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय करके के विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया, जहां पर दोनों विद्यालय के शिक्षक गायब मिले तथा प्राथमिक विद्यालय में रसोईया द्वारा गैस के बजाय तिल के मकाठी से खाना बनाया जा रहा था, जिसे देख बीडीओ ने काफी फटकार लगायी। मेनू के अनुसार खाना भी नहीं बना था और दाल में सिर्फ हल्दी और पानी दिखाई पड़ रहा था। इस पर रसोइयों को भी बीडीओ ने फटकार लगायी और भोजन की गुणवत्ता में सुधार लाने का निर्देश दिया।

## शिविर में उपभोक्ताओं ने 1 लाख 70 हजार किये जमा

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**


प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में मंगलवार को गढ़वा बिजली विभाग द्वारा बिजली बिल वसूली को लेकर प्रखंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं से 170000 रुपये की वसूली की गई। बिजली विभाग के एसडीओ पप्पू कुमार ने बताया कि चिनिया प्रखंड में बिजली बिल जमा को लेकर प्रत्येक महीने की 28 तारीख को प्रखंड स्तरीय शिविर लगाया जाता है, जिससे आम कनेक्शन धारियों के लिए सुविधा होती है। बकायेदार कनेक्शनधारी बिजली का बिल जल्द जमा करें। किसी उपभोक्ता



की 5000 रुपये से ऊपर बिजली बिल की राशि बाकी रहने पर कनेक्शन काट दिया जाएगा। विभाग द्वारा पैसे की भी वसूली की जाएगी। मौके पर बिजली विभाग के एसडीओ पप्पू कुमार, सिकंदर कुमार, कैशियर मुनेश कुमार, तैयब अंसारी, बिजली कर्मी सिंमत चंद्रवंशी तम्जिद मंसूरी, रघुनंदन सिंह, सत्येंद्र यादव उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### नक्सली प्रदीप सिंह के परिजनों ने न्यायालय से लगाई न्याय की गुहार



**लातेहार।** भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के सबजोनल कमांडर प्रदीप सिंह के परिजनों ने न्यायालय में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। दिये गये आवेदन में उपेंद्र सिंह ने आरोप लगाया है कि उसके पुत्र प्रदीप सिंह को लातेहार पुलिस ने 28 अक्टूबर को करीब 11:00 बजे दिन में उठा लिया गया था। इस मामले को लेकर गांव के कई गणमान्य लोग लातेहार थाना गए थे परंतु थाना प्रभारी ने गाली-गलौज कर के भगा दिया। कहा कि प्रदीप सिंह को यहां नहीं रखा गया है। उपेंद्र सिंह ने कहा कि लातेहार थाना द्वारा पकड़कर लाते समय पूरा गांव प्रत्यक्षदर्शी है। हमलोग कुछ दिनों तक थाने में घर से खाना बनाकर ले जाते थे। आवेदन में यह भी लिखा है कि शंका है कि हमारे पुत्र प्रदीप सिंह के साथ कोई घटना का अंजाम दे दिया गया हो। उपरोक्त मामले की जांच पुलिस अधीक्षक लातेहार द्वारा करवाते हुए जांच रिपोर्ट न्यायालय में अतिशीघ्र दाखिल करने का आदेश पारित किया जाए तथा प्रदीप सिंह को न्यायालय में प्रस्तुत किया जाए।

### योग प्रशिक्षक ने असहायों को कपड़े बांटे



**चंदवा।** योग प्रशिक्षक कृष्ण कुमार ने मंगलवार को चंदवा प्रखंड के लाधूप पंचायत अन्तर्गत हेसला गांव में अपने निजी खर्च से 45 असहायों के बीच स्वेटर, कम्बल का वितरण किया। कुमार ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। कड़ाके की ठंड में राहत पहुंचाना पुनीत कार्य है। मेरा यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा। वहीं इस ठंड में गर्म कपड़े पाकर बच्चे व बुजुर्ग काफी प्रसन्न दिखे। उन्होंने कृष्ण कुमार को इसके लिए धन्यवाद दिया और कहा कि समाज में बहुत कम ऐसे लोग हैं जो समय पर लोगों की मदद किया करते हैं।

### कूपा में किसान गोष्ठी का आयोजन

**खरौंधी(गढ़वा)।** खरौंधी प्रखंड के कुपा पंचायत सचिवालय के सभागार में मंगलवार को मुखिया प्रमोद राम की उपस्थिति में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें प्रखंड तकनीकी प्रबंधक संतोष कुमार पाल द्वारा रवि एवं खरीब मौसम के फसल में झारखंड सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर किसान मित्र अनुज चौधरी, उपमुखिया सूर्यदेव चौधरी, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि केतवारु सिंह, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि अरविंद मेहता, विकास पटेल, कैलाश साह, नारायण राम, विजय विश्वकर्मा, रामबहाल राम, कुसमती देवी, धनवंत प्रसाद गुप्ता, सिकेश कुमार पटेल, मुनिप राम, शंकर प्रसाद गुप्ता, विद्याधर चौधरी, धर्मेंद्र यादव, विकास विश्वकर्मा, हरिचरण यादव, अवधेश प्रसाद गुप्ता, तुलसी कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

### जनता दरबार में उपायुक्त अबु इमरान लोगों की समस्याओं से हुए अवगत



**चतरा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन, आवास, मनरेगा, एनटीपीसी व शिक्षा विभाग आदि से संबंधित मामले आए। उपायुक्त ने एक-एक कर आवेदन का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन का भरोसा दिया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार व शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण करते हैं।

### आठ लाख की लागत से नगर पंचायत ने कराया था निर्माण, नगर प्रशासक बोले-संवेदक 6 माह तक करेगा मेंटनेंस

# दो महीने में ही केश्वर बांध पीसीसी सड़क में आ गई दरार

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
शहर के केश्वर अहरा बांध पीसीसी सड़क में दो माह में ही दरार आ गयी। तकरीबन आठ लाख रुपये की लागत से नगर पंचायत के द्वारा इस सड़क का निर्माण कराया गया है। संवेदक आफताब खुस्तर के द्वारा उक्त पीसीसी सड़क का निर्माण कराया गया है। लेकिन मात्र दो माह में ही पीसीसी सड़क में दरार आ जाने से लोग अचंभित हैं। लोगों का कहना है कि इस पीसीसी सड़क निर्माण योजना में प्रारंभ से ही अनियमितता बरती गयी है। पीसीसी की ढलाई किये जाने के बाद सड़क में सही ढंग से क्यूरिंग नहीं की गयी और इसका नतीजा यह हुआ कि सड़क में दो महीने में ही सड़क में दरार आ गयी।

#### आवंटन के अभाव में बंद था मरम्मत का काम

बता दें कि साल 2022 में ही इस सड़क निर्माण के लिए टेंडर निकाला गया था और यह फाइनल भी हो चुका था। संवेदक ने पीसीसी सड़क मरम्मति के लिए योजना स्थल पर बालू भी गिरा



दिया था, लेकिन आवंटन के अभाव में मरम्मत कार्य शुरू नहीं हो पा रहा था। बाद में इस साल अक्टूबर में इस सड़क का निर्माण कार्य पूरा कराया गया। पिछले 20 नवंबर को इस सड़क निर्माण की अंतिम मापी करायी गयी थी।

#### सदर अस्पताल व समाहरणालय पहुंचने का शार्टकट रास्ता

बता दें कि यह पीसीसी पथ बाइपास चौक से बस स्टैंड, सदर अस्पताल, कोर्ट-कचहरी, डीसी ऑफिस और सब्जी मार्केट जाने का एक शॉर्ट-कट रास्ता है। इस पथ से हर दिन सैकड़ों छोटे वाहनों की आवाजाही होती है, लेकिन सड़क जर्जर होने के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। पब्लिक डिमांड पर इस सड़क को बनाया गया, लेकिन सड़क निर्माण की घटिया गुणवत्ता के कारण सड़क में दरार पड़ गयी।

#### संवेदक को करना होगा मेंटनेंस : नगर प्रशासक

नगर प्रशासक राजीव रंजन ने पूछे जाने पर बताया कि संवेदक को इसका मेंटनेंस करना होगा। उन्होंने कहा कि कम से कम छह माह तक संवेदक को मेंटनेंस करना होता है। एग्रीमेंट में इसका प्रावधान किया रहता है।

# 3665 आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन

### चतरा जिले के 9 प्रखंडों की 10 पंचायतों में हुए सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में 9067 आवेदन हुए प्राप्त

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
मंगलवार को जिले के सदर प्रखंड के डाढ़ा पंचायत, कान्हाचट्टी के कोल्हैया, इटखोरी के धुना, मयूरहर के फुलांग, सिमरिया के जबड़ा, टंडवा के धनगडा, प्रतापपुर के भरही, हंटरगंज के मिरपुर व नावाडीह तथा कुंदा प्रखंड के कुंदा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पंचायतों में लगाए गए शिविरों में विभिन्न योजनाओं के लाभ हेतु हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने आवेदन किये। इनमें से कई का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। मंगलवार को भरही पंचायत में में 878 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 563 का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। सबसे अधिक 334 आवेदन अबुआ आवास योजना के लिए प्राप्त हुए हैं। डाढ़ा पंचायत में 1010 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 454 का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। अबुआ आवास में 600 आवेदन जमा हुए। कुंदा पंचायत में 1646 आवेदन आए जिनमें 500 का निष्पादन किया गया। जबड़ा पंचायत में आए 1286 आवेदनों में 352 का मौके पर निष्पादन किया गया। 855 आवेदन अबुआ आवास के लिए प्राप्त हुए। कोल्हैया पंचायत में आए 906 आवेदनों में 384 का निष्पादन किया गया। 512 अबुआ



आवास के आवेदन आए। धनगडा पंचायत में आए 891 आवेदन में 231 का निष्पादन किया गया। नावाडीह पंचायत में आए 605 आवेदन में 27 का निष्पादन किया गया। सबसे अधिक 527 आवेदन अबुआ आवास के लिए प्राप्त हुए। धुना पंचायत में आए 671 आवेदनों में 315 का निष्पादन किया गया। फुलांग पंचायत में 1174 आवेदन आए, जिसमें 837 का निष्पादन किया गया। अबुआ आवास के लिए 700 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बुधवार को गिद्धौर प्रखंड के बारीसाखी पंचायत, पत्थलगडा के बरवाडीह, लावालौंग के सिलदाग, हंटरगंज के खुटीकेवाल खुर्द, नगर परिषद में वार्ड विकास केंद्र ट्रेन्चिंग ग्राउंड वार्ड 3 में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

#### 891 आवेदनों में 231 का ऑन द स्पॉट निष्पादन

**टंडवा।** प्रखंड की धनगड्डा पंचायत में मंगलवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन बीडीओ देवलाल उरांव, सीओ राजेंद्र दास व बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव ने किया। बीडीओ ने बताया कि अबुआ आवास, सर्वजन पेंशन योजना, भूमि सुधार, बिरसा सिंचाई कूप योजना, मत्स्य विभाग, कृषि विभाग, किसान क्रेडिट कार्ड, पेयजल योजना आदि से जुड़े कुल 891 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 231 का ऑन द स्पॉट निपटारा किया गया। शेष आवेदनों को एक सप्ताह के अंदर निष्पादन के लिए प्राथमिकता सूची में रखा गया है।

#### शिविर में अबुआ आवास के आवेदन के लिए उमड़ी भीड़

**कुंदा।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को कुंदा प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार टांड में पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रमुख कमला देवी, बीडीओ विपिन कुमार भारती, बीपीओ अजय सिन्हा, मुखिया मनोज कुमार साहू, बीस सूत्री अध्यक्ष ब्रमदेव सिंह भोक्ता, उप प्रमुख सतेंद्र साव व जयराम भारती ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में जेएसएलपीएस के सखी मंडल के बीच 15 लाख रुपये का ऋण व सहायता राशि का वितरण किया गया। दूसरी ओर कार्यक्रम में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कर्मी गायब रहे, जबकि अबुआ आवास के आवेदन करने के लिए सर्वाधिक ग्रामीण पहुंचे थे। मुखिया ने जरूरमंदों के बीच सैकड़ों कंबल का वितरण किया। शिविर में पंचायत सेवक रामजी साव, रोजगार सेवक मुसाफिर यादव, वार्ड सदस्य रविशंकर वर्मा, वनरक्षी मुकेश कुमार, मनरेगा, पेंशन, आवास कंप्यूटर ऑपरेटर, सभी सीएससी, बीएफटी, स्वयं सेवक, जनसेवक मौजूद थे।

## हाथियों ने कई किसानों के धान की फसल की बर्बाद

### शाम ढलते ही गांव में हो जाता है जंगली हाथियों का प्रवेश

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत माल्हन पंचायत के माल्हन, केकराही और मरमर गांव में सोमवार रात जंगली हाथियों ने दर्जनों किसानों के खेत में लगे धान की फसल को बर्बाद कर दिया है। जंगली हाथियों द्वारा पहुंचाये गए नुकसान की सूचना मिलते ही स्थानीय मुखिया जतरू कुमार मुंडा भूक्त भोगी किसानों से मिल घटना की जानकारी ली। उन्होंने हाथियों द्वारा पहुंचाए गए नुकसान पर वन विभाग से मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया है।



मुखिया जतरु मुंडा ने कहा कि प्रतिदिन शाम ढलते ही गांव में जंगली हाथियों का प्रवेश होता है। विकट परिस्थितियों में बहुत मेहनत के बाद किसान धान की फसल लगा पाए हैं और जब धान काटकर भंडारण करने का समय आया है तो जंगली हाथियों के द्वारा फसल नष्ट एवं बर्बाद कर किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। ऐसे में किसान मदद मांगने आखिर किसके पास जाए। बीते कई वर्षों से हाथी क्षेत्र में उत्पात मचा रहे हैं, लेकिन वन विभाग द्वारा अबतक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। वन विभाग अगर जल्द ही इस विषय पर उचित कदम नहीं उठाता है तो मजबूरन किसानों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। मौके पर भीम गंझू, लालजी गंझू,अर्जून गंझु, लंगड़ा गंझू, पुजरा गंझू, शिबू लोहरा, बुधन लोहरा, दिलीप गंझू,भीम गंझु, हरिबंस गंझू आदि मौजूद थे।

## कंप्यूटर ऑपरेटर के विरुद्ध डीसी-डीडीसी से शिकायत

### ग्रामीणों ने की अविलंब हटाने की मांग, बीडीओ ने कहा, बीपीओ से की गई है जांच रिपोर्ट की मांग

**शशि पाठक। टंडवा (चतरा)**
टंडवा प्रखंड क्षेत्र में संचालित दर्जनों आवास योजना के लाभुकों द्वारा श्रमिकों की मजदूरी में गड़बड़ी संबंधित मामला पिछले दिनों सोशल ऑडिट व बीस सूत्री की बैठक में भी सामने आने के बाद कंप्यूटर ऑपरेटर के विरुद्ध शिकायत की गई है। इस संदर्भ में डहू पंचायत के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने उपायुक्त व उपविकास आयुक्त को लिखित आवेदन देकर पिछले दस वर्षों से जमे मनरेगा ऑपरेटर अभिषेक सिन्हा पर फर्जीवाड़ा व रिश्वतखोरी का गंभीर आरोप लगाते हुए अविलंब हटाने की मांग की है।

आवेदन में बताया गया है कि ऑपरेटर द्वारा प्रत्येक एफटीओ में अवैध रूप से 1 हजार रुपये लिये जाते हैं। नहीं देने पर डिमांड को हीं रद्द कर दिया जाता है। इसके साथ ही डहू निवासी कौशल्या देवी पति जगदीश महतो आवास आइडी जेएच 142993246 में मजदूरी के तौर पर लाभुक के खाते में महज 3825 डाले गये जबकि शेष रुपया गंगिया देवी के खाते में डालने की बातें कही गई हैं। दिलचस्प बात तो यह है कि लाभुक उक्त महिला की पहचान तक की नहीं है। वहीं दीदी बाड़ी योजना में भी उक्त आपरेटर द्वारा धांधली बरतने के आरोप लगाये गये हैं। मामले में पूछे जाने पर बीडीओ देवलाल उरांव ने बताया कि भुक्तभोगियों से प्राप्त शिकायत के आलोक में बीपीओ से जांज रिपोर्ट की मांग की गई है, जिसके आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। शिकायत पत्र में पंसस आशा देवी, वार्ड सदस्या पूजा कुमारी, वार्ड सदस्य रंजीत कुमार, वार्ड सदस्य ललिता देवी, वार्ड सदस्य प्रमेश्वर उरांव, ग्रामीण श्रवण यादव, जयंती कुमारी, चरण महतो, सुलेन्द्र महतो, जयलाल उरांव, धर्मेन्द्र उरांव आदि ने हस्ताक्षर किया है।

## कुत्तों का आतंक, दो दिन में 14 लोगों को काटा



**लातेहार।** इन दिनों डॉग बाइट के मामलों मे बढ़ोतरी देखी जा रही है। शहर के पानी टंकी व कचहरी के पास कुत्तों का आंतक है। इन क्षेत्रों में पिछले दो दिनों में कुत्तों ने 14 लोगों को काटा है। रविवार को नौ लोगों को जबकि सोमवार को पांच लोगों को कुत्तों ने काट लिया। सभी को सदर अस्पताल में एंटी रेबिज का इंजेक्शन लगाया गया। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अखिलेश्वर प्रसाद ने बताया कि पिछले दो तीन दिनों में डॉग बाइट के केसों में वृद्धि देखी जा रही है। डॉग बाइट के शिकार दीपक कुमार, शांति देवी, कमल कुमार, विवेक कुमार और रिया कुमारी ने बताया कि वे अपने घर से निकलकर बाजार जा रहे थे। इसी क्रम में पानी टंकी के पास कुत्तों ने पीछे से आकर उन्हें काट लिया। उन्होंने बताया कि कुत्ते देखने में सामान्य लग रहे थे, लेकिन उनके पागल होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

## बैठक में स्वास्थ्य सहियाओं को दिए गए कई दिशा निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप में बालूमाथ सीएचसी प्रभारी डॉ अशोक बड़ाइक के निर्देशानुसार स्वास्थ्य सहियाओं के साथ बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से परिवार नियोजन पर चर्चा करते हुए



बीटीटी हीरामन पांडेय व दिलीप दांगी, शांति देवी ने बताया कि प्रत्येक क्लस्टर से कम से कम 40 महिला व एक पुरुषों को बंध्याकरण करवाना अनिवार्य है।

वहीं स्वास्थ्य सहियाओं के साथ अपने-अपने कार्य क्षेत्र का भी एचएनसी, संस्थागत प्रसव, एएनसी, पीएलए बैठक टीकाकरण सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की गई। चर्चा के दौरान कार्य से संबंधित कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये गये। साथ ही बताया कि 30 नवंबर को बालूमाथ सीएचसी केंद्र भवन में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी बीमारियों का निशुल्क इलाज व दवा उपलब्ध किया जाएगा। बालूमाथ, बारियातु व हेरंज प्रखंड की सभी सहियाओं को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि आप अपने कार्यक्षेत्र से कम से कम पांच मरीज को चिन्हित करते हुए स्वास्थ्य मेला में लाकर निशुल्क दवा और इलाज का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। मौके पर बीपीएम मृत्युंजय कुमार, सहिया साथी गौरी देवी, रेखा देवी माया देवी, सईया की किरन्ति देवी, पूनम देवी, हलीमा खातून, सुनीता देवी, पार्वती देवी आदि उपस्थित थे।

## विधिक सहायता केंद्र ने जागरूकता अभियान चलाया

**सिमरिया (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव प्रज्ञा बाजपेई के दिशा निर्देशन में मंगलवार को विधिक सहायता केंद्र सिमरिया के तत्वाधान में जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत सिमरिया प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिपराडीहन में विधिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद और रंजन कुमार मिश्रा के संयुक्त नेतृत्व में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही प्रभात फेरी निकालकर विशेष कर महिला, बच्चों और दिव्यांगों को चलाए जा रहे जनकल्याण जानकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य ने बच्चों को साइबर क्राइम की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी परिस्थिति में बैंक के अधिकारी फोन कर खाता से संबंधित जानकारी नहीं मांगते। ऐसा साइबर क्रिमिनल करते हैं। अतः अपने अकाउंट से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी फोन पर नहीं दें और ना ही ओटीपी किसी से शेयर करें।

### पहल डीसी ने मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर गिद्धौर, चतरा व पत्थलगडा प्रखंड में शिविरों का किया निरीक्षण

# 'शत प्रतिशत बिरहोर परिवारों को मतदाता सूची में करें शामिल'

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/गिद्धौर/पत्थलगड़ा**
मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत जिले भर में बिरहोर व आदिम जनजाति समुदाय के लोगों को मतदाता सूची में शामिल करने हेतु विशेष कैंप का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान ने चतरा प्रखंड के ग्राम चटनियां पहुंच कैंप का निरीक्षण किया। वहीं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी व बीएलओ से अभी तक भरे गए फार्म 6 की विस्तृत जानकारी ली।

वहीं बढ़ते ठंड को देखते हुए बिरहोर परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया। उपायुक्त ने बिरहोर परिवारों के स्वास्थ्य जांच हेतु प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा लगाए



गए स्वास्थ्य जांच कैंप का जायजा लेने के साथ उपलब्ध दवाओं की जांच कर कैंप में बिरहोर परिवारों का स्वास्थ्य जांच शत प्रतिशत करने और गंभीर बीमारी वालों को अविलंब सदर अस्पताल रेफर करते हुए समुचित इलाज कराने का निर्देश दिया। इसके पश्चात गिद्धौर प्रखंड के जपुआ बिरहो टोला पहुंच बीएलओ द्वारा नए मतदाता को जोड़ने हेतु किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और बिरहोर परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया। पत्थलगडा प्रखंड के बरवाडीह पंचायत के शीतलपुर बिरहोर टोला में पहुंच उपायुक्त ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत किए जा रहे कार्यों का जाया लेने के उपरांत उन्होंने बिरहोर परिवारों के बीच कंबल एवं धोती-साड़ी योजना के तहत धोती एवं साड़ी का वितरण किया। गिद्धौर में निरीक्षण के दौरान बीडीओ हरिनाथ महतो, पंचायत सचिव दिगम्बर पांडेय, उज्जवल सिंह, बीपीओ रामकुमार सिंह, सहायक अभियंता मनोज कुमार, कनीय अभियंता सचिन दत्त शर्मा, पत्थलगड़ा में बीडीओ मोनी कुमारी, बीपीओ राजेश्वर कुमार, मुखिया संदीप कुमार सुमन उर्फ महेश दांगी, पंचायत सचिव मोहम्मद असलम, अनिल कुमार, विकास कुमार आदि शामिल थे।

### उपायुक्त अबु इमरान ने गिद्धौर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**चतरा।** मंगलवार को उपायुक्त अबु इमरान ने गिद्धौर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में प्रखंड सह



अंचल कार्यालय की साफ-सफाई, पेंयजल व्यवस्था, पदाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति की जांच कर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि सभी पदाधिकारी एवं कर्मी कार्यालय में समय पर उपस्थित रह कर अपने-अपने कार्यो का निष्पादन करेंगे। वहीं प्रखंड मुख्यालय में आये हुए आम जन से मिलकर उनकी समस्याओं से भी उपायुक्त अवगत होने के साथ पदाधिकारियों व कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया।

## बच्चों के बीच स्वेटर वितरित नहीं होने पर जताई नाराजगी

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय चटुआग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के बीच स्वेटर वितरण नहीं होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह से इलाके में ठंड गिरने के साथ कनकनी बढ़ी हुई है। यह पहाड़ी क्षेत्र है। स्कूल में बच्चे ठंड से ठिठुर रहे हैं। शिक्षकों को निर्देश दिया है कि स्कूल के छात्र-छात्राओं के बीच जल्द से जल्द स्वेटर का वितरण किया जाये। अयुब खान ने बताया कि स्कूल में तीन शिक्षकों मे दो अजीत कुमार सिंह, रुपाली सुमन विद्यालय में उपस्थित थे। प्राध्यापक बीनोद राम के बारे में बताया गया कि वह दो दिनों की छुट्टी में हैं। अयुब खान ने हेडमास्टर से फोन पर बात कर उन्हें भी स्वेटर वितरित करने की बात कही। शिक्षकों ने बताया कि



स्कूल में तीन कमरे हैं। इनमें एक आफिस है, दो कमरों में पढ़ाई का कार्य चल रहा है, एक से आठ तक के बच्चे यहां पठन पाठन कर रहे हैं, 152 नामांकित बच्चों में 120 बच्चे उपस्थित पाए गए, शौचालय जरजर अवस्था में है, शिक्षकों के चार पद हैं, जिनमें एक रिक्त है। उन्होंने कहा कि स्वेटर वितरित करने के लिए शिक्षा विभाग ने फंड एक सप्ताह पहले ही उपलब्ध करा दिया है। इसके बावजूद बच्चे ठंड से ठिठुर रहे हैं। जल्द ही स्कूल के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण नहीं किया गया तो इसकी शिकायत जिला प्रशासन से की जाएगी।

## गागर में सागर

### आग लगने से धान जल कर हुआ राख



**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र की अरु पंचायत अन्तर्गत कल्हेपाट ग्राम निवासी नंदलाल साहू का एक ट्रक धान खलिहान में रखा हुआ था, जिसमें असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी। आग लगने से सारा धान जल कर राख हो गया। साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर परिवार के साथ गुमला जिला अन्तर्गत बिशुनपुर मेला गये हुए थे। लौट कर रात में सो गये। आग लगने की घटना के बारे में सुबह पड़ोसियों से जानकारी मिली। कहा कि आर्थिक नुकसान पंहुचाने के उद्देश्य से उक्त घटना को अंजाम दिया गया। अग्निशमन गाड़ी द्वारा आग को बुझाया गया। गरीब किसान को लगभग 50 हजार रुपये का आर्थिक नुकसान होने की बात बताई जा रही है। धान जल जाने से परिवार का पालन पोषण की चिंता गरीब किसान को रही है।

### गढ़वा में वीआईपी की संकल्प यात्रा के तहत जनसभा का आयोजन 1 को



**गढ़वा।** विकासशील इंसान पार्टी की निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा को लेकर पार्टी सुप्रीमो एवं पूर्व मंत्री बिहार सरकार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी का आगमन 1 दिसंबर को डंडा प्रखंड के छपरदगा गांव स्थित रजई विजय के मैदान में अपराह्न 11:00 बजे होगा। इसकी जानकारी मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर राजकुमार चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदेव चौधरी, प्रदेश सचिव मनदीप मल्लाह ने संयुक्त रूप से एक होटल में प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश में आरक्षण संकल्प यात्रा चल रही है। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिले में आरक्षण संकल्प यात्रा में गढ़वा, पलामू के निषाद समाज की सभी उपजातियों के काफी संख्या में लोग भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा का आरंभ 25 जुलाई को किया गया था। बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के लगभग 80 जिलों में 135 दिनों की लगातार यात्रा पूर्व मंत्री मुकेश सहनी कर रहे हैं। इसमें समाज के हक और अधिकार के लिए एकजुट होने का आह्वान कर रहे हैं। पार्टी सुप्रीमो का उद्देश्य है कि तीनों राज्यों में निषादों को अनुसूचित जाति में शामिल किया जाए। उन्होंने बताया कि सहनी द्वारा आरक्षण नहीं तो गठबंधन नहीं, गठबंधन नहीं तो वोट नहीं के नारे के साथ समाज को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व मंत्री मुकेश साहनी हेलीकॉप्टर से गढ़वा, पलामू में निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि निषाद समाज की यह ऐतिहासिक जनसभा रहेगी। मौके पर पलामू जिला अध्यक्ष भरदुल चौधरी, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष उत्तम चौधरी, डंडा प्रखंडअध्यक्ष शैलेश मेहता आदि मौजूद थे।

### बीडीओ ने बीएलओ के साथ की बैठक



**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखंड अंतर्गत मतदान केन्द्र संख्या 01 से 48 तक के बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ बीडीओ रविन्द्र कुमार ने बैठक किया। बीडीओ ने बीएलओ से पूछताछ कर अबतक हुए कार्यो की जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने बीएलओ को छुटे हुए मतदाताओं का शतप्रतिशत नाम जोड़ने का निर्देश दिया। बीएलओ को अपने मोबाइल के माध्यम से मतदान केन्द्र में उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओ को अपडेट करने तथा मतदाताओं के सत्यापन करने, बीएलओ एप के माध्यम से सभी योग्य व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिये प्रपत्र 6 भरने का निर्देश दिया।आधार सीडिंग के लिए 6इ प्रपत्र भरने, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के लिए प्रपत्र 7 भरने,नाम,आयु, आदि के सुधार हेतु प्रपत्र 8 भरने की विस्तृत जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने जल्द सभी योग्य मतदाताओं का पंजीकरण करने, पहचान पत्र बनवाने आदि पर गहनता से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।बैठक में जीपीएस उमेश कुमार,पर्यवेक्षक बिनोद पासवान, कपिलदेव सिंह,वसीम अकरम, नीतीश कुमार,बीएलओ सुनैना देवी,पूनम देवी,करिश्मा बानो, उर्मिला देवी,ममता देवी,हेमवती देवी,,मिना देवी,मधु देवीकिरण देवी,,नीतू देवी,संध्या देवी सहित सभी बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 80187 लाभुकों के बीच 132.74 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति का किया वितरण

# वर्तमान सरकार को सौ में सौ नंबर : डॉ. उरांव

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कुडू प्रखंड के चिरी ग्राम स्थित खेल मैदान में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में जिले के 80187 लाभुकों के बीच 132.74 करोड़ रुपये की राशि की परिसंपत्ति का वितरण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 133.36 करोड़ रुपये की 21 योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन रिमोट का बटन दबाकर किया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता समेत सभी विभागों के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की ओर से कुल 40 स्टॉल लगाये गये थे। कार्यक्रम के अंत में जिला प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री व अतिथियों को स्मृति चिह्न प्रदान किया गया।





झारखंड सरकार के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि वर्तमान सरकार बहुत बेहतरीन कार्य कर रही है। सरकार को सौ में सौ अंक मिलने चाहिए। वर्तमान सरकार आपूर्ति विभाग अंतर्गत राशन कार्डधारियों को अब चावल के साथ दाल भी दे रही है। यहां के आदिवासी-मूलवासियों की आत्मा अखड़ा में बसती है। सरकार सभी गांवों में अखड़ा निर्माण करा रही है। सरना धर्म कोड को विधानसभा से पारित कर सरकार ने लागू करने का प्रयास किया है। सर्वे की गड़बड़ी को दूर किया जा रहा है। जिनके पास राशन कार्ड नहीं है, उन्हें हरा राशन कार्ड का लाभ दिया जा रहा है। पूर्व में ऐसा कभी नहीं हुआ।

### सरकार कर रही है सपने को साकार : सत्यानंद

झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार आम लोगों के सपनों को साकार कर रही है। पहले प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए लंबी लाइन लगी होती थी। अब सरकार ने अबुआ आवास देने का पहल की है। इसमें तीन कमरों का पक्का मकान बनाने के लिए राशि दी जा रही है। पारा शिक्षकों और सेविका-सहायिकाओं की समस्याओं का समाधान इस सरकार ने किया है। पथों से गांवों को जोड़ा जा रहा है। श्रमिकों का निबंधन कराया जा रहा है। छात्रवृत्ति और साइकिल का लाभ समय पर छात्रों को दिया जा रहा है। निबंधित श्रमिकों का निःशुल्क इलाज कराया जा रहा है। जिला व प्रखंडों में नियोजन नीति के अंतर्गत 75 प्रतिशत सीटें स्थानीय लोगों से ही भरी जा रही हैं। 2080 बिरसा प्रशिक्षण केंद्र प्रारंभ हुए हैं जहां कौशल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जल जीवन मिशन का लाभ सभी प्रखंडों में दिया जा रहा है।

### बेहतर कार्य कर रही है सरकार : धीरज साहू

राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार बेहतर कार्य रही है। कोरोना के समय बेहतरीन कार्य सरकार ने किया तो पूरे देश में झारखंड का लोहा हर किसी ने माना। सरकार के अच्छे कार्यों की चर्चा सभी ओर हो रही है। आने वाले वर्षों में वर्तमान राज्य सरकार और बेहतर कार्य करेगी।

### एक लाख से ज्यादा आवेदन निष्पादित

कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि बीते वर्ष आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में लोहरदगा जिला से 1 लाख से अधिक आवेदन निष्पादित किये गये। इस बार सरकार ने कई फोकस्ड योजनाएं लायी है जिन पर अधिक से अधिक फोकस कर आवेदन शिविरों में प्राप्त किये जा रहे हैं।

# सामुदायिक भवन व लाइब्रेरी भवन का शिलान्यास





## सभी वर्गों का विकास करना हमारा लक्ष्य : डॉ. उरांव

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने मंगलवार को लोहरदगा हजरत बाबा दुखनशाह मजार के सामने विधायक मद से निर्माण के लिए सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया। वहीं आयशा कच्छी विद्यालय लोहरदगा में विधायक मद से निर्माण हेतु लाइब्रेरी भवन का शिलान्यास किया।

इस मौके पर मंत्री ने कहा कहा कि हमारा प्रयास है कि सभी वर्गों का विकास हो, प्राथमिकता को देखते हुए क्षेत्र में विकास कार्य किए जा रहे हैं। फलस्वरूप विधायक मद से दो कमरों का शिलान्यास किया जा रहा है। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि हमारे द्वारा क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसके साथ-साथ आयशा कच्छी विद्यालय लोहरदगा में विधायक निधि से पुस्तकालय भवन का निर्माण किया जा रहा है, जिससे स्थानीय विद्यार्थी पढ़ाई के माध्यम से अपना भविष्य उज्वल कर सकेंगे। पुस्कालय में मेरी निधि से प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विभिन्न पुस्तकें भी प्रदान की जाएंगी ताकि शैक्षिक विकास के माध्यम से मानव संसाधन का विकास किया जा सके। साहू ने कहा कि लाइब्रेरी भवन बनने से जिले के छात्र शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और जिले राज्य एवं देश का विकास करेंगे। लाइब्रेरी के बनने से युवाओं को चीजों का सही ज्ञान हो सकेगा और प्रतियोगी परीक्षा में इसका लाभ भी मिलेगा। इससे पूर्व बलदेव साहू महाविद्यालय में भी लाइब्रेरी का निर्माण किया गया हमारा प्रयास है। लोहरदगा जिले का चहुमुखी विकास हो, यही मेरा प्रयास है। मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर हाजी अफसर कुरैशी, हाजी अब्दुल जबरुल, वारिस कुरैशी, इकबाल खान, मुजम्मिल अंसारी, सामुल अंसारी, अनिस खान, सत्यदेव भगत, जमील अंसारी, शंभू प्रजापति, हसीन अख्तर मुन्ना, विशाल डुंगडुंग, कैश आलम, असलम अंसारी, फहीम कुरैशी, हाजी सफदर, हाजी अलीमुदिन, फिरोज राही, अफरोज आलम, शेराज अंसारी, तौसीफ आलम, सैफ अहमद, आलमीन अंसारी, रौनक इकबाल, इम्तियाज अंसारी, अली हसन, फारूक अंसारी आदि उपस्थित थे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में रात भर झूमे संगीत प्रेमी

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**




प्रखंड मुख्यालय बस्ती के ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में लगने वाला दो दिवसीय राधा कृष्ण रास महोत्सव जतरा मंगलवार को संपन्न हुआ। सोमवार की शाम ऐतिहासिक रास जतरा के मौके पर आयोजनकर्ता राधा मोहन शर्मा ने नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि थाना प्रभारी गौतम कुमार, राधा मोहन शर्मा, किशोरी मोहन शर्मा, ईश्वरी मोहन शर्मा, मुंसी लाल महतो, अजित अग्रवाल ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि गौतम कुमार ने वहां मौजूद श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जतरा मेला न केवल मनोरंजन के साधन हैं, अपितु ज्ञानवर्द्धन के साधन भी कहे जाते हैं। प्रत्येक मेला का इस देश की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक परंपराओं से जुड़ा होना इस बात का प्रमाण है कि ये मेला जनमानस में एक अपूर्व उल्लास, उमंग तथा मनोरंजन प्रदान करता है। नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत भक्ति वंदना के साथ की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सोहन म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार झारखंड के महसूर हुलास महतो व आरती की जोड़ी ने अपनी एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति से संगीत प्रेमी दर्शकों को रात भर झूमने को मजबूर कर दिया। वहीं कार्यक्रम में मनीष, तमन्ना, डोली, खुसबू आदि कलाकारों द्वारा कई सुंदर मनमोहक नृत्य-संगीत की प्रस्तुति से हजारों दर्शकों का मन माह लिया। ऐतिहासिक रास जतरा में मिठाई, खिलौने व ईख की खूब बिक्री हुई।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 1425 आवेदन किए गए जमा

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आकाशी पंचायत की अकाशी झखरा मैदान में मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बीस सूत्री अध्यक्ष डोमना उरांव, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, मुखिया बीतनी उरांव सहित प्रखंड स्तरीय अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस मौके पर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रखंड के सभी कार्यालय के कर्मी एवं पदाधिकारी आपके द्वारा में आए हैं। आप अपनी समस्याएं या जो भी काम हो बेझिझक हमें बताएं। आपकी समस्याओं का समाधान, आपके आवश्यक कार्यों का निदान तुरंत किया जाएगा। मौके पर पंचायत के ग्रामीणों के द्वारा विभिन्न मुद्दों पर 1425 आवेदन दिये गये, जिनमें अबुआ आवास के लिए 645 आवेदन एवं अन्य मामलों को लेकर 782 आवेदन प्राप्त किये गये। बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि शिविर में प्राप्त आवेदनों की सूची बनाई जा रही है। आवेदनों का सूचीकरण करने के बाद संबंधित विभागों को प्रेषित किया जाएगा ताकि सभी आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई हो सके। मौके पर प्रखंड के विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाये थे।



# ‘कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें’

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड क्षेत्र के बदला पंचायत स्थित जतरा मैदान में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार तृतीय चरण का कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ जिला बाल कल्याण पदाधिकारी विरेन्द्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी, मुखिया सुजीता उरांव द्वारा किया गया।

कार्यक्रम स्थल में अबुवा आवास योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, मनरेगा योजना, राष्ट्रीय खाद्य मिशन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना सहित सरकार द्वारा संचालित अन्य कल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल लगाये गये थे। वहीं जिला बाल कल्याण पदाधिकारी विरेन्द्र कुमार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोग अधिक लें। राज्य की जनता के विकास के लिये सरकार द्वारा विभिन्न तरह की कल्याणकारी योजना चलाई जा रही हैं। सभी जरूरतमंद व्यक्ति लाभ उठायें। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि आप सभी जनता को जिस चीज की आवश्यकता है उसके लिये आवेदन प्रपत्र भर कर संबंधित विभाग के पदाधिकारी के पास आवेदन जमा कर दें। जिस पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा आयुष्मान भारत, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पशुधन योजना, कृषि योजना, मनरेगा योजना के लाभुकों के बीच परिसम्पत्ति का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया सुजीता उरांव, पंचायत सचिव ओमप्रकाश साहू, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी निलेन्द्र कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव उपस्थित थे।



## अनदेखी

### कैरो प्रखंड में सुविधाओं का अभाव, दशकों से जान को खतरे में डाल रहे ग्रामीण

# बांस के पुल का सहारा लेकर नदी पार करते हैं लोग

**शकील अहमद। कैरो**

कैरो प्रखंड को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क लोहरदगा जिले की बदहाली बयां कर रही है। कंदनी नदी में अधूरे बने पड़े पुल, कैरो में लगभग एक दशक से उद्घाटन की बांट जोह रहे अस्पताल भवन अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं। हैरत की बात यह है कि लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। चलने के लिए अच्छी सड़क तक नसीब नहीं। दशकों से ग्रामीणों को जान खतरे में डालकर नदी पार करने के लिए बांस के पुल का सहारा लेना पड़ता है। अस्पताल भवन दशकों से उद्घाटन की बांट जोहते खंडर में तब्दील हो चुका है।



वहीं कैरो प्रखंड को गुड़ी बाघी से इरगांव होते हुए जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क की हालत वर्षो से बदहाल है। करीब रामपुर तक सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। ऐसे में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क से रोजाना हजारों लोगों का आवागमन होता है। सड़क पर अधिक गड्ढे होने से कई बार वाहन दुर्घटनाग्रस्त भी हो रहे हैं। बारिश में पूरी सड़क तालाब बन जाती है। वहीं नंदनी डैम से निकलने वाली कंदनी नदी में पुल नहीं होने के कारण भी कुछ कम समस्याएं नहीं हो रही है। लोग कई वर्षों तक सरकार से नदी पर पुल बनाने की गुहार लगाते रहे। पुल बनना भी शुरू हो गया था। पुल का निर्माण कार्य आधा अधूरा हो चुका था जिसके बाद काम बंद हो गया। इसके बाद लगातार लोग मांग करते रहे हैं, लेकिन अभी तक उनकी सुनवाई नहीं हुई है। लोग एक दशक बीत जाने के बाद भी बांस के पुल बनाकर नदी पार करने को विवश हैं। कैरो में करीब करोड़ों रुपये की लागत से बना अतिरिक्त अस्पताल करीब एक दशक से उद्घाटन की बांट जोहते-जाहते खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। अस्पताल को चालू करा दिया जाता तो क्षेत्र के हजारो लोगों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलता।

# रास मेला सह सांस्कृति कार्यक्रम में प्रस्तुतियों ने सबका मन मोहा

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत अंतर्गत वासुदेवराय महाप्रभु मंदिर कोराम्बे के प्रांगण में सोमवार रात्रि में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर रास मेला सह नागपुरी सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अभिनव कुमार द्वारा किया गया। सांस्कृति कार्यक्रम के दौरान स्काई म्यूजिकल ग्रुप सिमडेगा के कलाकारों चंदन दास, उर्मिला महतो, सूरज कुमार, विनिता खलखो, भुनेश्वर सिंह, नमिता उरांव द्वारा भजन, गीत, संगीत और नृत्य प्रस्तुत किया गया। वहीं गायिका उर्मिला महतो द्वारा मारुतिनंदन दुखभंजन सुन ले पुकार पवनसुत विनती बारम्बार भजन गया गया। गीत, संगीत व नृत्य के दौरान दर्शक झूमते नजर आए। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि शांति व सौहार्द के साथ कार्यक्रम करें और गीत संगीत तथा नृत्य का आनन्द लें, परन्तु छोटे छोटे बच्चे और महिलाओं को आयोजित कार्यक्रम के दौरान किसी तरह का व्यवधान न हो इसका सतर्कता के साथ ख्याल रखें। कहा कि शरारती और उपद्रवियों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। मौके पर पूर्व जिप सदस्य रामलखन प्रसाद, गोबर्धन नाथ पाण्डेय, पुरोहित संजयनाथ देवघरिया, पूर्व मुखिया एतवा उरांव, अशोक नायक, संजय पांडेय, मनोहर नायक, उमेश तिवारी, कौशर आलम, राघव पांडेय सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष और बच्चे बच्चियां उपस्थित थे।



## एक नजर

### बिटकॉइन की बढ़ी चमक एथेरियम में गिरावट

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज मिलाजुला कारोबार होता नजर आ रहा है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की कीमत में आज जहां तेजी आई है, वहीं दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम को आज गिरावट का सामना करना पड़ा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से 5 बढ़त के साथ ग्रीन जोन में और 4 गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं, जबकि 1 की कीमत में पिछले 24 घंटे के दौरान कोई बदलाव नहीं आया है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 0.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ 37,176.67 डॉलर यानी 30.98 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। दूसरी ओर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत आज 0.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिर कर 2,024.79 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

### शादी के सीजन में सराफा बाजार में तेजी, चेन्नई में सोना 63 हजार के पार

**नई दिल्ली।** त्योहारी सीजन के बाद सुस्त पड़े सराफा बाजार में शादी के सीजन ने नई जान फूंक दी है। शादी का सीजन शुरू होने के बाद से ही सोने की कीमत में तेजी का सिलसिला जारी है। आज चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत उछल कर 63 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के पार चली गई। चेन्नई की तरह देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 62,500 रुपये प्रति 10 ग्राम से ऊपर चढ़ कर कारोबार कर रहा है। 24 कैरेट सोने की तरह जेवराती यानी 22 कैरेट सोने की कीमत में भी तेजी दर्ज की गई है। देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 57,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के ऊपर पहुंच गया है। दिल्ली सराफा बाजार में आज चांदी 78,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

### शुरूआती कारोबार,दबाव में घरेलू शेयर बाजार

**नई दिल्ली।** मिले-जुले ग्लोबल संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार में आज दबाव में कारोबार होता नजर आ रहा है। बाजार की शुरूआत आज मामूली बढ़त के साथ हुई थी। शुरूआती कारोबार में मामूली खरीदारी भी हुई। लेकिन उसके बाद बिकवालों ने अपना दबाव बना दिया। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.04 प्रतिशत की कमजोरी के साथ और निफ्टी 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। शुरूआती एक घंटे के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी पोर्ट्स, बीपीसीएल, टाटा मोटर्स और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 6.76 प्रतिशत से लेकर 1.77 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, एचसीएल टेक्नोलॉजी, एलटी माइंडट्री, टेक महिंद्रा और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 0.99 प्रतिशत से लेकर 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे।

### ग्लोबल मार्केट पर दबाव, एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। वॉल स्ट्रीट के सूचकांक पिछले सत्र के कारोबार के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। वहीं एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। अमेरिकी बाजार में पिछले क्षेत्र के दौरान लगातार दबाव में कारोबार होता रहा। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,556.06 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डैक ने 0.07 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 14,241.02 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। हालांकि आज डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.05 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 35,350.16 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

# जीडीआर मैनिपुलेशन में सेबी हुआ सख्त, अरुण पर पेनल्टी

**एजेंसी। नई दिल्ली**




मार्केट कंट्रोलर सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने ग्लोबल डिपॉजिटरी रिसीट (जीडीआर) जारी करने में हेरा-फेरी के एक मामले में अरुण पंचारिया को 26.25 करोड़ रुपये का डिमांड नोटिस भेजा है। सेबी ने अपने नोटिस में अरुण पंचारिया को 15 दिन के अंदर भुगतान करने का निर्देश देते हुए भुगतान नहीं होने पर गिरफ्तारी और चल अचल संपत्ति को कुर्क करने की चेतावनी भी दी है। इस साल जुलाई के महीने में ही सेबी ने हीरन ऑगोर्केम के ग्लोबल डिपॉजिटरी रिसीट जारी करने में हुई हेरा-फेरी के लिए पंचारिया पर 25 करोड़ रुपये और मुकेश चौरड़िया पर 20 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया था, लेकिन अरुण पंचारिया इस जुमार्ना राशि को चुकाने में विफल रहे। इसके बाद अब सेबी ने अरुण पंचारिया को 15 दिन के अंदर 26.25 करोड़ रुपये जमा करने का आदेश दिया है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड हीरन ऑगोर्केम ने मई 2010 में एक करोड़ डॉलर के 15.38 लाख ग्लोबल डिपॉजिटरी रिसीट जारी किए, जिसकी कीमत कंपनी के 4.61 करोड़ शेयरों से तय की गई थी। मतलब मई 2010 में 4.61 करोड़ अंडरलाइंग इक्विटी शेयर के बदले एक करोड़ डॉलर के 15.38 लाख ग्लोबल डिपॉजिटरी रिसीट जारी किए गए। इस मामले में हेरा-फेरी का आरोप लगने के बाद सेबी ने इसकी जांच की। जांच में पता चला कि अरुण पंचारिया ग्लोबल डिपॉजिटरी रिसीट जारी होने के हर चरण में प्रमुख भूमिका निभा रहे थे। जांच में इस बात का भी खुलासा हुआ कि इस मामले में कर्ज लेकर फर्जी तरीके से ग्लोबल डिपॉजिट रिसीट हासिल किया गया। इसके बाद कर्ज को चुकाए बिना ही ग्लोबल डिपॉजिट रिसीट को शेयर में बदल कर इसे बेच दिया गया। इस पूरे मामले में मुकेश चौरड़िया भी एक पक्ष बने हुए थे। इसलिए उन पर भी सेबी ने 20 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया था। सेबी का आरोप है कि अरुण पंचारिया और मुकेश चौरड़िया ने प्रोहिबिशन ऑफ फ्रॉडलेंट एंड अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिसेज रूल्स (पीएफयूटीपी) में दिए गए प्रावधानों का उल्लंघन किया।

# एचडीएफसी बैंक और रेडियो ऑरेंज ग्रामीण क्षेत्रों फला रही जागरूकता

**एजेंसी। रांची**

एचडीएफसी बैंक और रेडियो ऑरेंज 106.4 एफएम के द्वारा खुशियों की यात्रा का कार्यक्रम एयरपोर्ट रोड में आयोजित किया गया। खुशियों की यात्रा गाड़ी को फ्लैग ऑफ मुख्य अतिथि कुमार अभिषेक , सर्किल हेड ईस्ट जोन आकाश कपूर ने की। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई ।खुशियों की यात्रा का कार्यक्रम दो दिवसीय आयोजित किया जा रहा है जिसमें ज्यादातर ग्रामीण इलाकों में जाकर लोगों को बैंक के बारे में जागरूकता फैलाना है । इसके लिए ग्रामीण क्षेत्र में फिल्मों के माध्यम से लोगों को बैंक के बारे में जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों में फिल्म दिखाएगा जिससे कि बैंकों की उपयोगिता, बैंक का कैसे इस्तेमाल कर सकते हैं, बैंक में बचत और बैंक से क्या-क्या सुविधा ले सकते हैं यह जानकारी लोगों को उपलब्ध कराया जाएगा आम लोगों को एचडीएफसी बैंक क्या-क्या सुविधा उपलब्ध करा रही है किस-किस तरह से लोन दे रही है । इस मौके पर एचडीएफसी बैंक के रीजनल मार्केटिंग हेड ईस्ट जोन आकाश कपूर , एचडीएफसी सर्किल हेड झारखंड, कुमार अभिषेक, सीमांत गौरव रीजनल मार्केटिंग मैनेजर झारखंड,शुभम धार एरिया हेड मार्केटिंग पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड, धर्मेंद्र कुमार क्लस्टर हेड रांची वन, आदित्य भूषण पांडे क्लस्टर हेड रांची टू ,संतोष सिंह स्टेट हेड कई लोग मौजूद थे।

## सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड के निवेशकों को बंपर मुनाफा

**नई दिल्ली।** सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) की पहली किस्त 30 नवंबर को मैच्योर होने वाली है। एसजीबी की पहली किस्त 2015 में जारी की गई थी, जो 8 साल की परिपक्वता अवधि के बाद गुरुवार को मैच्योर हो जाएगी। एसजीबी की इस किस्त के निवेशकों को सोने के निवेश पर प्रति ग्राम 3,448 रुपये का मुनाफा हुआ है। इस बॉन्ड ने अपने निवेशकों को 10.88 प्रतिशत का कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट (सीएजीआर) रिटर्न दिया है।

# एलिएक्सिस ने एक्जिक्यूटिव कमेटी में अरविंद चंद्रा को किया शामिल

**एजेंसी। रांची**



मौलिक फ्लुइड मैनेजमेंट सॉल्यूशंस के जरिए पानी और ऊर्जा तक पहुंच बनाने वाली वैश्विक अग्रणी कंपनी, एलिएक्सिस ने अपनी एक्जिक?यूटिव कमिटी में अरविंद चंद्रा को शामिल किया है। एलिएक्सिस इंडिया (आशीर्वाद पाइप्स) के नए डिविजनल सीईओ के तौर पर वह सीईओ एरिक ओल्सन को रिपोर्ट करेंगे। एलिएक्सिस के सीईओ एरिक ऑलसन ने कहा कि अरविंद चंद्रा के गतिशील नेतृत्व में हम अपने भारतीय व्यवसाय के अगले चरण को लेकर उत्साहित हैं। अरविंद का विभिन्न उद्योगों में विकास और मुनाफे को बढ़ाने का 30 सालों का प्रभावशाली वैश्विक रिकॉर्ड है। आने वाले वर्षों में भारत एलिएक्सिस के लिए एक उच्च विकास वाला बाजार है और अरविंद हमारे भारतीय परिचालन को अगले स्तर पर ले जाने में मदद करेंगे। एलिएक्सिस इंडिया के डिविजनल सीईओ अरविंद चंद्रा ने कहा कि भारत की जल संबंधी गंभीर चुनौतियों से निपटने की कोशिशों में एलिएक्सिस के साथ जुड़कर मुझे खुशी हो रही है। आशीर्वाद टीम के साथ मिलकर, हम स्थिरता और नवाचार दोनों पर मजबूत फोकस के साथ विकास की गति को आगे बढ़ाएंगे, क्योंकि हम उच्च गुणवत्ता वाले सॉल्यूशंस मुहैया कराते हैं, जिनकी हमारे ग्राहक उम्मीद करते हैं।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।

पत्रांक........ दिनांक..............

**प्रेस विज्ञप्ति**

**PR No.-311684**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज के अधीन अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना संख्या–04/2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ, दिनांक 21.11.2023 के द्वारा आमंत्रित निविदाओं में निविदा खोलने की तिथि 12.12.2023 के स्थान पर 13.12.2023 पढ़ा जाए शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगा ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 312138 (District) 23-24 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

पत्रांक........ दिनांक..............

**प्रेस विज्ञप्ति**

**PR No.-311685**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज के अधीन अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना संख्या–03/ 2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ, दिनांक 21.11.2023 के द्वारा आमंत्रित निविदाओं में निविदा खोलने की तिथि 12.12.2023 के स्थान पर 13.12.2023 पढ़ा जाए शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगा ।


कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR.NO.312136 Rural Development(23-24):D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

**(अपहृत महाबीर राम उम्र करीब–38 वर्ष)**



गढवा थाना कांड सं0–561/19 दिनांक–02.09.19, धारा–323/452/365/120(बी) भा0द0वि0 एव कोर्ट परिवाद पत्र संख्या–1452/2019 अपहृत महाबीर राम उम्र–38 वर्ष, पिता–प्यारी राम, ग्राम–बानुटीकर थाना+जिला–गढवा राज्य– झारखण्ड के रहने वाले है। अपहृत व्यक्ति के पुत्री के द्वारा आवेदन में बताया गया कि इनके पिता महाबीर राम को मजदूरी करनें के नाम पर गायब कर देना तथा एवं पूछताछ करने पर अभियुक्तों के द्वारा घर में घुसकर मारपीट करना तथा अंजाम भुगतने का धमकी देने के आरोप में दर्ज किया गया है। इनके परिवार के द्वारा काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त अपहृत महाबीर राम, उम्र 38 वर्ष, पे0–प्यारी राम ग्राम–बानुटीकर थाना+जिला–गढवा राज्य– झारखण्ड का किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया:–**
नाम– महाबीर राम
रंग– सावला, पहनावा–काला रंग का फुल पैंट
कद– करीब 5 फीट 04 ईंच लगभग, बाल–काला

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 312091 Police(23-24)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।

पत्रांक 1906/ग्रा.वि.वि.प्र.,चतरा, दिनांक–28.11.2023

**शुद्धि–पत्र**

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा द्वारा ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/CHATRA/17/2023-24/RE-1 में वर्णित कार्य नगर परिषद अन्तर्गत (चतरा शहर में) 1950 सोलर एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन जिसका PR. NO. 311615 Rural Development (23-24):D द्वारा प्रकाशित निविदा में निविदा की शर्तों में संशय के स्थिति में हिन्दी शर्त मान्य होगें।

निविदा की शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा।

PR 312146 Rural Development(23-24)D

## झारखण्ड सरकार
## कृषि, पशुपालन, एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)

### कार्यालय– जिला कृषि पदाधिकारी,गढ़वा।

पता– संयुक्त कृषि भवन, पिपराकलां गढ़वा 822114

**शुद्धि–पत्र**

एत्द द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा के अंतर्गत निकाली गई निविदा आमंत्रण संख्या– 01/2023–24 दिनांक 18–11–2023 जो PR No. 311633 Agriculture (23-24)_D दिनांक 19-11-2023 द्वारा प्रकाशित हुआ था के क्रम संख्या 01 एवं 02 में निम्न प्रकार से संशोधन किया जाता है।

1. Digital Soil Testing Kit (Harvesto) के जगह ICAR द्वारा Approved Digital Soil Testing Kit पढ़ा जाए।
2. Extra Reagent Kit (100 Sample) (Harvesto) के जगह Extra Reagent Kit (100 Sample) पढ़ा जाए।
3. निविदा आमंत्रित के अंतिम तिथि 28.11.2023 के जगह 05.12.2023 किया जाता है।

बाकी सभी शर्ते यथावत रहेंगी।

जिला कृषि पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 312089 Agriculture(23-24)D

## Office of the Executive Engineer
## Road Construction Department,Road Division,Garhwa.

**e-Procurement Notice**
**For National Competitive Bidding**
**(Very Short Term Tender)**
**Re_e-Tender Reference No. : RCD/GARHWA/1173/2023-24 (2nd Call) Date:- 27.11.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Improvement of Riding Quality work of Tildag More to Atola More road (Total Length-23.425 km.) under Road Division, Garhwa |
| 2a. | Approximate Value of Work | Rs. 10,65,20,332.00 (Rupees Ten crore Sixty Five Lac Twenty thousand Three hundred Thirty Two) only. |
| b. | Bid Security* | Rs. 10,66,000.00 (Rupees Ten Lac Sixty Six Thousand) only. |
| 3. | Time of Completion | 05 (Five) Months. |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 18-12-2023, 12.00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 05-12-2023, 10.30 A.M. |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Garhwa Pin Code - 822114 |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 06561-295161 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Note :- The Bid Amount & Bid security will be decrease or increase.
**Further details can be seen on website** http://jharkhandtenders. gov.inUCAN registration is mandatory for the bidders who are already registered in appropriate class with road construction department Govt. of Jharkhand.

Executive Engineer,
Road Construction Department,
Road Division,Garhwa.

PR 312101 Road(23-24).D

## कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त,गढ़वा

**शुद्धि – पत्र**

इस कार्यालय का आदेश ज्ञापांक – 791/जि0निर्वा0, दिनांक – 23.11.2023 द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 एवं विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए अल्पकालीन निविदा प्रकाशित कराई गई है। (PR No 311926 Election (23-24).D)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकाशित निविदा की कण्डिका सं0 2 एवं कण्डिका सं0 3 को निम्न प्रकार संसोधित किया गया है :–

निविदाओं की प्राप्ति हेतु **दिनांक – 20.12.2023 को अपराहन् 04:00 बजे** तक इच्छुक आपूर्तिकर्ता जिला निर्वाचन कार्यालय में विहित शर्तों के अधीन अपना मुहरबंद निविदा जमा कर सकेंगे। प्रतिभूति के रूप में सुरक्षित राशि का बैंक ड्राफ्ट **"जिला निर्वाचन पदाधिकारी – सह – उपायुक्त, गढ़वा"** के पदनाम से देय होगा।

उपरोक्त निर्धारित अवधि में प्राप्त सभी निविदाएँ **दिनांक 21.12.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे** निविदावार जिला स्तरीय क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा से संबंधित विस्तृत शर्त्त एवं सूचना, सामग्रियों की सूची गढ़वा जिला के आधिकारिक वेवसाईट http//garhwa.nic.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

अल्पकालीन निविदा की शेष शर्त्त यथावत रहेंगी।

ह0/–
उप निर्वाचन पदाधिकारी,गढ़वा

PR 312160 Election(23-24).D

## GOVERNMENT OF JHARKHAND
## DEPARTMENT OF AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE, (DIRECTORATE OF SOIL CONSERVATION)

Jharkhand Agriculture Machinery Testing & Training Center (JAMTTC)
4th Floor Room No. – 403, Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008
Telephone- 0651-3511151, **e-mail** - edjamttc@gmail.com **website** - www.jamttc.org

**कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजनान्तर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मण्डल, कृषक समूहों एवं अन्य कृषकों को अनुदान पर मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, रीपर उसके सहायक कृषि यंत्र एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्रों के परिचालन, रख–रखाव एवं लघु मरम्मति से संबंधित पाँच दिवसीय निःशुल्क आवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम।**

झारखण्ड राज्य में कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजनान्तर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मण्डल एवं कृषक समूहों एवं अन्य कृषकों को अनुदान पर मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, रीपर उसके सहायक कृषि यंत्र एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र इत्यादि के परिचालन, रख–रखाव एवं लघु मरम्मति से संबंधित पाँच दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्न प्रकार आयोजित किया जा रहा है :–

| क्र0 | दिनांक | | भौतिक लक्ष्य | जिला का नाम एवं संख्या |
|---|---|---|---|---|
| | कब से | कब तक | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 05.12.2023 | 09.12.2023 | 60 | राँची–10,हजारीबाग–10, पलामू–10, दुमका–10, प0 सिंहभूम–10, पूर्वी सिंहभूम–10 |
| 02 | 10.12.2023 | 14.12.2023 | 60 | गुमला–10, लोहरदगा–10,बोकारो–10, धनबाद–10, गिरीडीह–10, कोडरमा–10 |
| 03 | 15.12.2023 | 19.12.2023 | 60 | चतरा–10, गढ़वा–10,देवघर–10, पाकुड़–10, गोड्डा–10, साहेबगंज–10 |
| 04 | 20.12.2023 | 24.12.2023 | 60 | लातेहार–10, सिमडेगा–10, जामताड़ा–10,सरायकेला–खरसांवा–10,रामगढ़–10, खूँटी–10 |
| 05 | 26.12.2023 | 30.12.2023 | 60 | राँची–10,हजारीबाग–10, पलामू–10, दुमका–10, प0 सिंहभूम–10,पूर्वीसिंहभूम–10 |
| 06 | 03.01.2024 | 07.01.2024 | 60 | गुमला–10, लोहरदगा–10,बोकारो–10, धनबाद–10, गिरीडीह–10, कोडरमा–10 |
| 07 | 08.01.2024 | 12.01.2024 | 60 | चतरा–10, गढ़वा–10,देवघर–10, पाकुड़–10, गोड्डा–10, साहेबगंज–10 |
| 08 | 13.01.2024 | 17.01.2024 | 60 | लातेहार–10, सिमडेगा–10, जामताड़ा–10,सरायकेला–खरसांवा–10,रामगढ़–10, खूँटी–10 |
| 09 | 18.01.2024 | 22.01.2024 | 60 | राँची–10,हजारीबाग–10, पलामू–10, दुमका–10, प0 सिंहभूम–10,पूर्वी सिंहभूम–10 |
| 10 | 23.01.2023 | 27.01.2024 | 60 | गुमला–10, लोहरदगा–10,बोकारो–10, धनबाद–10, गिरीडीह–10, कोडरमा–10 |
| 11 | 29.01.2024 | 02.02.2024 | 60 | चतरा–10, गढ़वा–10,देवघर–10, पाकुड़–10, गोड्डा–10, साहेबगंज–10 |
| 12 | 03.02.2024 | 07.02.2024 | 60 | लातेहार–10, सिमडेगा–10, जामताड़ा–10,सरायकेला–खरसांवा–10,रामगढ़–10, खूँटी–10 |
| 13 | 08.02.2024 | 12.02.2024 | 60 | राँची–10,हजारीबाग–10, पलामू–10, दुमका–10, प0 सिंहभूम–10, पूर्वी सिंहभूम–10 |
| 14 | 13.02.2024 | 17.02.2024 | 60 | गुमला–10, लोहरदगा–10,बोकारो–10, धनबाद–10, गिरीडीह–10, कोडरमा–10 |
| | | कुल योगः– | 840 | |

उक्त कार्यक्रम का लक्ष्य एवं तिथी औपबंधिक है एवं जेएएमटीटीसी के द्वारा इसमें आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकेगा। संबंधित जिला के इच्छुक महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मण्डल एवं कृषक समूहों के सदस्य एवं अन्य कृषक अपने जिला के भूमि संरक्षण पदाधिकारी/भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी/जिला कृषि पदाधिकारी/जिला उद्यान पदाधिकारी से अनुशंसा प्राप्त कर या जेएएमटीटीसी से सम्पर्क कर निर्धारित तिथि पर निम्न पते पर उपस्थित होना होगा।

**प्रशिक्षण केन्द का पता– जेएएमटीटीसी, राँची**
**(झारखण्ड कृषि मशीनरी परीक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र, राँची)**
**ई0 टी0 सी0 परिसर, काजू बगान, हेहल,**
**(सामने जुनियर डी0 ए0 वी0 स्कूल, हेहल) राँची, पीन कोड–834005**

किसी प्रकार की विशेष जानकारी हेतु जेएएमटीटीसी कार्यालय दुरभाष 0651–3511151 या मोबाईल सं0 8603229188 (केवल पूर्वाहन् 10.30 बजे से संध्या 05.00 बजे तक) पर सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक निदेशक (कृषि अभियंत्रण)
जेएएमटीटीसी, राँची

PR 312105 Agriculture(23-24)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद
**Email ID-** eemidhus-cemr-jhr@nic.in
**(2nd Call)**

(नीति आयोग एवं DMFT के अभिसरण के तहत Rejuvenation of Water Bodies)

**अतिअल्पकालीन ई0–निविदा संख्याः–WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-15/2023-24**

पत्रांक– 804 हुसैनाबाद, दिनांक– 25/11/2023

1. कार्य का विवरणः–

| क्र0 | प्रखंड | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | पाँकी | WRD/MID/HUSSAINABAD/Palamu/01/2023-24 | नावाडीह आहर का जीर्णोद्धार ग्राम–नावाडीह पंचायत–नौडिहा, खाता संख्या–34 खेसरा संख्या–387 | 5.76595 | 1250 | 11600 | 6 माह |
| 2 | पाँकी | WRD/MID/HUSSAINABAD/Palamu/02/2023-24 | चौरेया तालाब का जीर्णोद्धार ग्राम–चौरेया पंचायत–नौडिहा, खाता संख्या–64 खेसरा संख्या–229 | 5.76595 | 1250 | 11600 | 6 माह |
| 3 | पाँकी | WRD/MID/HUSSAINABAD/Palamu/03/2023-24 | उचहारा तालाब का जीर्णोद्धार ग्राम–उचहारा पंचायत–अम्बावार, खाता संख्या–21 खेसरा संख्या–42 | 5.76595 | 1250 | 11600 | 6 माह |
| 4 | पाँकी | WRD/MID/HUSSAINABAD/Palamu/04/2023-24 | सीरम तालाब का जीर्णोद्धार ग्राम–सीरम पंचायत–नौडिहा, खाता संख्या–79 खेसरा संख्या–520 | 5.76595 | 1250 | 11600 | 6 माह |
| 5 | पाँकी | WRD/MID/HUSSAINABAD/Palamu/05/2023-24 | ताल तालाब का जीर्णोद्धार ग्राम–ताल पंचायत–ताल, खाता संख्या–36,35,33 खेसरा संख्या–01,68,17,01,71,17,21,72 | 5.76595 | 1250 | 11600 | 6 माह |
| 6 | पांकी | WRD/MID/HUSSAINABAD/Palamu/06/2023-24 | पिपराही आहर का जीर्णोद्धार ग्राम–करार पंचायत–करार खाता संख्या–373 खेसरा संख्या–1492 | 5.76595 | 1250 | 11600 | 6 माह |
| 7 | पांकी | WRD/MID/HUSSAINABAD/Palamu/07/2023-24 | नावा आहर का जीर्णोद्धार ग्राम–करार पंचायत–करार खाता संख्या–247 खेसरा संख्या–1116 | 5.76595 | 1250 | 11600 | 6 माह |
| 8 | पांकी | WRD/MID/HUSSAINABAD/Palamu/08/2023-24 | बड़का आहर का जीर्णोद्धार ग्राम–नावाडीह पंचायत–करार खाता संख्या–105 खेसरा संख्या–521 | 5.76595 | 1250 | 11600 | 6 माह |
| 9 | पाण्डू | WRD/MID/HUSSAINABAD/Palamu/09/2023-24 | पोखर तालाब का जीर्णोद्धार ग्राम–डालाकला 555 पंचायत–डालाकला खाता संख्या–98 खेसरा संख्या–638 | 5.76595 | 1250 | 11600 | 6 माह |
| 10 | पाण्डू | WRD/MID/HUSSAINABAD/Palamu/10/2023-24 | कउआखोह बाँध का जीर्णोद्धार ग्राम–सिलदिली पंचायत–सिलदिली खाता संख्या– 72 खेसरा संख्या–375 | 5.76595 | 1250 | 11600 | 6 माह |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेवसाईट पर ई0 निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 04.12.2023 (11:00 AM) |
| 2 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 11.12.2023 (05:00 PM तक) |
| 3 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 11-12-2023 (5:00 PM तक) |
| 4 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 13.12.2023 (12:30 PM) |
| 5 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 6 | ई0 निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0 | 9973686549 |
| 7 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |

नोटः– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR312097 (Minor Irrigation)23-24*D

**बीते हुए कल से सीख ले, भविष्य से आशा करें और वर्तमान में भरोसा रखकर कर्म करें, निश्चित ही आप सफल होंगे।**

**- अज्ञात**



# आपकी सरकार, आपके द्वार...

मुख्यमंत्री आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम की लोकप्रियता बड़ रही है। गरीब और लाचार लोगों के लिए यह कार्यक्रम राहत लेकर आया है। यहां के आम आदमी में सरकार के प्रति एक भरोसा देखने को मिल रहा है। बहरहाल सबसे बड़ी बात यह कि इस कार्यक्रम के माध्यम से अधिकारियों के पास आम आदमी को नहीं जाना पड़ रहा है। जिले से लेकर राज्य मुख्यालय तक क्रांतिकारी परिवर्तन आ रहे हैं। सबसे अच्छी बात यह कि सीएम खुद इस क्रांतिकारी परिवर्तन के गवाह बन रहे हैं। सबसे अच्छी बात यह कि सीएम खुद इहा है। जिले से लेकर राज्य मुख्यालय तक क्रांतिकारी परिवर्तन आ रहे हैं। सबसे अच्छी बात यह कि सीएम खुद इस मामले को देख रहे हैं। लाखो लोग इस कार्यक्रम से समाधान की दिशा में आगे बढ़ते देखे जा रहे हैं। सबसे जटिल मामला जमीन का है। इसमें सुधार हो रहा है। दूसरी समस्या पेंशन की है। इस दिशा में लगातार प्रयास हो रहे हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से वास्तव में वरदान साबित हो रहा है। कई मामलों में प्रशासनिक खामियां उजागर हो रही हैं। जिन्हें दूर करने की जरूरत है। सरकार के लिए भी यह मौका है, जिसके माध्यम से जनता की परेशानी को अच्छी तरह समझा जा सकता है। उम्मीदों के आकाश में देर से ही सही आशा की किरण का चमकना यह बताता है कि आने वाले दिनों में समस्याओं पर बहुत हद तक काबू पाया जा सकता है। हमारे समाज का ताना-बाना ही ऐसे तरीके से बुना गया है कि तुरंत निदान संभव नहीं है। अपितु हो रहे प्रयासों को खारिज नहीं किया जा सकता। इस मामले में जनता को भी हो रहे प्रयासों में साथ देना चाहिए। किसी समस्या को सरकार पर छोड़ देना भी कोई बुद्धिमानी नहीं है। राज्य की कोई भी सरकार वर्षों से छोड़ी गई समस्या पर एकाएक विराम नहीं लगा सकती है। इसके लिए उसे समय तो देना ही पड़ेगा। दूसरी बड़ी बात यह कि अच्छे हो रहे कार्य को सभी दलों को मिलकर सराहना करनी चाहिए। हर मामले में राजनीति अच्छी बात नहीं है। विकास की जहां बात हो,सभी दलों को इस दलदल से उपर होकर सोचने की जरूरत है। असीम संभावनाओं के बीच झारखंड में हो रहे प्रयास आने वाले दिनों का आईना हैं। इसे इसी रूप में लेने की जरूरत है। आपके द्वार कार्यक्रम उसकी बानगी है। इसके परिणाम जब सामने आने लगेगें तो निश्चित रूप से अपना झारखंड देश के मानचित्र पर अपना अलग पहचान बिखेरेगा। कारण 23 वर्ष पहले संघर्ष के बाद अलग राज्य तो झारखंड बना, लेकिन यहां न तो संसाधनों का विकास हुआ और ना ही मूलभूत सुविधा ही लोगों को मिली। रोजगार मिल रहा था, ना ही किसानों को कोई सुविधा मिल रही थी। बच्चियां भी पढ़ने के लिए तरस रही थी। लेकिन अब वह सारे काम हो रहे हैं। उनकी हर योजना धरातल से जुड़ी हुई है, और उन योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने के लिए अधिकारी भी सीधे गांव में ही पहुंच रहे हैं। गांव में गिने-चुने लोगों को ही वृद्धा पेंशन की सुविधाएं मिलती थी। लेकिन अब राज्य के हर गांव में 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के हर व्यक्ति को पेंशन की सुविधा मिल रही है। यहां लोगों को रोजगार देने के लिए वैकेंसी निकाले जा रहे हैं। स्कूल में भी शिक्षा का स्तर सुधरा है और बच्चियों की शिक्षा पूरी करने के लिए आर्थिक सहयोग भी दिया जा रहा है। यही वजह है कि पिछले तीन वर्षों से लगातार आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा का कार्यक्रम चल रहा है।

**हमारे समाज का ताना-बाना ही ऐसे तरीके से बुना गया है कि तुरंत निदान संभव नहीं है। इस मामले में जनता को भी हो रहे प्रयासों में साथ देना चाहिए। किसी समस्या को सरकार पर छोड़ देना भी कोई बुद्धिमानी नहीं है। राज्य की कोई भी सरकार वर्षों से छोड़ी गई समस्या पर एकाएक विराम नहीं लगा सकती है।**

# चुनावी-भ्रष्टता पर नियंत्रण के लिये जटायुवृत्ति जागे





ललित गर्ग

***चुनाव*** लोकतंत्र की जीवनी शक्ति है, यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है, लोकतंत्र में स्वस्थ मूल्यों की स्थापना के लिये चुनाव की स्वस्थता एवं उसकी शुद्धि अनिवार्य है। चुनाव की प्रक्रिया गलत एवं मूल्यहीन होने से लोकतंत्र की जड़े तो खोखली होती ही है, राष्ट्र भी मूल्यहीनता की ओर अग्रसर होता है। चरित्र-शुद्धि के अभाव में चुनाव शुद्धि की कल्पना नहीं की जा सकती है। इस बार पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में ऐसा ही देखने को मिल रहा है, रेवड़ी-संस्कृति, लोकलुभावने वायदों और गारंटियों का जो कोलाहल सुना जा रहा है, येन-केन-प्रकारेण चुनाव जीतने की होड़ देखने को मिल रही है, जो कालांतर में देश के सशक्त होने, आर्थिक अनुशासन व योग्य जनप्रतिनिधियों के चयन के लिये एक चुनौती बन सकता है। लगातार चुनावों में मुक्त की रेवड़िया बांटने की परम्परा ने चुनाव प्रक्रिया एवं उसके आदर्श को धुंधलाया है। यह विडंबना है कि लोग जनप्रतिनिधि की योग्यता, कर्मठता, चारित्रिक उज्ज्वता की प्राथमिकता को दरकिनार करके संकीर्ण सोच के लाभों को प्राथमिकता देने लगे हैं। इस दूषित परंपरा से राजनेताओं और जनता का प्रलोभन विस्तार ले रहा है। इस बढ़ती बुराई एवं विकृति को देखकर आंख मूंदना या कानों में अंगुलिया डालना अपनी जिम्मेदारी से पलायन है, इसके विरोध में व्यापक जन-चेतना जगाने की अपेक्षा है। आज चुनाव में बढ़ता भ्रष्टाचार का रावण मानवता एवं चुनाव शुद्धि की सीता का अपहरण करके ले जा रहा है, सब यह अनर्थ होते हुए देख रहे हैं, पर कोई भी जटायु आगे आकर उसका विरोध करने की स्थिति में नहीं हैं। चुनाव-भ्रष्टाचार के प्रति जनता, राजनीतिक दलों एवं नेताओं का यह मौन, यह उपेक्षाभाव उसे बढ़ायेगा नहीं तो और क्या करेगा? मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मिजोरम में विधानसभा चुनावों के लिए मतदान हो चुका है। अब केवल तेलंगाना में मतदान होना शेष है। इन राज्यों के चुनाव प्रचार के दौरान यह बात और उभरकर सामने आई कि मतदाता राजनीतिक दलों के प्रलोभन का शिकार बनने के लिए तैयार है और राजनीतिक दल एवं उनके उम्मीदवार मतदाताओं को ठगने, लुभाने एवं गुमराह करने की होड़ में लगे हैं। 'गरीब की थाली में पुलाव आ गया है...लगता है शहर में चुनाव आ गया है' भारत की राजनीति एवं चुनावों पर ये दो पंक्तियां सटीक टिप्पणी हैं, जो दुःखद एवं विडम्बनापूर्ण है। आम तौर पर मतदाता राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में यह नहीं देखता कि उसमें अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था, रोजगार, नागरिक सुविधाएं, बिजली-पानी आदि के ठोस वादे किये गये हैं या नहीं? वह अब यह देखता है कि किस दल ने उन्हें क्या-क्या मुफ्त वस्तुएं और सुविधाएं देने के वादे किये हैं। भ्रष्ट चुनाव से तो भ्रष्ट नेतृत्व ही मिलेगा, ऐसी भ्रष्ट स्थितियों से देश के आर्थिक विकास में भी भ्रष्टता ही व्यापक होगी, शासन के सामने आर्थिक चुनौतियों खड़ी होगी। इस तरह मुफ्त की योजनाओं और गारंटियों से सिर्फ हमारा राजकोषीय घाटा ही नहीं बढ़ेगा, बल्कि भ्रष्टाचार को पनपने का खुला मौका मिलेगा। मतदाता यदि किसी राजनीतिक दल की दूरगामी नीतियों व विकास योजनाओं को नजरअंदाज करके तात्कालिक लाभ को प्राथमिकता देगा तो भविष्य में उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। उम्मीदवारों के षड़यंत्र एवं मतदाताओं के लोभ हमारी चुनाव प्रक्रिया को भी संकट में डालते हैं। जाहिर बात है कि मुफ्तखोरी की संस्कृति के बूते सत्ता में आने वाला नेता कालांतर में सरकारी संसाधनों के दोहन को अपनी प्राथमिकता बनायेगा। जो धन उसने चुनाव के दौरान बांटा है उसका कई गुना येन-केन-प्रकारेण वसूलेगा। जिससे लोकतंत्र में लूटतंत्र की मानसिकता को प्रोत्साहन मिल सकता है। चुनाव में मुफ्त रेवड़ी संस्कृति के साथ चुनाव का अधिकाधिक खर्चीला होना भी गंभीर चिन्ता का विषय है। एक-एक प्रत्याशी चुनाव प्रचार करने में करोड़ों रूप्ये व्यय करता है। यह धन उसे पूंजीपतियों एवं उद्योगपतियों से मिलता है। चुनाव जीतने के बाद वे उद्योगपति उनसे अनेक सुविधाएं जायज-नाजायज तरीकों से प्राप्त करते हैं। इसी कारण सरकार उनके शोषण के विरुद्ध कोई आवाज नहीं उठा पाती और अनैतिकता एवं भ्रष्टता की परम्परा का सिंचन मिलता है। यथार्थ में देखा जाये तो जनमंत्र अर्थतं. बन कर रह जाता हैं, जिसके पास जितना अधिक पैसा होगा, वह उतने ही अधिक वोट खरीद सकेगा। ऐसे में ईमानदार, योग्य एवं कर्मठ लोगों का राजनीति में आने का रास्ता ही बन्द हो जायेगा। चुनावों में लगातार बढ़ रही भ्रष्टता की नाजुक स्थिति में व्यक्ति-व्यक्ति की जटायुवृत्ति को जगाया जा सके, चुनावी भ्रष्टाचार के विरोध में एक शक्तिशाली समवेत स्वर उठ सके और उस स्वर को स्थायित्व मिल सके तो लोकतंत्र की जड़ों को सिंचन मिल सकता है और ऐसे हालातों में भी हमारा अमृत-काल भी चुनाव-प्रक्रिया के लिये भी अमृतमय बन सकता है। इस बार पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त पेशकश के मामले में होड़ करके राजनीतिक दल एक दूसरे को मात देने में लगे रहे। चुनाव में रेवड़ियों की इस बारिश के राजनीतिक एवं आर्थिक, दोनों निहितार्थ हैं। साथ ही यह उन राजनीतिक दलों के दोहरे रवैये को भी जाहिर करता है जो मुफ्त पेशकश के मामले में दूसरे दलों को तो आईना दिखाते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के लिए खुद उनका सहारा लेने से कोई संकोच नहीं करते। यह दोहरा रवैया भाजपा के चरित्र में भी समाया है। सही मायनों में मुफ्त के उपहारों की हमेशा बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। यह हमारे लोकतंत्र की भी विफलता है कि आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी हम अपने लोकतंत्र को इतना सजग व समृद्ध नहीं बना पाये कि मतदाता अपने विवेक से अपना दूरगामी भला-बुरा सोचकर मतदान कर सके। अतीत के अनुभव बताते हैं कि जिस भी राज्य ने मुफ्त खाद्यान्न, पानी, बिजली व सब्सिडी बांटी है उसकी अर्थव्यवस्था भविष्य में चरमराई ही है। सही मायनों में मुफ्त कुछ नहीं होता, वह करदाताओं की पसीने की कमाई से पैदा होता है। देश को कल्याणकारी नीतियों की जरूरत है, लेकिन वह आर्थिक अनुशासन और राजकोषीय विवेक पर आधारित होना चाहिए। कोई भी दल यह बताने को तैयार नहीं कि वे मुफ्त वस्तुएं जैसे कि स्कूटी, लैपटाप, मोबाइल, सोना, मुफ्त बिजली-पानी-बस यात्रा समेत अन्य वस्तुएं और सुविधाएं देने के जो वादे कर रहे हैं उन्हें पूरा कैसे करेंगे? वास्तव में यह वह सवाल है जो मतदाताओं को करना चाहिए। वह यदि यह सवाल नहीं करता तो इसका कारण लालच और फौरी लाभ ही है।

**आज चुनाव में बढ़ता भ्रष्टाचार का रावण मानवता एवं चुनाव शुद्धि की सीता का अपहरण करके ले जा रहा है, सब यह अनर्थ होते हुए देख रहे हैं, पर कोई भी जटायु आगे आकर उसका विरोध करने की स्थिति में नहीं हैं।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

***आइये सुने ऋषि जमदग्नि की कथा***


हालाँकि, नियति के कारण, दोनों बर्तन आपस में बदल गये और सत्यवती ने क्षत्रिय ऊर्जा वाली खीर खा ली और उसकी माँ ने ब्राह्मणी ऊर्जा वाली खीर खा ली। कहानी का एक और संस्करण यह है कि सत्यवती की मां ने जानबूझकर बर्तन बदल दिये क्योंकि उन्हें लगा कि ऋषि रुचिका अपनी पत्नी को 'बेहतर' बच्चा देंगे। इस प्रकार ईर्ष्या ने नियति की भूमिका निभाई! रुचिका ने अपनी दिव्य दृष्टि से इस मिश्रण को देखा और अपनी पत्नी को बताया कि उसके गर्भ में एक ब्राह्मण नहीं बल्कि एक क्रूर क्षत्रिय भ्रूण है। सत्यवती दुखी हुई और उसने अपने पति से अपनी योग शक्तियों के माध्यम से विपत्ति को रोकने के लिए प्रार्थना की। वह सहमत हो गये और अपनी योगिक शक्तियों से परिवर्तन को अपने पोते (अगली पीढ़ी तक) में स्थानांतरित कर दिया।

साई राम। एक ओर, हमें बताया जाता है कि नियति अनुलंघनीय है और दूसरी ओर, हमें ऐसे उदाहरण दिये जाते हैं जहां नियति बदल जाती है। हमें श्री गुरु चरित्र में एक ब्राह्मण लड़के के तपेदिक से मरने के बाद फिर से जीवित होने की एक अद्भुत कहानी मिलती है। जब इस बारे में प्रश्न किया गया, तो श्री गुरु ने प्रश्नकर्ता को वह अद्भुत घटना दिखाई, जहां अगले जन्म में जीवन काल का एक हिस्सा वर्तमान जन्म में स्थानांतरित हो जाता है।

मार्कंडेय की कहानी एक और उदाहरण है। इन दोनों दृष्टिकोणों में सामंजस्य कैसे बिठाया जाए? ऐसा हो सकता है कि नियति वास्तव में अलंघनीय है, लेकिन चूँकि नियति ईश्वर की इच्छा है और कोई भी व्यक्ति इसे पूरी तरह से नहीं जानता है, इसलिए व्यक्ति को अपना कर्तव्य निभाना चाहिए और परिणाम ईश्वर पर छोड़ देना चाहिए।

**(क्रमशः)**

# काशी की देव दीपावली व वैश्विक कीर्तिमान



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

***अयोध्या*** में भव्य श्रीराम मन्दिर के उद्घाटन की तिथि निकट आ रही है। जनवरी में होने वाले इस भव्य उद्घाटन समारोह से पहले अयोध्या और काशी में दीप उत्सव का अद्भुत उत्साह दिखाई दिया। अयोध्या दीपोत्सव और काशी में देव दीपावली के वैश्विक कीर्तिमान कायम हुए। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सत्तर देशों के राजदूत, विदेशी डेलीगेट और उनके परिजन देव दीपावली के अविस्मरणीय पलों के साक्षी बने। ऐसा पहली बार हुआ। देव दीपावली विश्व विख्यात हो चुकी है। इसे देखने विश्व भर के पर्यटक आते हैं। आध्यात्मिकता के साथ राष्ट्रवाद व सामाजिकता की भी झलक देव दीपावली में दिखाई दी। दशाश्वमेध घाट की आरती रामलला को समर्पित हुई। यहां रामलला व राम मंदिर की झलक प्रदर्शित की गई। इक्कीस अर्चक व इक्यावन देव कन्याएं रिद्धि सिद्धि के रूप में दशाश्वमेध घाट पर महाआरती में सहभागी हुईं। दीपावली के पंद्रह दिन बाद कार्तिक पूर्णिमा पर देवताओं की दीपावली होती है। ऐसी मान्यता है कि इस पर्व को मनाने के लिए देवता स्वर्ग से काशी के पावन गंगा घाटों पर अदृश्य रूप में अवतरित होते हैं। वो महाआरती में शामिल श्रद्धालुओं की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। यह पर्व काशी की प्राचीन संस्कृति का के अनुरूप है। देव दीपावली का वर्णन शिव पुराण में भी मिलता है। इसके अनुसार जब कार्तिक मास में त्रिपुरासुर नामक राक्षस ने देवताओं पर अत्याचार शुरू किया और उनको मारने लगा तब भगवान विष्णु ने इस क्रूर राक्षस का वध इसी दिन किया। तब देवताओं ने दीपावली मनाई थी। गंगा के तट पर पच्चासी घाटों पर इस साल योगी सरकार की ओर से बारह लाख और जन सहभागिता से मिलकर कुल लगभग बाईस लाख से अधिक दीप घाटों, कुंडों, तालाबों और सरोवरों पर प्रज्ज्वलित किये गये। गंगा पार रेत पर भी दीपक रोशन हुए। काशी के घाटों के इस अद्भुत दृश्य को देखने देश-विदेश से पर्यटक काशी आते हैं। काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद पर्यटकों की रिकॉर्ड आमद हुई है। देव दीपावली पर होटल, गेस्ट हाउस,नाव, बजड़ा, बोट व क्रूज लगभग पहले से बुक और फुल हो गये थे। सरकार ने चेत सिंह घाट पर लेजर शो की व्यवस्था की। काशी के घाटों के किनारे सदियों से खड़ी ऐतिहासिक इमारतों पर धर्म की कहानी लेजर शो के माध्यम से जीवंत हुई। पर्यटकों ने गंगा पार रेत पर शिव के भजनों के साथ क्रैकर्स शो का भी आनंद लिया। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर को विशाखापट्टनम के एक भक्त द्वारा ग्यारह टन फूलों से सजाया गया। गंगा द्वार पर लेजर शो के माध्यम से श्रीकाशी विश्वनाथ धाम पर आधरित काशी का महत्व और कॉरिडोर के निर्माण संबंधित जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकास और संस्कृति की गरिमा के प्रति कटिबद्ध रहते हैं। काशी में इन दोनों तथ्यों का महत्व है। यह विश्व की सर्वाधिक प्राचीन नगरी है। बाबा भोलेनाथ का धाम है। प्राचीन काल से सांस्कृतिक राजधानी के रूप में इसकी प्रतिष्ठा रही है। योगी आदित्यनाथ इसे विश्व स्तरीय तीर्थाटन व पर्यटन केंद्र बनाने की कार्ययोजना पर कार्य कर रहे हैं। भारत की आध्यात्मिक राजधानी काशी में अर्धचंद्राकार घाटों पर होने वाले भव्य देव दीपावली आयोजन की पहचान अब प्रदेश के मेले के रूप में है। प्रदेश सरकार ने देवताओं के उत्सव देव दीपावली को राजकीय मेला घोषित कर दिया है। घाटों पर देव दीपावली के आयोजन के लिए सजाने और संवारने का कार्य भव्य तरीके से किया गया। योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भारत की आध्यात्मिक राजधानी काशी के नमो घाट पर भव्य देव दीपावली का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। इसके साक्षी सत्तर देशों के राजदूतों और डेढ़ सौ विदेशी डेलीगेट्स और परिजन बने। सभी ने देव दीपावली के अद्भुत एवं अकल्पनीय आयोजन को निहारा।

**मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सत्तर देशों के राजदूत, विदेशी डेलीगेट और उनके परिजन देव दीपावली के अविस्मरणीय पलों के साक्षी बने। ऐसा पहली बार हुआ। देव दीपावली विश्व विख्यात हो चुकी है।**

**देव दीपावली**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

ख़ामोशी से अपनी पहचान बनाते रहो,
वक़्त खुद बताएगा तुम्हारा नाम.!

# क्यों इतनी घुमक्कड़ी करने लगे हिन्दुस्तानी



आर.के.सिन्हा

***आप*** देश के किसी भी हवाई अड्डे या रेलवे स्टेशन पर चले जायें। आपको वहां पर एक जैसा नजारा ही देखने में आयेगा। आने-जाने वाले मुसाफिरों की भीड़ नजर आयेगी। लगता है कि सारा देश ही घूमने के मूड में है। जैसे ही दफ्तरों में दो-तीन दिन के एक साथ अवकाश आते हैं तो लोग उन छुट्टियों में कुछ और छुट्टियों को जोड़कर किसी पर्यटक स्थल के लिए निकल जाते हैं। उन्हें समुद्री तट से लेकर पहाड़ और अभयारण्यों से लेकर धार्मिक स्थल तक सबकुछ ही पसंद आ रहे हैं। एक बात और कि भारतीय सिर्फ देश के अंदर ही घूमकर संतुष्ट नहीं हैं। उन्हें देश से बाहर जाना भी अच्छा खासा रास आ रहा है। बुकिंग डॉट कॉम के एक निष्कर्ष के अनुसार, पिछले साल यानी 2022 में करीब दो करोड़ हिन्दुस्तानी देश से बाहर घुमक्कड़ी के लिए निकले। यह कोई छोटा-मोटा आंकड़ा नहीं है। भारतीय लंदन, पेरिस, दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन और दूसरे शहरों के अलावा केन्या, नाइजीरिया, तंजानिया, दुबई, सिंगापुर, वियतनाम, सिडनी मेलबोर्न, पर्थ, हॉन्गकॉन्ग वगैरह जा रहे हैं। दुबई और सिंगापुर के बाजारों में घूमते हुए तो लगता है कि आप किसी भारतीय शहर में ही हैं। वहां पर हजारों भारतीय रोज पहुंच रहे हैं। दरअसल आर्थिक उदारीकरण के बाद हिन्दुस्तानियों की आर्थिक स्थिति सुधरी तो उन्होंने भी मन ही मन दुनिया को देखने का फैसला भी कर लिया। अब हिन्दुस्तानी कमाये हुए पैसे को गांठ में बांधने भर के लिए राजी नहीं है। उन्हें तो घूमना है। याद नहीं आता कि अब से पहले कब हिन्दुस्तानी आजकल की तरह से घूमने के लिए घर से निकले थे। बेशक, दुनिया को जानने के लिए यायावरी जरूरी है। आप अगर घूमेंगे ही नहीं तो दुनिया को जानेंगे-समझेंगे कैसे। घुमक्कड़ी की चर्चा होगी तो राहुल सांकृत्यायन जी का नाम तुरंत जेहन में आयेगा। वे सदैव घुमक्कड़ ही रहे। उनकी सन 1923 से विदेश यात्राओं का सिलसिला शुरू हुआ तो फिर इसका अंत उनके जीवन के साथ ही हुआ। ज्ञानार्जन के उद्देश्य से प्रेरित उनकी यात्राओं में श्रीलंका, तिब्बत, जापान और रूस की यात्राएं विशेष हैं। वे चार बार तिब्बत पहुंचे। वहां लम्बे समय तक रहे और भारत की उस विरासत को जाना, जो हमारे लिए अज्ञात और विस्मृत हो चुकी थी। वे 1907 में घर से भागकर चार मास तक कोलकाता में रहे। वे काशी में भी रहे। उन्होंने वहां रहकर संस्कृत का अध्ययन किया। वे पैदल ही अयोध्या होते हुए मुरादाबाद पहुंचे और वहां से हरिद्वार गये। हरिद्वार से हिमालय, देवप्रयाग, टिहरी, यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ की यात्रा की। फिर प्रयाग की प्रदर्शनी देखने के लिए घर से निकल गये। गांधी जी भी बहुत बड़े घुमक्कड़ थे। वे रेलों से खूब सफर किया करते थे। घुमक्कड़ी के चलते उन्होंने देश के चप्पे-चप्पे को देखा और भारत को जाना। गुरु नानक देव जी ने 24 साल में दो उपमहाद्वीपों के 60 प्रमुख शहरों की पैदल यात्रा की। इस दौरान उन्होंने 28 हजार कि.मी. का सफर किया। उनकी यात्राओं का मकसद समाज में मौजूद ऊंच-नीच, जात-पांत, अंधविश्वास आदि को खत्म कर आपसी सद्भाव, समानता कायम करना था। वे जहां भी गए, एक परमात्मा की बात की और सभी को उसी की संतान बताया। बाबा नानक अपनी पहली यात्रा के दौरान पंजाब से हरियाणा, उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, नेपाल, सिक्किम, भूटान, ढाका, असम, नागालैंड, त्रिपुरा, चटगांव से होते हुए बर्मा (म्यांमार) पहुंचे वहां से वे ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और हरियाणा होते हुए वापस आये थे। तो भारत में प्राचीनकाल से ही यायावरी करने वाले रहे हैं। यूं तो सारा भारत अब घुमक्कड़ हो चुका है, पर इस मोर्चे पर गुजराती और बंगाली बाकी से अब भी कुछ आगे ही हैं। आपको देश और देश से बाहर गुजराती पर्यटक मिलेंगे। गुजराती दुनियाभर में बसे भी हुए हैं।

**बुकिंग डॉट कॉम के एक निष्कर्ष के अनुसार, पिछले साल यानी 2022 में करीब दो करोड़ हिन्दुस्तानी देश से बाहर घुमक्कड़ी के लिए निकले। यह कोई छोटा-मोटा आंकड़ा नहीं है।**

**यात्रा**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# रेडियोलॉजिस्ट के क्षेत्र में हैं कॅरियर की अपार संभावनाएं

मेडिकल फील्ड में जाने के इच्छुक छात्र रेडियोलॉजी के क्षेत्र में अपना कॅरियर बना सकते हैं। मेडिकल की फील्ड में यह एक आकर्षक कोर्स है। इस फील्ड में भविष्य में काफी ज्यादा ग्रोथ है। 12वीं करने के बाद आप यूजी कोर्सेज के लिए भी अप्लाई कर सकते हैं। मेडिकल फील्ड में जाने के इच्छुक छात्र रेडियोलॉजी के क्षेत्र में अपना कॅरियर बना सकते हैं। मेडिकल की फील्ड में यह एक आकर्षक कोर्स है। इसमें रेडियोग्राफर एक्सरे की मदद से मरीज की रेडियोग्राफी रिपोर्ट तैयार की जाती है। इससे मरीज की बीमारी का सटीक पता लगाया जाता है। बता दें कि एक रेडियोग्राफी रिपोर्ट तैयार करने के लिए एक्स-रे के अलावा सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड और एमआरआई की भी स्टडी करता है।



### रेडियोलॉजी का क्षेत्र

रेडियोलॉजी को दो भागों में बांटा जाता है। एक का नाम डायग्नोस्टिक रेडियोलॉजी और दूसरे का नाम इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी है। डायग्नोस्टिक रेडियोलॉजी में एक्सरे और अन्य इमेजिंग तकनीक की सहायता से बीमारी और चोट का पता लगाया जाता है। तो वहीं इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी में हेल्थ एक्सपर्ट इमेजिंग की व्याख्या कर कुछ हद तक सर्जिकल प्रोसीजर के काम को भी करता है।

### संभावना

रेडियोलॉजी टेक्नॉलजिस्ट का कोर्स कर आप अपने कॅरियर को नई उड़ान दे सकते हैं। इस फील्ड में भविष्य में काफी ग्रोथ है। अस्पतालों, क्लिनिकों और फिजिशियनों के ऑफिस में ट्रेंड व पेशेवर रेडियोलॉजी की मांग बढ़ती जा रही है। इस फील्ड में संबंधित कोर्स पूरा करने के बाद आप रेडियोलॉजी टेक्निशियन, अल्ट्रासाउंड टेक्निशियन/डायग्नोस्टिक मेडिकल सोनोग्राफर, रेडियोलॉजिस्ट, रेडियोलॉजी टेक्नॉलजिस्ट/रेडियोग्राफर, एमआरआई टेक्निशियन, सीटी टेक/सीएटी स्कैन टेक्नॉलजिस्ट/सीटी स्कैन टेक्नॉलजिस्ट बन सकते हैं।

### कोर्स

इस फील्ड में बैचलर कोर्स, मास्टर कोर्स, डिप्लोमा कोर्स और सर्टिफिकेशन कोर्स का आप्शन मौजूद है। 12वीं करने के बाद आप यूजी कोर्सेज के लिए भी अप्लाई कर सकते हैं।

### सर्टिफिकेट कोर्स

सर्टिफिकेट इन रेडियोग्राफी डायग्नोस्टिक
सर्टिफिकेट इन रेडियोलॉजी असिस्टेंट
सर्टिफिकेट इन रेडियोग्राफी

### डिप्लोमा कोर्सेज

डिप्लोमा इन रेडियोग्राफी एंड रेडियोथेरापी
डिप्लोमा इन रेडियो-डायगनोस्टिक टेक्नॉलजी
यह कोर्स 2 साल का होता है।

### बैचलर कोर्स

रेडियोग्राफी में बीएससी
मेडिकल रेडियोथेरापी टेक्नॉलजी में बीएससी (ऑनर्स)

### मास्टर कोर्स

एक्स-रे रेडियोग्राफी और अल्ट्रा सोनोग्राफी में पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा
रेडियो डायग्नोसिस और इमेजिंग साइंसेज में पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा
रेडियोथेरापी टेक्नॉलजी में पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा

### कैसे बनें रेडियोलॉजिस्ट

बैचलर डिग्री पूरी करने के साथ रेडियोलॉजिस्ट का कॅरियर शुरू होता है। मेडिकल कॉलेज में ग्रेजुएशन का कोर्स करने के बाद आपको एमओ या डीओ में डिग्री दी जाती है। इसके बाद आप मेडिकल लाइसेंस के रूप में भी आवेदन कर सकते हैं। इस दौरान आप बतौर फिजिशियन भी प्रैक्टिस कर सकते हैं। इस फील्ड में कॅरियर बनाने के लिए फिजिशियन को चार साल का रेडियोलॉजी रेजिडेंसी कोर्स पूरा करना पड़ता है।
रेडियोलॉजिस्ट के लिए स्टेट लाइसेंस भी काफी अहम होता है। इसमें आपको दो भाग में परीक्षा देनी होती है, उस एग्जाम को पास करने के बाद आपको लाइसेंस दिया जाता है। इस कोर्स में दो एग्जाम में शरीर की रचना, मेडिसिन, इमेजिंग से संबंधित तकनीक और फिजिक्स आदि को कवर किया जाता है।

### रेडियोलॉजी कोर्स कराने वाले कॉलेज

जवाहरलाल इंस्टिट्यूट ऑफ पोस्टग्रैजुएट मेडिकल एजुकेशन और रिसर्च, पुडुचेरी ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, दिल्ली, आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज, पुणे, क्रिस्चन मेडिकल कॉलेज, वेल्लुरु, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, दिल्ली

### ये हैं जॉब प्रोफाइल

अल्ट्रासाउंड टेक्निशियन/डायग्नोस्टिक मेडिकल सोनोग्राफर
सीटी टेक/ सीएटी स्कैन टेक्नॉलजिस्ट/सीटी स्कैन टेक्नॉलजिस्ट
अल्ट्रासाउंड टेक्निशियन/डायग्नोस्टिक मेडिकल सोनोग्राफर
रेडियोलॉजी टेक्नॉलजिस्ट/रेडियोग्राफर
एमआरआई टेक्निशियन
रेडियोलॉजी टेक्निशियन
रेडियोलॉजी असिस्टेंट
रेडियोलॉजी नर्स

### रेडियोलॉजिस्ट

इस फील्ड में आपके सामने कई ऑप्शन होते हैं। इन कोर्सेज को करने के बाद आप कई विभिन्न प्रोफाइल पर काम कर अपने कॅरियर को एक नई दिशा दे सकते हैं। आप बतौर रेडियोलॉजिस्ट प्राइवेट अस्पताल, सरकारी अस्पताल, पब्लिक हेल्थ सेंटर, नर्सिंग होम और डायग्नोस्टिक लैब में काम कर सकते हैं।

### सैलरी

जॉब प्रोफाइल के हिसाब से हर रेडियोलॉजिस्ट को सैलरी मिलती है। वहीं अनुभव के साथ सैलरी में इंक्रीमेंट होता रहता है। अगर ग्लोबल लेवल पर बात करें तो बतौर रेडियोलॉजिस्ट आप 70 हजार डॉलर तक भी सैलरी उठा सकते हैं। वहीं भारत में रेडियोलॉजिस्ट को 5 लाख से भी ज्यादा का सालाना पैकेज मिलता है।

❖ अनन्या मिश्रा




# सीएमए कोर्स कर कॅरियर को दें नई उड़ान

सीएमए यानी कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटिंग एक सर्टिफिकेट कोर्स है। छात्र तीन स्तरों में एक सीएमए एग्जाम पास कर फंडामेंटल्स, इंटरमीडिएट और कंप्लीशन में शामिल हो सकता है। यह विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त योग्यताओं में से एक हैं। सीएमए यानी कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटिंग भारत के इंस्टिट्यूट्स द्वारा प्रदान किए जाने वाला एक प्रोफेशनल कोर्स है। कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंसी को भारत में बढ़ावा देने के लिए स्थापित किया गया है। इसकी मुख्य ब्रांच कोलकाता में है। बता दें कि यह एक सर्टिफिकेट कोर्स है। इस कोर्स को 4 पिलर पर बनाया गया है। इसके चार पिलर मैनेजमेंट, रेगुलेटरी फ्रेमवर्क, स्ट्रैटजी और फाइनेंशियल रिपोर्टिंग है। छात्र तीन स्तरों में एक सीएमए एग्जाम पास कर फंडामेंटल्स, इंटरमीडिएट और कंप्लीशन में शामिल हो सकता है।

### क्यों करें सीएमए कोर्स

बता दें कि सीएमए डिग्री वाले उम्मीदवारों को अच्छा वेतन मिलता है।
यह उम्मीदवार मैनेजमेंट और फाइनेंस के क्षेत्र में एक्सपर्ट होते हैं। क्योंकि यह विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त योग्यताओं में से एक हैं।
सीएमए करने के बाद आपको नौकरी के लिए कई अवसर मिलते हैं। या तो आप नौकरी शुरू कर सकते हैं या फिर मान्यता प्राप्त कंपनियों में शीर्ष पदों पर काम कर सकते हैं।

### सीएमए कोर्स

यह कोर्स 3-4 साल की अवधि का होता है। इसके अलावा यह कोर्स 3 भागों में बाटा गया है।

सीएमए फाउंडेशन - 8 महीने
सीएमए इंटरमीडिएट - 10 महीने
सीएमए फाइनल - 18 महीने

### फीस

इन तीनों चरणों की फीस अलग-अलग होती है।
सीएमए फाउंडेशन की फीस- 4,000
सीएमए इंटरमीडिएट की फीस- 15 से 20,000
सीएमए फाइनल की फीस- 18,000

### सीएमए कोर्स के लिए टॉप कॉलेज और यूनिवर्सिटी

आईसीएटी-इमेज कॉलेज ऑफ आर्ट्स एनिमेशन एंड टेक्नोलॉजी
इंस्टिट्यूट ऑफ कॉ अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई)
जीईएमएस-गुरुकुल एजुकेशन एंड मैनेजमेंट स्टडीज।
जीवकरण इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन
एसएमजेसी-श्री मेधा जूनियर कॉलेज
जेटविंग्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस
जीसीईसी जयपुर
सीएमए कोर्स के लिए विदेश के टॉप कॉलेज और यूनिवर्सिटीज
आईएमए (इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एकाउंटेंट्स), यू.एस
यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी
वर्जीनिया यूनिवर्सिटी
नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी
विस्कॉन्सिन यूनिवर्सिटी
बायलर यूनिवर्सिटी
फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी

# स से सड़क...



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त', मो. नं. 73 8657 8657
(जवाहरलाल नेहरु बाल साहित्य अकादमी, राजस्थान सरकार से सम्मानित नवयुवा व्यंग्यकार)

एक सामान्य सुबह की यात्रा। सड़कें वाहनों से खचाखच भरी हुई हैं, हर कोई आगे निकलने की बेताब कोशिश में एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश कर रहा है। हवा धुंए से घनी है, और लगातार बजने वाली हॉर्न से अराजकता की सिम्फनी पैदा होती है। यह वहां सभी के लिए मुफ़्त है, जिसमें ड्राइवर एक-दूसरे से बचते हैं, लाल बत्तियाँ चलाते हैं, और लापरवाही से यातायात में आते-जाते रहते हैं।
रैश ड्राइविंग की दुनिया में, गति सीमाएं केवल सुझाव हैं, और रुकने के संकेत भी अदृश्य हो सकते हैं। सड़क के नियमों को उसी तिरस्कार के साथ देखा जाता है जैसे कूड़े के टुकड़े को बिना सोचे-समझे एक तरफ फेंक दिया जाता है। यह प्रत्येक व्यक्ति अपने लिए है, और धिक्कार है उस किसी को जो एक लापरवाह ड्राइवर की प्रगति में बाधा डालने का साहस करता है।
उदाहरण के लिए, राकेश का मामला लीजिए। उसे हमेशा की तरह काम के लिए देर हो रही है, और वह खोए हुए समय की भरपाई के लिए कुछ भी करने को तैयार है। जैसे ही वह सड़क पर सावधानी बरतता है, उसे बमुश्किल ही उन पैदल चलने वालों का ध्यान आता है जिनसे वह बाल-बाल बच जाता है या अन्य वाहन चालकों के गुस्से वाले हॉर्न पर ध्यान नहीं देता है जिसे वह काट देता है। उसका एकमात्र ध्यान अपनी मंजिल तक पहुंचने पर है, परिणाम भुगतने होंगे। इस बीच, राधा अपने बच्चों को स्कूल ले जा रही हैं, और सुबह की भीड़ की अराजकता से निपटने की कोशिश कर रही हैं। वह लगातार किनारे पर है, जब वह स्टीयरिंग व्हील पकड़ती है तो उसके पोर सफेद हो जाते हैं, और जब वह टक्कर के बाद टकराव से बचती है तो उसका गला सूख जाता है। दैनिक आवागमन का तनाव उस पर भारी पड़ता है, और वह सोचती है कि क्या वास्तव में उसके लिए पैदल स्कूल जाना बेहतर होगा। और हमें यातायात पुलिस के बारे में नहीं भूलना चाहिए, उन बहादुर आत्माओं को सड़कों पर कुछ हद तक व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश करने का काम सौंपा गया है। वे अपने पैरों पर खड़े हैं, अपनी बाहों को उन्मत्तता से लहरा रहे हैं और अराजकता को नियंत्रित करने के निरर्थक प्रयास में अपनी सीटियां बजा रहे हैं। यह एक सिसिफियन कार्य है, क्योंकि वे असहाय होकर देखते हैं कि लापरवाही से चलने वाले ड्राइवर उनकी आंखों के सामने नियमों का उल्लंघन करते हैं।
लापरवाही से गाड़ी चलाने के परिणाम बहुत वास्तविक हैं, और ये कोई हंसी की बात नहीं है। हर दिन, हम उन ड्राइवरों के कारण होने वाली दुखद दुर्घटनाओं की कहानियां सुनते हैं जो धीमी गति से चलने और सावधानी बरतने को तैयार नहीं थे। कुछ लोगों की लापरवाह हरकतों के कारण जिंदगियाँ नष्ट हो जाती हैं, परिवार नष्ट हो जाते हैं और समुदाय टूट जाते हैं। और फिर भी, यह चक्र जारी है, ड्राइवर गति और अधीरता के आकर्षण से मुक्त होने में असमर्थ प्रतीत होते हैं।
लेकिन प्रिय पाठकों, डरो मत, क्योंकि क्षितिज पर आशा है। रैश ड्राइविंग से निपटने के लिए एक नई पहल शुरू की गई है, और यह वह समाधान हो सकता है जिसका हम इंतजार कर रहे थे। 'स्लो डाउन, सेव लाइव्स' अभियान में प्रवेश करें, जो सड़क सुरक्षा और जिम्मेदार ड्राइविंग को बढ़ावा देने के लिए एक साहसिक नया दृष्टिकोण है। आकर्षक होर्डिंग, आकर्षक नारे और सोशल मीडिया ब्लिट्ज के साथ, अभियान का उद्देश्य लापरवाही से गाड़ी चलाने के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और मोटर चालकों को धातु पर पैडल मारने से पहले दो बार सोचने के लिए प्रोत्साहित करना है। लेकिन क्या यह हमारी सड़कों पर घूमने वाले लापरवाह ड्राइवरों के व्यवहार को बदलने के लिए पर्याप्त होगा? केवल समय बताएगा। इस बीच, आइए इस सब की बेतुकी बात पर हंसने के लिए कुछ समय निकालें। आखिर, ऐसे पागलपन के सामने हम और क्या कर सकते हैं? शायद रैश ड्राइविंग की हास्यास्पदता पर प्रकाश डालने और बेहतरी के लिए बदलाव को प्रेरित करने के लिए हमें थोड़ा सा व्यंग्य ही चाहिए। तो, अगली बार जब आपका सामना सड़क पर किसी लापरवाह ड्राइवर से हो, तो इस सब की बेतुकी बात पर हंसना याद रखें - और फिर निश्चित रूप से सुरक्षित रूप से गाड़ी चलाएं।

## सूडोकु नवताल- 6898

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6897 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## दैनिक पंचांग

29 नवम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 07.46 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | मकर | 09.52 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 11.38 बजे से |
| बुध | धनु में | मीन | 13.11 बजे से |
| गुरु | मेष में | मेष | 14.41 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | वृष | 16.21 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 18.20 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 20.33 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 22.49 बजे से |
| राहुकाल | 12.00 से 1.30 बजे तक | कन्या | 01.01 बजे से |
| | | तुला | 03.12 बजे से |
| | | वृश्चिक | 05.26 ब.से |

**बुधवार** 2023 वर्ष का 333 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** द्वितीया 13.57 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मृगशीर्ष 13.59 बजे को समाप्त।
**योग** साध्य 20.54 बजे को समाप्त।
**करण** गर 13.57 बजे तदनन्तर वणिज 02.07 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 15.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 21° 23'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1871812
**जूलियन दिन** 2460277.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जमादि उलावल
**तारीख** 14

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7960

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | 7 | 8 | ■ | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | 14 | | 15 | ■ | | ■ |
| 16 | | | | ■ | 17 | | | |
| ■ | | ■ | 18 | 19 | | ■ | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | | ■ | 22 | | 23 |
| | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | | ■ | |
| 27 | | ■ | | ■ | | ■ | 28 | |

**बाएँ से दाएँ**
1. उचित, गलत का विलोम-2
4. अधिकार-2
6. परछाई-2
7. सम्मान, प्रसिद्धि-2
9. उल्टी, कै, वमन-3
12. रंग (अंग्रेजी-3)
14. चंचल, फुर्तीला-3
16. भयभीत होना-4
17. फुर्तीलापन-4
18. बसंत काल-3
20. भ्रम, वहम-3
22. आश्रय, शरण-3
24. राजनीतिक पार्टी-2
26. शारीरिक ऊंचाई-2
27. गन्ना-2
28. शाखा, टहनी-2

**ऊपर से नीचे**
1. नमस्ते, आदाब-3
2. देह, बदन, तन-2
3. शराब, मदिरा-2
5. डोली उठानेवाले-3
6. पत्नी की छोटी बहन -2
8. वहम, संदेह-2
10. जरुरतमंद-5
11. नाग, सर्प-2
13. आनंदित होना -5
14. भारत से निकलने वाली नदी जो पाकिस्तान में खत्म होती है-3
15. ढीला, सुस्त-3
19. नुकसान, घाटा-2
20. सद्कार्य-3
21. नशा, सरुर, खुमार-2
22. ओहदा -2
23. भवन, कोठी-3
25. क्षण, पल-2
26. कलिका, फूल खिलने से पहले की स्थिति-2

शब्द पहेली -7959 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | क | हा | नी | ■ | प | ती | ला | ■ |
| मा | ला | ■ | र | ■ | र | ■ | बा | दा |
| म | ■ | ■ | ब | र | दा | न | ■ | ला |
| ला | य | क | ■ | न | ■ | म | न | न |
| ■ | ■ | र | मी | ■ | गीं | की | ■ | ■ |
| सु | र | त | ■ | आ | ■ | न | क्षा | र |
| री | ■ | ब | ह | का | ना | ■ | ■ | की |
| ला | ख | ■ | टा | ■ | ह | ■ | र | ब |
| ■ | र | बा | ना | ■ | क | ल | म | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं।

**वृष राशि** : कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा।

**मिथुन राशि** : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा।

**कर्क राशि** : शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**सिंह राशि** : विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**कन्या राशि** : क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती है। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेंगी।

**तुला राशि** : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी।

**वृश्चिक राशि** : परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है।

**धनु राशि** : कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें।

**मकर राशि** : पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**कुंभ राशि** : दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**मीन राशि** : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### पंजाब में पाकिस्तानी ड्रोन की घुसपैठ

**चंडीगढ़।** बीएसएफ ने पाकिस्तान की तरफ से घुसपैठ करने वाले ड्रोन पर फायरिंग करके उसे वापस खदेड़ दिया। बीएसएफ ने बाद में एहतियातन सर्च ऑपरेशन चलाया है। बीएसएफ के अनुसार सोमवार की रात गुरदासपुर सेक्टर के अंतर्गत बीओपी साधांवाली पर तैनात 27 बटालियन टीम ने एक ड्रोन भारतीय सीमा में देखा, जिसके बाद बीएसएफ ने फायरिंग कर दी। इसके बाद ड्रोन की आवाज आनी बंद हो गई। आशंका जताई जा रही है कि ड्रोन या तो पाकिस्तानी सीमा में लौट गया या फिर कहीं भारतीय सीमा में ढेर हो गया।

### ईडी को संजय सिंह की बेल याचिका पर नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के एक मामले में आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह द्वारा दाखिल जमानत अर्जी पर छह दिसंबर तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने आवेदन पर केंद्रीय जांच एजेंसी को नोटिस जारी किया। आवेदन में दावा किया गया कि सिंह को आगे हिरासत में रखने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा।

### कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा पर बढ़ी सतर्कता

कुपवाड़ा। कुपवाड़ा जिले में सोमवार को हथियारों और गोला-बारूद की बरामदगी के बाद भारतीय सेना ने मंगलवार को नियंत्रण रेखा पर सतर्कता बढ़ा दी है और घुसपैठ के किसी भी प्रयास को विफल करने की कोशिश कर रही है। सेना की ओर से सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि कुपवाड़ा जिले में हथियार और गोला-बारूद बरामद होने के बाद सोमवार को दो लोगों को पकड़ा गया। उन्होंने कहा कि उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा पर भारतीय सेना अत्यधिक सतर्क रहती है और पाकिस्तान से घुसपैठ के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। बयान में कहा गया कि राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट दृढ़ संकल्प और मजबूत प्रतिबद्धता के साथ ही भारतीय सेना सीमाओं की रक्षा और राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के अपने मिशन में दृढ़ता से खड़ी है। नियंत्रण रेखा को भारत और पाकिस्तान के बीच एक महत्वपूर्ण बाधा के रूप में संदर्भित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने घुसपैठ के प्रयासों का मुकाबला करने में लगातार अपनी अत्यधिक तत्परता और दृढ़ता प्रदर्शित की है।

# विस चुनाव : 4 राज्यों में पीएम ने की करीब 40 सभाएं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगामी लोकसभा चुनाव से पहले पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों के आखिरी दौर में 40 के करीब चुनावी सभाओं को संबोधित किया और कुछ रोड शो भी किए। मध्य प्रदेश में सबसे अधिक उन्होंने 14 चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया जबकि मिजोरम में वह किसी भी चुनावी कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए।

पिछले महीने नौ अक्टूबर को पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया गया था। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और मिजोरम में मतदान संपन्न हो चुका है। तेलंगाना में 30 दिसंबर को मतदान होना है, जहां मंगलवार की शाम चुनाव का शोर थम जाएगा। तीन दिसंबर को पांचों राज्यों में मतगणना के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी कि किस राज्य में किसकी सरकार बनेगी और कहां किसका जादू चला। चुनावों की

### मिजोरम में एक भी सभा नहीं की



घोषणा के बाद प्रधानमंत्री ने पहली रैली छत्तीसगढ़ में की थी।

इसके बाद उन्होंने दुर्ग, विश्रामपुर, मुंगेली और महासमुंद में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के साथ ही वहां के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधा और भ्रष्टाचार एवं कांग्रेस के 'कुशासन' को मुद्दा बनाया। कांकेर की जनसभा को संबोधित करने के बाद प्रधानमंत्री ने राज्य के लोगों के नाम एक खुला पत्र भी 'एक्स' पर साझा करते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की थी।

उनके पत्र में लिखा था, भाजपा ने ही बनाया, भाजपा ही संवारेगी। कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ की 90 में से 20 सीटों के लिए सात नवंबर को पहले चरण का मतदान हुआ था जबकि 17 नवंबर को 70 सीटों के लिए दूसरे एवं अंतिम चरण का मतदान संपन्न हुआ था। पहले चरण में जहां 78 प्रतिशत मतदान हुआ वहीं दूसरे चरण में 75.08 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया। पिछले चुनाव में कांग्रेस को राज्य में 68 सीट मिली थीं तथा भाजपा 15 सीट पर सिमट गई थी। उस चुनाव में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) को पांच और बसपा को दो सीट मिली थी। कांग्रेस के पास फिलहाल 71 विधायक हैं।

मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री ने कुल 14 जनसभाओं को संबोधित किया और इंदौर में एक रोड शो किया। इस राज्य में उनकी पहली रैली रतलाम में हुई। उन्होंने सिवनी, खंडवा, सीधी, दमोह, गुना, मुरैना, सतना, छतरपुर, नीमच, बड़वानी, बेतुल, शाजापुर और झाबुआ में चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर राज्य के लगभग सभी हिस्सों तक पहुंचने की कोशिश की। मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री का पूरा जोर 'डबल इंजन' की सरकार और राज्य के विकास के लिए भाजपा की प्रतिबद्धता पर रहा।

मध्य प्रदेश के पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 114 सीट जीती जबकि भाजपा ने 109 सीट। शेष सीटें बसपा, समाजवादी पार्टी और निर्दलीय उम्मीदवारों के पास चली गईं। चुनाव परिणाम के बाद कमल नाथ के नेतृत्व में बसपा, सपा और निर्दलीयों की मदद से सरकार बनी थी। हालांकि, मार्च 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके करीबी विधायकों के विद्रोह के बाद कांग्रेस सरकार गिर गई, जिससे शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की वापसी का रास्ता साफ हो गया।

इस बार मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने दो केंद्रीय मंत्रियों सहित सात सांसदों और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को चुनाव मैदान में उतारकर दर्शा दिया था कि वह बेहद गंभीरता से चुनाव लड़ रही है। हालांकि पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री पद के चेहरे के रूप में शिवराज सिंह चौहान को आगे नहीं बढ़ाया गया। इससे उलट, कांग्रेस ने कमल नाथ के चेहरे को आगे कर चुनाव लड़ा है। मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों के लिए एक ही चरण में 17 नवंबर को मतदान हुआ था।

कांग्रेस शासित राजस्थान में प्रधानमंत्री ने कुल 12 जनसभाओं को संबोधित किया और इस दौरान उन्होंने अपराध और भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाते हुए कांग्रेस और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को निशाना बनाया। प्रधानमंत्री ने चुनावी सभाओं के अंतिम दौर में उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड और दिवंगत नेता राजेश पायलट के साथ कांग्रेस के तत्कालीन शीर्ष नेतृत्व द्वारा किए गए व्यवहार को जोरशोर से उठाया।

### पीएम कल 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 नवंबर को शाम 4 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 51,000 से अधिक युवाओं को विभिन्न सरकारी पदों पर नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नियुक्त व्यक्तियों को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने मंगलवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि रोजगार मेला देश भर में 37 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इस पहल का समर्थन करने वाले केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों में भर्तियां हो रही हैं। देश भर से चुने गए नए कर्मचारी राजस्व विभाग, गृह मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, वित्तीय सेवा विभाग, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और श्रम और रोजगार मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों व विभागों में सरकार में शामिल होंगे। नवनियुक्त नियुक्तियों को आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर एक ऑनलाइन मॉड्यूल कर्मयोगी प्रारंभ के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिल रहा है, जहां 'कहीं भी किसी भी डिवाइस' सीखने के प्रारूप के लिए 800 से अधिक ई-लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए गए हैं।

## 6 देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति को परिचय पत्र प्रस्तुत किये



**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में आयरलैंड, बोस्निया और हर्जेगोविना, आर्मेनिया, मलेशिया, माली और मार्शल द्वीप समूह के राजदूत व उच्चायुक्त का परिचय पत्र स्वीकार किया। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान के अनुसार जिन लोगों ने अपना परिचय पत्र प्रस्तुत किया उनमें आयरलैंड के राजदूत केविन केली, बोस्निया और हर्जेगोविना के राजदूत हारिस ह्रले, आर्मेनिया गणराज्य के राजदूत वाघन अफयान, मलेशिया के उच्चायुक्त मुज़फ़्फर शाह बिन मुस्तफा, माली के राजदूत ब्रिगेडियर जनरल फेलिक्स डायलो और मार्शल द्वीप गणराज्य के राजदूत अलेक्जेंडर कार्टर बिंग शामिल हैं।

## राहुल गांधी ने तेलंगाना में गिग श्रमिकों के कल्याण के लिए कानून का दिया आश्वासन

**एजेंसी। हैदराबाद**

पार्टी नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि अगर कांग्रेस तेलंगाना में सत्ता में आती है, तो वह राजस्थान में हाल ही में पारित कानून की तर्ज पर गिग श्रमिकों के कल्याण के लिए एक कानून लाने पर विचार करेगी। राहुल गांधी ने गिग श्रमिकों के साथ बातचीत के दौरान यह आश्वासन दिया। उन्होंने उनसे कहा कि कांग्रेस पार्टी के सत्ता में आने के बाद मुख्यमंत्री और संबंधित मंत्री उनके साथ बैठक करेंगे और उनके लिए कल्याणकारी उपायों पर निर्णय लेंगे। 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के लिए प्रचार कर रहे राहुल गांधी ने जुबली हिल्स निर्वाचन क्षेत्र में गिग



श्रमिकों, ऑटो चालकों और स्वच्छता कर्मचारियों के साथ बातचीत की। उनके साथ राज्य कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन भी थे, जो जुबली हिल्स से पार्टी के उम्मीदवार हैं। राहुल गांधी ने गिग वर्कर्स से कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार द्वारा लाए गए कानून के तहत कंपनी हर ऑर्डर के लिए पेंशन और बीमा जैसे सामाजिक सुरक्षा उपायों के लिए कुछ पैसे जमा करती है। उन्होंने कहा, अगर कोई स्विगी के लिए काम करता है और बाद में दूसरी कंपनी में चला जाता है, तो उनकी बचत स्थानांतरित हो जाती है और यह बढ़ती रहती है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि गिग श्रमिकों के कल्याण के मुद्दों के समाधान के लिए एक कल्याण बोर्ड भी स्थापित किया जा सकता है। गिग कर्मियों ने उन्हें हर दिन आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पेट्रोल की कीमत बढ़ने के कारण प्रति ऑर्डर उनकी कमाई कम हो रही है, जबकि खर्च बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि डिलीवरी शुल्क बहुत कम है और कंपनियां उन्हें वाहन या पेट्रोल का खर्च नहीं दे रही हैं। उन्होंने दुर्घटनाओं के मामले में बीमा की कमी के बारे में भी शिकायत की। राहुल गांधी ने बातचीत के दौरान कमेंट किया।

### 8 से 15 दिसंबर तक इंडोनेशिया, मलेशिया और सिंगापुर का दौरा करेंगे राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में धुआंधार प्रचार करने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी 8 से 15 दिसंबर तक तीन देशों की यात्रा पर जाने वाले हैं। सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी 8 से 15 दिसंबर तक इंडोनेशिया, सिंगापुर और मलेशिया की यात्रा पर रहेंगे।

## आईएनएस में प्रशिक्षण ले रही अग्निवीर महिला ने की आत्महत्या

**मुंबई।** मुंबई के मालाड इलाके में स्थित आईएनएस हमला में नौसेना में अग्निशमन का प्रशिक्षण ले रही प्रशिक्षु अग्निवीर 20 वर्षीय अपर्णा ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस के अनुसार अपर्णा का हाल ही में अग्निवीर योजना के तहत चयन हुआ था और वह मालाड स्थित आईएनएस हमला में प्रशिक्षण ले रही थी। सोमवार को प्रशिक्षण के दौरान ही अपर्णा ने अपनी चादर का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही नेवी के डॉक्टरों को बुलाया गया। प्रारंभिक जांच के बाद डॉक्टरों ने अपर्णा को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद नेवी अधिकारियों ने इस मामले की जानकारी मालवणी पुलिस स्टेशन को दी। मालवणी पुलिस स्टेशन की टीम इस मामले की गहन छानबीन कर रही है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार प्रेम प्रसंग के तनाव के चलते अपर्णा ने यह कदम उठाया है।


## मणिपुर हिंसा के बाद अस्पतालों में पड़े 175 शवों के अंतिम संस्कार का 'सुप्रीम' आदेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर हिंसा के बाद से अस्पतालों में पड़े 175 शवों के अंतिम संस्कार करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि जिन शवों पर परिवार ने दावा किया है, उनका अंतिम संस्कार 4 दिसंबर तक होगा। बाकी का एक हफ्ते बाद सरकार करेगी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अंतिम संस्कार के इंतजार में मणिपुर के मुर्दाघरों में पड़े 175 शवों के बारे में चिंता जाहिर की। कोर्ट ने कहा कि सूबे के हालात को देखते हुए मुर्दाघरों पर शवों का यूं पड़े रहना ठीक नहीं है। इसके जरिये माहौल को किसी भी तरह खराब रखने की कोशिश हो रही है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि जिन 81 शवों की पहचान हो गई है और जिन पर उनके घरवालों ने दावा भी किया है, उन शवों का परिजन सरकार की ओर से चिह्नित किये गए 9 जगहों पर अंतिम संस्कार कर सकते हैं। कोर्ट ने आदेश दिया है कि 4 दिसंबर तक ये कवायद पूरी हो जानी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि जिन 88 शवों की पहचान होने के बाद भी उन पर परिजनों ने दावा नहीं किया है, उनके लिए सरकार 4 दिसंबर तक घरवालों को फिर से सूचित करे। अगर घरवाले एक हफ्ते तक शवों को नहीं लेते हैं तो सरकार उनका अंतिम संस्कार कर सकती है। कोर्ट ने कहा कि जिन 6 शवों की पहचान नहीं हुई है, उनका सरकार अंतिम संस्कार कर सकती है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि शवों के अंतिम संस्कार से पहले डीएनए नमूने लिए जाएं। कोर्ट ने राज्य के कलेक्टर और एसपी को शवों का अंतिम संस्कार गरिमापूर्ण तरीके से करने का निर्देश दिया है।

### अयोध्या के राम मंदिर में तैयार हो रही जटायु की मूर्ति

**अयोध्या।** अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर स्थल पर तैनात मूर्तिकार अब रामायण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दिव्य पक्षी जटायु की मूर्ति को अंतिम रूप दे रहे हैं। जटायु की मूर्ति कुबेर टीला पर पौराणिक गिद्ध के मंदिर में स्थापित की जाएगी और उम्मीद है कि प्रधानमंत्री 22 जनवरी को प्रतिष्ठा समारोह की अध्यक्षता करने से पहले यहां श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मंदिर ट्रस्ट के एक पदाधिकारी ने कहा, जटायु को सम्मान देना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उन राम भक्तों की याद का भी प्रतीक होगा।




### 17 दिसम्बर को 'वाऊ सिनेमा' के प्रथम वर्षगांठ का आयोजन 'होटल द रासो' में

**सुधा** सिने मूवीज प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले ओटीटी प्लेटफार्म 'वाऊ सिनेमा के प्रथम वर्षगांठ का आयोजन 17 दिसम्बर (रविवार) को होटल द रासो' (3 स्टार) बिरसा चौक, खूंटी रोड, रांची में किया जाएगा। इस समारोह के विशेष आकर्षण हॉलीवुड एक्टर इनार हराल्डसन एवं बॉलीवुड एक्टर रमेश गोयल (बॉलीवुड में 50 वर्षों का अभिनय सफर) होंगे। इसके अलावा आर. नरेंद्र (पॉलीवुड वरिष्ठ कलाकार), डॉ जे.सी. राज (मलयालम गीतकार), देवेश तांती (कहानीकार), सतीश दास (खोरठा सिंगर), मोनिका मुंडू (झारखंड की स्वर कोकिला), सतीश दास (वरिष्ठ पीआरओ, बॉलीवुड), झरना चक्रवर्ती (वरिष्ठ कलाकार), अनीता सिंह (वरिष्ठ कलाकार) शामिल हैं जिन्हें वाऊ सिनेमा लाईफ टाईम एचिवमेन्ट एवार्ड 2023 से सम्मानित किया जाएगा। भारत के प्रदेशों से एवार्ड के रूप में क्रमशः बेस्ट निर्माता, निर्देशक, एक्टर, गायक, कहानीकार, गीतकार, नाटककार, कैमरा मैन, संगीतकार को सम्मानित किया जा रहा है। इस पुरस्कार हेतु न्यूनतम आयु 50 वर्ष एवं फिल्म कला क्षेत्र में 25 वर्ष का कार्य अनुभव एवं योगदान सुनिश्चित किया गया है।




### 'हीरामंडी' के लिए ऋचा चड्ढा ने 'आवाज और उच्चारण' पर की कड़ी मेहनत



**फिल्म** 'गोलियों की रासलीला राम-लीला' में संजय लीला भंसाली के साथ काम करने के बाद, ऋचा चड्ढा फिल्म निमार्ता के ओटीटी प्रोजेक्ट 'हीरामंडी' में नजर आएंगी। इस बारे में एक्ट्रेस ने कहा कि उन्होंने अपनी आवाज और बोलने के तरीकों पर कड़ी मेहनत की है। 'हीरामंडी' के बारे में बात करते हुए ऋचा ने कहा, मैंने अपने किरदार को निखारने के लिए अपनी आवाज और उच्चारण पर कड़ी मेहनत की। मुझे उम्मीद है कि लोग मेरे काम की सराहना करेंगे।" ऋचा इस बात से पूरी तरह सहमत हैं कि भंसाली के साथ काम करना एक अभिनेता का सपना होता है। उन्होंने कहा, "संजय लीला भंसाली के साथ काम करना किसी भी अभिनेता का सपना होता है और ईमानदारी से कहूं तो मैं इस अनुभव से बहुत आगे बढ़ गयी हूं।

## उपलब्धि

### रक्षा मंत्री ने किया गाइडेड मिसाइल स्टील्थ डेस्ट्रॉयर्स अनावरण

# आईएनएस 'इंफाल' को मिला क्रेस्ट

### नौसेना के समुद्री बेड़े में अगले माह शामिल किया जायेगा यह युद्धपोत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना के लिए प्रोजेक्ट 15 बी के तहत तैयार किये गए गाइडेड मिसाइल स्टील्थ डेस्ट्रॉयर्स आईएनएस इंफाल को आज नया क्रेस्ट मिल गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन ने मंगलवार को नई दिल्ली में क्रेस्ट का अनावरण किया। स्वदेशी जहाज निर्माण की पहचान यह युद्धपोत अगले माह दिसंबर में भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल किया जायेगा।

भारतीय नौसेना के नवीनतम निर्देशित मिसाइल स्टील्थ विध्वंसक इंफाल की लॉन्चिंग 20




अप्रैल, 2019 को हुई थी। इसी समारोह के दौरान जहाज का नाम इंफाल रखा गया था। प्रोजेक्ट 15 बी के तहत मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) में निर्माणाधीन चार गाइडेड मिसाइल स्टील्थ डेस्ट्रॉयर्स में से यह तीसरा युद्धपोत है। इसे एमडीएल ने पिछले माह 20 अक्टूबर को भारतीय नौसेना को सौंप दिया था। नौसेना के बेड़े में शामिल होने से पहले परीक्षण के रूप में इस युद्धपोत से 22 नवंबर को विस्तारित रेंज की ब्रह्मोस मिसाइल का सफल प्रक्षेपण किया गया। परीक्षण के दौरान भारत की बढ़ती जहाज निर्माण क्षमता, स्वदेशी हथियारों और प्लेटफार्मों की विश्वसनीयता परखने पर फोकस किया गया।

इस असाधारण उपलब्धि के पश्चात अब इस युद्धपोत का क्रेस्ट अनावरण भी शानदार तरीके से नई दिल्ली में किया गया। इस कार्यक्रम में सीडीएस जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार, रक्षा मंत्रालय और मणिपुर राज्य के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। समुद्री परंपराओं और नौसैनिक रिवाजों के अनुसार भारतीय नौसेना के युद्धपोतों और पनडुब्बियों के नाम प्रमुख शहरों, पर्वत श्रृंखलाओं, नदियों, बंदरगाहों और द्वीपों के नाम पर रखे गए हैं। भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के किसी शहर के नाम पर रखा जाने वाला पहला उन्नत युद्धपोत भी है, जिसके लिए राष्ट्रपति ने 16 अप्रैल, 2019 को मंजूरी दी थी।

भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो (डब्ल्यूडीबी) ने इसकी डिजाइन तैयार की है और एमडीएल ने निर्मित किया है। जहाज में लगभग 75 प्रतिशत की उच्च स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है, जिसमें एमआर एसएएम, ब्रह्मोस एसएसएम, स्वदेशी टॉरपीडो ट्यूब लॉन्चर, पनडुब्बी रोधी स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर और 76 मिमी. एसआरजीएम शामिल हैं। इंफाल पहला ऐसा स्वदेशी विध्वंसक है, जिसके निर्माण और समुद्री परीक्षणों को पूरा करने में सबसे कम समय दर्ज किया गया। यह युद्धपोत अगले माह दिसंबर में भारतीय नौसेना में अधिकृत रूप से शामिल होगा।

## पंकज त्रिपाठी अभिनीत फिल्म 'मैं अटल हूं' 19 जनवरी को होगी रिलीज

**राष्ट्रीय** पुरस्कार विजेता पंकज त्रिपाठी अभिनीत फिल्म 'मैं अटल हूं' अगले साल 19 जनवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। पंकज त्रिपाठी ने यह जानकारी देते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'मैं अटल हूं' के पोस्टर अपलोड किए हैं। 'मैं अटल हूं' फिल्म देश के लोकप्रिय नेता और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की बायोपिक है। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की बायोपिक में



अभिनेता पंकज त्रिपाठी प्रमुख भूमिका में हैं। उनकी असाधारण जीवन यात्रा को पंकज ने जीवंत किया है। 'मैं अटल हूं' का निर्देशन रवि जाधव और ऋषि विरमानी ने किया है। इसके निमार्ता विनोद भानुशाली, संदीप सिंह और कमलेश भानुशाली हैं। पंकज त्रिपाठी ने पोस्टर के कैप्शन में लिखा, 'सोने का दिल... इस्पात का आदमी... एक बहुमुखी कवि... नए भारत के पीछे दूरदर्शी। श्री अटल बिहारी वाजपेयी की कहानी के गवाह बनें।' पोस्टर पर लिखा हुआ है , 'एक कवि जिसने इतिहास को दोबारा लिखा।

## एक नजर

### जुआ खेलते पकड़े गए नौ पुलिसकर्मियों को एसएसपी ने किया सस्पेंड

**रांची।** रांची पुलिस लाइन में शनिवार की देर रात को जुआ खेलते 14 पुलिसकर्मी समेत 20 लोग पकड़े गए थे। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कार्रवाई करते हुए रांची जिला बल के नौ पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है बाकी के अन्य पांच पुलिसकर्मी जैप के हैं उन पर कार्रवाई जैप के कमांडेंट करेंगे। इससे पहले जुआ खेलते पकड़े गए पुलिसकर्मी समेत अन्य लोगों को गोंदा थाना से पीआर बांड पर छोड़ दिया गया था। इनके पास से करीब साढ़े तीन लाख रुपए भी बरामद हुए थे। पिछले तीन माह में विभिन्न थाना क्षेत्रों में जुए के अड्डों पर की गई छापेमारी में पुलिस ने जुए के अड्डे से लाखों रुपए बरामद किए. 51 से ज्यादा जुआरियों को गिरफ्तार किया. इन जुआरियों को पुलिस ने जेल भी भेजा था. वहीं गोंदा थाना की टीम ने जिन पुलिसकर्मियों को जुआ खेलते पकड़ा तो उन पर सिर्फ जुआ अधिनियम की धारा 11 लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की. पकड़े गए सभी लोगों को थाना से बेल मिल गया है।

### गोली से घायल दरोगा को रामगढ़ एसपी ने किया सस्पेंड

**रांची।** रामगढ़ मुठभेड़ में अपराधियों की गोली से घायल हुए दरोगा सोनू कुमार साव को रामगढ़ एसपी पीयूष पांडेय ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया. दरोगा सोनू साव को ड्यूटी के दौरान अनुपस्थित रहने के आरोप में सस्पेंड किया गया है. इस कार्रवाई को लेकर चर्चा है कि दरोगा सोनू ने भुरकुंडा थाना प्रभारी को बताया था कि गोली लगने की वजह से उनके पैर का जख्म सही से ठीक नहीं हुआ है. जिस वजह से वो ड्यूटी पर नहीं आ पाएंगे. इसके बाद भी थाना प्रभारी ने दरोगा सोनू साव के खिलाफ ओडी ड्यूटी के दौरान अनुपस्थित रहने वाला रिपोर्ट एसपी कर दिया. जिसके बाद एसपी ने दरोगा सोनू साव को सस्पेंड कर दिया।

### दो हजार लीटर अवैध विदेशी शराब जब्त



**रांची।** उत्पात विभाग की टीम ने सोमवार देर रात कांके थाना क्षेत्र के रिंग रोड स्थित सुकुरहुटू के पास एसटीएफ के सहयोग से छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की। छापेमारी के दौरान एक टाटा 407 पिकअप वाहन (जेएच 01-बीआर 5148) की तलाशी के क्रम में अवैध विदेशी शराब ओल्ड मोंक और ब्लैक टाइगर व्हिस्की का 3000 बोतल कुल 2250 लीटर जब्त किया गया। घटनास्थल से अभियुक्त वाहन से कूद कर भाग निकले, जिनके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। छापेमारी टीम में अवर निरीक्षक ललित सोरेन, पंकज कुमार रूपेश कुमार उत्पाद सिपाही और सशस्त्र बल शामिल थे।

हायर सेंटर के रूप में रिम्स और सदर अस्पताल को तैयार रखा जाएगा

# चीनी रहस्यमय बीमारी के मद्देनजर रांची के अस्पतालों में तैयारियां तेज




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
चीन में फैल रही रहस्यमय बीमारी को देखते हुए केंद्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने सभी राज्यों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इस बीमारी के भी कोरोना की तरह फैलने की आशंका है। इन सभी संभावनाओं को देखते हुए रांची में स्वास्थ्य विभाग तैयारियों में जुट गया है। रांची जिले के ब्लॉक स्तर के अस्पतालों को भी दुरुस्त किया जा रहा है, ताकि यदि मरीज सामान्य स्थिति में रहे तो उसे सीएचसी और पीएचसी में ही सुविधा दी जा सके।
रांची के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने मंगलवार को बताया कि हायर सेंटर के रूप में रिम्स और सदर अस्पताल को रखा जाएगा। यदि मरीजों की संख्या बढ़ेगी तो अन्य जगहों पर भी इंतजाम किए जाएंगे। सिविल सर्जन ने बताया कि कोरोना के दौरान लगाए गए ऑक्सीजन प्लांट और लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट का भी उपयोग किया जाएगा। पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन सिलेंडर भी रखे जाएंगे। उन्होंने बताया कि अभी तक भारत में ऐसा कोई केस नहीं मिला है। हालांकि, निमोनिया को लेकर लोगों को सचेत रहने की आवश्यकता है। रिम्स के वरिष्ठ चिकित्सक और शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ यूपी साहू ने बताया कि निमोनिया में छोटे बच्चों पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि निमोनिया सबसे ज्यादा एक से पांच साल तक के बच्चों के लिए खतरनाक होता है। क्योंकि, वैसे बच्चे अपनी परेशानी को खुलकर बता नहीं पाते। ऐसे में अभिभावकों को यह ध्यान रखना होगा कि यदि छोटे बच्चे में सर्दी-खांसी के साथ बुखार आता है और उसने मां का दूध पीना छोड़ दिया तो उसे तुरंत नजदीकी डॉक्टर के पास ले जाएं। यूपी साहू ने बताया कि छोटे बच्चे को यदि सांस लेने में परेशानी हो, शरीर नीला दिखाई दे रहा हो या उसे तेज बुखार आ रहा हो तो डॉक्टर से तुरंत संपर्क करें क्योंकि निमोनिया ज्यादा दिनों तक रहना खतरनाक भी हो सकता है। उन्होंने बताया कि विभाग स्तर पर अभी तक किसी तरह का दिशा-निर्देश जारी नहीं किया गया है। अस्पताल में भी अभी इस तरह के केस नहीं पहुंचे हैं लेकिन डॉक्टरों की टीम निमोनिया के केस को लेकर गंभीर है।

### रिम्स में इलाजरत टीएसपीसी एरिया कमांडर की मौत

पलामू सेंट्रल जेल के कैदी तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के एरिया कमांडर किसलय सिंह की इलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गई। किसलय सिंह पलामू के मनातू का रहने वाला था। किसलय सिंह पिछले कई दिनों से बीमार था। वह पैरालाइज्ड हो गया था। उसे बीपी की भी समस्या थी। बताया जाता है कि तबीयत खराब होने के बाद उसे एमएमसीएच में भर्ती करवाया गया था। बाद में एमएमसीएच क डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया था। पलामू सेंट्रल जेल के अधिकारियों ने मंगलवार की सुबह उसके मौत की पुष्टि की है। रिम्स में ही उसका पोस्टमार्टम किया जायेगा, जिसके बाद उसका शव परिजनों को सौंप दिया जायेगा।

# सरकार की अनदेखी के कारण 4401 उर्दू शिक्षक के पद 23 वर्षों से खाली





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उर्दू शिक्षक के विभिन्न पदों पर बहाली शुरू करने एवं उर्दू भाषा से जुड़े मांगों को लेकर आज आमया संगठन के द्वारा राजभवन के समक्ष महाधरना दिया गया। महाधरना में सैकड़ों लोग हाथों में तख्ती लिए अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाते दिखे। इस अवसर पर महाधरना के नेतृत्व कर रहे एस अली ने कहा कि वर्ष 1999 में बिहार शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक एवं मध्य विधालय जहां 10 उर्दू भाषी छात्र पढ़ते है उन विधालयों में उर्दू शिक्षकों बहाली हेतु 4401 उर्दू शिक्षक के पद सृजित किए गए थे लेकिन शिक्षा विभाग के गलत नियमवली के कारण आज भी 3700 उर्दू शिक्षक के पद खाली है जिसे इंटर एवं स्नातक टेट उत्तीर्ण से भरने की पहल नही हो रही है, वही उक्त पद में 1526 एसटी एससी आरक्षित पद है जिसे पिछड़ा एवं सामान्य वर्ग के कोटे में समाहित किया जाना चाहिए था चूंकि चार बार निकले विज्ञापन में आरक्षित वर्ग से एक भी आवेदन नही मिला। पिछले वर्ष 2022 में शिक्षा विभाग ने बिना समुचित जांच किए 543 उर्दू प्राथमिक एवं मध्य विधालय का स्टेटस छीना कर सामान्य विधालय बना दिया और शुक्रवार की छुट्टी समाप्त कर दी। राज्य में 635 +2 विधालय के लिए मात्र 92 उर्दू शिक्षक के पद दिए जा रहे है जबकि छात्र-शिक्षक अनुपात के अनुसार 300 से अधिक उर्दू शिक्षक के पद होनी चाहिए। हाईस्कूल शिक्षक बहाली में वर्ष 2017 के विज्ञापन के विपरित जाकर शिक्षा विभाग और जेएसएससी ने शैक्षणिक योग्यता निर्धारित कर दिया जिसके कारण सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद हाईस्कूल में उर्दू शिक्षक बहाली में अभियार्थी न्युक्ति से वंचित रह गए।

# ट्रेड लाइसेंस प्रक्रिया के सरलीकरण के लिए सुडा के अधिकारी संग बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
ट्रेड लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया के सरलीकरण के मुद्दे पर मंगलवार को सुडा के अधिकारी पंकज गोयल और अविजीत चटर्जी ने झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों संग चैंबर भवन में बैठक की। लाइसेंस बनाने और लाइसेंस रिन्यूअल के दौरान व्यापारियों के समक्ष होनेवाली कठिनाई से चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने अधिकारियों को अवगत कराया। यह कहा कि दस्तावेजों की कमी के कारण लाइसेंस बनाने और रिन्यूअल में हो रही कठिनाईयों का समाधान जरूरी है। लाइसेंस रिन्यूअल के दौरान होल्डिंग की मांग करने से रेंट की दुकान पर व्यापार कर रहे व्यापारियों को कठिनाई होती है, जिसका समाधान जरूरी है। सुडा के अधिकारियों ने बताया कि पहली बार ट्रेड लाइसेंस लेनेवाले व्यापारियों को सिर्फ रेंट एग्रीमेंट या बिजली बिल की कॉपी देनी है और किसी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है। उक्त दस्तावेज के आधार पर व्यापारी एकसाथ 10 वर्ष का ट्रेड लाइसेंस ले सकते हैं। चचाओं के दौरान यह भी सहमति बनाई गई कि दिसंबर माह के बीच में सुडा के द्वारा चैंबर भवन में एक कार्यशाला का आयोजन कर, व्यापारियों के सभी प्रश्नों का जवाब और उन्हें लाइसेंस बनाने या रिन्यूअल कराने के दौरान होनेवाली कठिनाईयों का समाधान किया जायेगा।बैठक में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव अमित शर्मा, शैलेष अग्रवाल और कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी उपस्थित थीं।

## संक्षिप्त खबरें

### साहिबगंज एसपी संग 15 पुलिस अफसर बनेंगे आईजी व डीआईजी



**रांची।** 15 आईपीएस अधिकारियों को अगले महीने प्रमोशन मिलेगी। जिनमें 2006 बैच के पांच आईपीएस को आईजी रैंक में और 2009 बैच के एक और 2010 बैच के नौ आईपीएस को डीआईजी रैंक में प्रमोशन मिलेगी. इसे लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग में प्रक्रिया चल रही है। 2006 बैच के इन पांच आईपीएस को आईजी रैंक में मिलेगा प्रमोशन : ए विजया लक्ष्मी,नरेंद्र कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह, सुदर्शन प्रसाद मंडल, माइकल राज एस। 2009 और 2010 बैच के 10 आईपीएस को डीआईजी रैंक में मिलेगा प्रमोशन : संजीव कुमार, सुरेन्द्र कुमार झा, चौथे मनोज रतन, कार्तिक एस,वाई एस रमेश, शैलेंद्र कुमार वर्नवाल, धनंजय कुमार सिंह, अश्विनी कुमार सिन्हा, नौशाद आलम अंसारी, संध्या रानी मेहता को प्रमोशन मिला है।

### जुआरी पुलिसकर्मियों को छोड़ना, पुलिसिया कार्यशैली पर बड़ा सवाल : प्रदीप सिन्हा



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने पुलिस विभाग की कार्यशैली पर प्रश्न खड़ा करते हुए कहा कि राज्य में कानून का शासन लागू करने वाली संस्था ही चेहरा देखकर करवाई करें तो लोगों का पुलिस प्रशासन से विश्वास ही खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि विगत दिनों जुआ खेलने और खेलाने के आरोप में पकड़े गए पुलिसकर्मियों को थाने से जमानत देने में पदाधिकारी ने जल्दबाजी दिखाई इससे गलत संदेश गया है। जब कानून की नजर में सभी बराबर होते हैं, कोई आम या खास नहीं होता, तो ऐसे दोहरे मापदंड के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जानी चाहिए। सिन्हा ने कहा कि जब आम लोग जुआ खेलते पकड़े गए तो उन्हें तत्काल जेल भेज दिया गया। जबकि पुलिस विभाग ने अपने ही पुलिसकर्मियों को बचाने के लिए नियम कानून को ताक में रख दिया। प्रदीप सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री से इस मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल हस्तक्षेप की अपेक्षा की जाती है, ताकि एक ही तरह के आमजन मामले में पुलिसिया भेदभाव के शिकार ना हों। विभाग की छवि धूमिल करने वालों पर भी कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता है।

### पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का रांची हवाई अड्डे पर स्वागत



रांची। पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद मंगलवार को हवाई जहाज से रांची पहुंचे। वह झारखंड पासवा की ओर से प्रदेश चेयरमैन आलोक कुमार दूबे के सम्मान में आयोजित आभार सह अभिनन्दन समारोह में शामिल होने के लिए रांची पहुंचे हैं। रांची हवाई अड्डे पर पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे एवं संजीत यादव के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया। इस दौरान पासवा के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी, निजी विद्यालय के संचालक व एवं पासवा कार्यकर्ता मौजूद थे। आलोक दूबे ने कहा कि शयामल के आगमन से कार्यकताओं ऊर्जा का संचार हुबआ है।


### बर्खास्तगी का विरोध



चान्हो । प्रखंड मे कार्यरत ग्राम रोजगार सेवक प्रवीन शंकर शर्मा,दशरथ सिंह एवं कनीय अभियंता अजय कुमार के ऊपर एक तरफा कार्रवाई करते हुए इनकी संविदा रद्द कर दिए जाने को लेकर मंगलवार को चांन्हो के मनरेगा कर्मियों नें कार्य वहिष्कार करते हुए प्रखंड मुख्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया, धरने पर बैठे मनरेगा कर्मी, मनरेगा लोकपाल हाय हाय, हमारी मांगें पूरी करो,मनरेगा कर्मियों का शोषण करना बंद करो,बर्खास्त कर्मियों को वापस लो,दोरंगा व्यवहार बंद करो जैसे नारे लगा रहे थे,साथ चांन्हो प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम एक ज्ञापन दिया जिसमे कहा गया है की अगर इनकी सेवा बहाल नहीं किया गया तो कार्यकर्त्ता वहिष्कार करते हुए अनिश्चित कालीन हड़ताल करेंगे, मौके पर मो युसूफ,शकलू उराव,रोशन एक्का,अरुनी लकड़ा , सादिक अख्तर,संगीता कुमारी,धर्मेन्द्र उराव सहित चान्हो प्रखण्ड में कार्यरत सभी मनरेगा कर्मी उपस्थित थे ।

एमिटी यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन

# लॉजेन विवि ओलंपिक अध्ययन और खेल का वैश्विक केंद्र है : कुलपति डॉ. अशोक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड ने मंगलवार को यूनिवर्सिटी ऑफ लॉजेन के सहयोग से भारत में खेलः अतीत, वर्तमान और भविष्य विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया। इस अवसर पर एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति डॉ. अशोक के श्रीवास्तव ने अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि लॉजेन विश्वविद्यालय ओलंपिक अध्ययन और खेल का वैश्विक केंद्र है। यह पहली बार है जब लॉजेन विश्वविद्यालय ने किसी भारतीय संस्थान के साथ सहयोग किया है, जहां खेल अध्ययन के 12 से अधिक विशेषज्ञों ने अपने संबंधित शोध निष्कर्षों पर बात की। वक्ता डॉ. अनस अली, सहायक प्रोफेसर, जीआईटीएएम डीम्ड विश्वविद्यालय, ने उपनिवेशवाद के सामाजिक संदर्भ में उनकी लोकप्रियता और विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए, औपनिवेशिक दक्षिण भारत में आधुनिक खेलों के इतिहास का पता लगाने पर ध्यान केंद्रित किया। अभिलेखीय अभिलेखों, समकालीन समाचार पत्रों और संस्मरणों का गुणात्मक विश्लेषण करके, उनके अध्ययन ने तर्क दिया कि विभिन्न खेलों और खेल संस्कृतियों के प्रसार और लोकप्रियकरण को सरल रूप से एक रैखिक संचरण के रूप में नहीं देखा जा सकता है। इसके बजाय, यह प्रक्रिया गहन प्रतिस्पर्धा, सह-अस्तित्व और विविध खेल परंपराओं के अनुकूलन द्वारा चिह्नित एक विस्तारित अवधि में सामने आई।

### एनएच 39 कटैयापतरा के समीप हुए सड़क दुर्घटना में तीन घायल



**चान्हो।** चान्हो थाना क्षेत्र के कटैयापतरा के समीप मंगलवार की शाम हुए सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए बताया जा रहा है कि मोटर साइकल पर सवार सुकुरहुटू निवासी माया उरांव व पत्नी और उनके पुत्री सोंस की ओर से जतारा देखकर अपने घर वापस आ रहे थे तभी कटैया पतरा के समीप एक अज्ञात ऑल्टो कार ने टक्कर मार दिया जिससे तीनि गंभीर रूप से घायल हो गए।
सभी को प्राथमिक उपचार के लिए चान्हो स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। चान्हो सरकारी अस्पताल में ईलाज हेतु पूर्ण समान नहीं रहने के कार तीनों का बेहतर ईलाज के लिऐ रिम्स भेजा गया।

### साहिबगंज एसपी नौशाद आलम पहुंचे ईडी कार्यालय, पूछताछ शुरू

**रांची।** साहिबगंज एसपी नौशाद आलम मंगलवार को रांची के हिनू स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय पहुंचे। ईडी अधिकारियों ने उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। मालूम हो कि इससे पहले 10 नवम्बर को समन कर बीते 22 नवम्बर को एसपी नौशाद आलम को पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय में उपस्थित होने को कहा था। लेकिन एसपी नौशाद आलम की ओर से ईडी को पत्र भेज कर उपस्थित होने के लिए दूसरी तारीख मांगी गई थी। इसके बाद ईडी ने 22 नवम्बर को ही नौशाद आलम को दूसरा समन भेजकर कर 28 नवम्बर को पूछताछ के लिए उपस्थित होने को कहा था। एसपी नौशाद आलम पर साहिबगंज में अवैध खनन के गवाह विजय हांसदा को भड़काने का आरोप है।

## पृष्ठ एक के शेष

**किसान, श्रमिक व नौजवान को...**
पेंशन के लिए आए थे। सरकार ने इसकी जानकारी जुटाई और इस पर विचार करते हुए सभी वृद्ध को, विधवा महिला को पेंशन देने का कानून बनाया। अब सभी को ससमय पेंशन का लाभ मिल रहा है। हमने इसके लिए तय संख्या की बाध्यता को समाप्त कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के जरूरतमंदों के लिए आठ लाख आवास की स्वीकृति केंद्र सरकार ने नहीं दी। अब हमारी सरकार राज्य संपोषित अबुआ आवास योजना के तहत अर्हता प्राप्त जरूरतमंद को योजना से आच्छादित कर रही है। यह तीन कमरों का सुसज्जित आवास होगा। आवास आवंटन की प्रक्रिया भी आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में शुरू हो चुकी है। केंद्र सरकार की अनदेखी के बाद यहां के लोगों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य सरकार के लिए जरूरी था। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ग्राम गाड़ी योजना शुरू कर रही है, जिसमें वृद्ध, आंदोलनकारी समेत अन्य को निःशुल्क बस सेवा प्रदान की जाएगी, ताकि ये भी शहर से जुड़ सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वनों पर निर्भर रहने वालों को वन पट्टा देने के लिए अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान चलाया जा रहा है ताकि पात्र लोगों को वन पट्टा दिया जा सके। इस अभियान को हमें पूरा करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। देश में पहली बार एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी का साक्षी झारखंड बना। आपकी सरकार ने खिलाड़ियों को मिलने वाली सम्मान राशि में बढ़ोतरी की है। साथ ही खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी भी मिली है।

**कोई नहीं बच सका राजनीतिक चमक के...**
सैन्य अफसरों को भी राजनीति खूब भा रही है। पूर्व थल सेनाध्यक्ष वीके सिंह दो बार से लोकसभा का चुनाव जीतकर केंद्र में मंत्री बने हुए हैं। और भी कई सैन्य अधिकारी राजनीति में आने की इच्छा जता चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई भी सेवानिवृत्त होने के बाद राज्य सभा की शोभा बढ़ा चुके हैं। केंद्रीय गृह सचिव रहे आरके सिंह व पूर्व विदेश सचिव एस जयशंकर वर्तमान केंद्रीय कैबिनेट में अहम पदों पर आसीन हैं। पत्रकारों में राजनीतिक विश्लेषक योगेन्द्र यादव, अरूण शोरी इत्यादि के नाम शामिल हैं।

**पलामू में महिला चोर गिरोह सक्रिय...**
लिया है। साथ ही संदिग्ध महिलाओं की निशानदेही पर गिरोह में शामिल दो पुरुष भी पकड़े गए हैं। पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है। महिलाएं पश्चिम बंगाल के बारासात और चौबीस परगना की रहने वाली हैं। पूछताछ में महिलाओं ने बताया कि गैंग में शामिल महिलाएं भीड़भाड़ वाले इलाके का फायदा उठाती हैं और महिलाओं के जेवर को चुपके से गायब कर देती हैं। महिला गैंग वैसे जेवर दुकानों को टारगेट करती हैं, जहां भीड़ अधिक जुटती है। इतना ही नहीं गैंग की महिला सदस्य जेवर दुकान में पहुंचती हैं और जेवर को पसंद करने के बहाने जेवर गायब कर देती हैं। घटना को अंजाम देने के पहले एक नेटवर्क तैयार किया जाता है।
इस नेटवर्क के माध्यम से जेवर को कोलकाता के बाजार में पहुंचा दिया जाता है। पुलिस ने जिन महिलाओं को हिरासत में लिया है उनमें पति-पत्नी और सास शामिल हैं। बताया जाता है कि हिरासत में लिए गए महिलाओं का सम्बन्ध पिछले दिनों शहर की दुकानों से हुई जेवरों की चोरी में होने की आशंका जताई जा रही है। बताया जाता है कि गिरोह के सदस्य जिस शहर को निशाना बनाते हैं, वहां वे महंगे होटलों में रुकते हैं। गैंग के पास चारपहिया वाहन है। गिरोह के सदस्य चार पहिया वाहन से सफर करते हैं और घटना को अंजाम देते हैं। इस मामले में मेदिनीनगर टाउन थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि गिरोह से जुड़े लोगों को हिरासत में लिया गया है, सभी से पूछताछ की जा रही है।

**सभ्यता के शिखर या अंत की दिशा...**
वॉयस असिस्टेंट के तौर पर काम कर रही हैं। स्वयं सक्षम- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस प्रकार पर काम चल रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस प्रणाली के आने से रोबोट्स इंसानों की तरह यह जान सकेंगे कि उनका वजूद क्या है। इसके बाद इंसानों और मशीनों में कोई अंतर नहीं रह जाएगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मशीन लर्निंग का एक भाग है।
इस तकनीक का सपोर्ट हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर में दिया जाता है, ताकि एल्गोरिदम को आसानी से समझा जा सकता है। एआई किसी भी प्रोग्रामिंग लैंग्वेज के समान नहीं है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तीन स्किल पर करती है काम लर्निंग प्रोसेस - डेटा प्राप्त करने और इसे उपयुक्त जानकारी में बदलने के लिए नियम बनाने पर केंद्रित है। इन्हें एल्गोरिदम कहा जाता है। ये एल्गोरिदम कंप्यूटर सिस्टम को कार्य पूरा करने में मदद करते हैं। रीजनिंग प्रोसेस - इस स्किल के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वांछित परिणाम तक पहुंचने के लिए सही एल्गोरिदम का चुनाव करती है।सेल्फ-करेक्शन प्रोसेस - इस स्किल के जरिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एल्गोरिदम को अपने-आप ठीक करती है, ताकि यूजर्स को सटीक परिणाम मिल सकें।इस तकनीक से देश के मेडिकल सेक्टर को सबसे ज्यादा फायदा हो सकता है। डॉक्टर्स को अनुसंधान में मदद मिलेगी और मरीजों का बेहतर तरीके से इलाज किया जा सकेगा। स्पोर्ट्स, शिक्षा, कृषि के अलावा विकास योजनाओं की बेहतर समझ तथा जानकारी बढ़ाई जा सकती है। पर इससे सबसे ज्यादा बेरोजगारी बढ़ेगी, जो भारत जैसे देश के लिए घातक है । मानव जाति का अंत हो सकता है क्योंकि रोबोट्स अपने आप को सभी खतरों से सुरक्षित कर खुद खतरनाक हथियार बना सकते हैं हालांकि इस दौर तक आने में अभी बहुत समय है।

वृंदावन में होगा 'कृष्णायण'

# रांची के गणमान्य साहित्यकार होंगे शामिल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आगामी 1 से 3 दिसम्बर को देशभर के रचनाकारों का वृंदावन में महाकुंभ होगा। साहित्योदय द्वारा वात्सल्य ग्राम में दो दिवसीय श्री बांके बिहारी अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव कृष्णायण का आयोजन किया गया है, जिसका उद्घाटन वात्सल्य ग्राम की अधिष्ठात्री और प्रख्यात आध्यात्मिक गुरु दीदी मां साध्वी ऋतम्भरा करेंगी। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राज्यसभा सांसद आर के सिन्हा करेंगे। स्वागताध्यक्ष डॉ बुद्धिनाथ मिश्र होंगे जबकि पूरे कार्यक्रम का संयोजन साहित्योदय के संस्थापक अध्यक्ष और कृष्णायण के मुख्य संपादक कवि पंकज प्रियम करेंगे। तीन दिवसीय साहित्योत्सव के उद्घाटन सत्र में 1 दिसम्बर को कृष्णायण सहित अन्य पुस्तकों का विमोचन होगा। फिर देश-विदेश से आये करीब डेढ़ सौ कवियों द्वारा 11 घण्टे से अधिक समय तक अखण्ड काव्यार्चन किया जाएगा। संध्या बेला में महारास कार्यक्रम और विशेष आमन्त्रित कवियों का काव्यपाठ होगा। जिसमें डॉ बुद्धिनाथ मिश्र के अलावा डॉ विष्णु सक्सेना, डॉ सोम ठाकुर, अजय अंजाम, बेबाक जौनपुरी समेत कई मूर्धन्य हस्ताक्षर शामिल होंगे। तीसरे दिन मथुरा वृन्दावन बरसाना ब्रज भूमि का तीर्थाटन का कार्यक्रम है।गौरतलब है कि राधा और कृष्ण के सम्पूर्ण जीवन पर आधारित साझा महाकाव्य ग्रंथ को 18 भाग में बांटकर 178 प्रसंगों में करीब एक हजार पृष्ठों के कृष्णायण को दो खंडों में प्रकाशित किया जा रहा है। कृष्णायण में दुनियाभर के लब्धप्रतिष्ठ कवियों ने अपनी छंदात्मक शैली में काव्य सृजन किया है। आयोजन को सफल बनाने में राकेश रमण, डॉ रजनी शर्मा चंदा, किशोरी भूषण, संजय करुणेश, सीमा सिन्हा, सुरेंद्र सहित पूरा साहित्योदय परिवार जुटा है। आयोजन की सफलता की कामना करते हुए रांची के अशोक नगर स्थित राधा कृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए सफल कार्यक्रम की सभी ने प्रार्थना की। साहित्योदय रांची के की प्रभारी डॉ रजनी शर्मा 'चंदा' सहित कई मूर्धन्य साहित्यकार सदानंद सिंह यादव, चंद्रिका ठाकुर देशदीप, रेणु झा रेणुका, खुशबू बरनवाल सीपी, सूरज श्रीवास्तव, राज श्री राज, जितेन्द्र यादव, सीमा सिन्हा मैत्री आदि ने राधा कृष्ण मंदिर में सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी और कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं है।

## एक नजर

### कड़े मुकाबले में पीडब्ल्यूडी ने सेतु निगम को एक विकेट से दी मात

**लखनऊ।** इंटर आफिस क्रिकेट टूर्नामेंट के कड़े मुकाबले में सेतु निगम को पीडब्ल्यूडी ने एक विकेट से हरा दिया। इस मैच में पीडब्ल्यूडी के राजेश सिंह ने शानदार गेंदबाजी के साथ ही बल्लेबाजी भी अच्छी की। सेतु निगम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 107 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज रोहन मात्र पांच विकेट पर आउट हो गये। वहीं अजय गौतम और नवाज खान ने 26-26 रन का योगदान दिया। आमोद मात्र दो विकेट पर आउट हो गये। पीडब्ल्यूडी के गेंदबाज राजेश सिंह ने मात्र 14 रन देकर दो विकेट झटके। वहीं इन्होंने 23 रन का भी योगदान दिया। पीडब्ल्यूडी की टीम ने नौ विकेट गंवाकर 17वें ओवर में ही 111 रन बना लिये और मैच को एक विकेट से जीत लिया।

### क्रुजेइरो ने गोइयास को 1-0 से दी मात

**रियो डी जेनेरो।** युवा रॉबर्ट सिल्वा के गोल की मदद से क्रुजेइरो ने सोमवार को ब्राजील की सीरी ए चैंपियनशिप में गोइयास को 1-0 से मात दी। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार 83वें मिनट में लुइज मचाडो की जगह लेने वाले रॉबर्ट (90+6') ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक गोल दागा और अपनी टीम की जीत पक्की की। परिणाम के कारण क्रुजेइरो 35 मैचों में 44 अंकों के साथ 20-टीम सीरी ए स्टैंडिंग में 13वें स्थान पर है। तीन मैच दिवस शेष रहते हुए ड्रॉप जोन से तीन अंक पीछे है। गोइयास 18वें स्थान पर है और अगले साल टॉप पर बने रहने का कोई भी मौका पाने के लिए उसे अपने बाकी बचे सभी मैच जीतने होंगे। दोनों टीमें गुरुवार को फिर से खेलेंगी क्योंकि ब्राजीलियाई सीरी ए सीजन खत्म होने वाला है। क्रुजेइरो माइनिराओ एथलेटिको पैरानेंस की मेजबानी में रहेंगे जबकि गोइयास का सामना पोर्टो एलेग्रे में ग्रेमियो से होगा।

### रॉयल चैलेंजर्स के साथ तीन साल की यात्रा अविश्वसनीय रही : हर्षल पटेल

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 सीजन से पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की ओर से रिलीज किए गए तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि आरसीबी के साथ पिछले तीन साल की उनकी यात्रा अविश्वसनीय रही है। तेज गेंदबाज ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट एक भावुक पोस्ट लिखा है। पटेल ने लिखा कि मैं रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के साथ अपनी कुछ विशेष यादें साझा करना चाहता हूं। पिछले तीन साल मेरे लिए अविश्वसनीय यात्रा रही है। मैं टीम के सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं जो हर सुख-दुख में मेरे साथ खड़े रहे। जैसे मैं आगे बढ़ रहा हूं, मेरे पास कुछ नहीं है लेकिन मेरे दिल में आभार है। पटेल आरसीबी से 2021 में जुड़े थे। उस सीजन में उन्होंने 32 विकेट लेकर पर्पल कैप अपने नाम की थी। हालांकि इसके बाद 2023 सीजन में 19 विकेट लिए। फिर 2023 वाले सीजन में हर्षल का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा। उन्होंने आईपीएल 2023 में 9.66 इकॉनामी के साथ 14 विकेट लिए थे।

### मैक्सवेल की तूफानी पारी से जीता ऑस्ट्रेलिया

# तीसरे टी-20 में भारत को 5 विकेट से हराया, आखिरी 2 ओवर में 43 रन बनाए

**एजेंसी। गुवाहाटी**

ग्लेन मैक्सवेल की शतकीय पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने भारत को टी-20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में 5 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ टीम ने 5 मैचों की सीरीज में 2-1 से वापसी की है। सीरीज का चौथा मुकाबला रायपुर में एक दिसंबर को खेला जाएगा। गुवाहाटी के बारसापारा स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 222 रन का स्कोर खड़ा किया। 223 रन का टारगेट ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में 5 विकेट पर हासिल कर लिया। ग्लेन मैक्सवेल ने 48 बॉल पर 104 रन की विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने 8 चौके और 8 छक्के जमाए। कप्तान मैथ्यू वेड 16 बॉल पर 28 रन बनाकर नाबाद रहे। ट्रैविस हेड ने 18 बॉल पर 35 रन बनाए।


**भारत-ऑस्ट्रेलिया तीसरे टी-20 का स्कोरकार्ड :** पावरप्ले में पवेलियन लौटे ऑस्ट्रेलियाई ओपनर्स, आवेश-अर्श को एक-एक विकेट 223 रन का टारगेट चेज करने उतरे कंगारू ओपनर्स ने तेज शुरूआत की। टीम ने शुरूआती 4 ओवर में बिना किसी नुकसान के 46 रन बना लिए। 5वें ओवर में अर्शदीप सिंह और छठे ओवर में आवेश खान ने भारत को एक-एक सफलता दिलाई। अर्शदीप ने एरोन हार्डी और आवेश ने ट्रैविस हेड को



आउट किया। 6 ओवर के बाद ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 67/2 रहा। भारत ने बनाया 222/3 का स्कोर, गायकवाड का शतक गुवाहाटी के बारसापारा स्टेडियम में मंगलवार को भारतीय टीम ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 222 रन बनाए। पारी के आखिरी ओवर में 30 रन बने। ओपनर ऋतुराज गायकवाड ने 57 बॉल पर 123 रन की पारी खेली। उन्होंने टी-20 करियर का पहला शतक जमाया। गायकवाड ने सिक्स के साथ सेंचुरी पूरी की। गायकवाड ने अपनी पारी में 13 चौके और 7 छक्के जमाए। तिलक वर्मा 31 रन पर नाबाद रहे, कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 39 रन की पारी खेली। डेथ ओवर्स ओवर में भारतीय बल्लेबाजों ने 74 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के जेसन बेहरनऑफ किफायती रहे, उन्होंने 17वें ओवर में केवल 7 रन दिए। इसके बाद एरन हार्डी के ओवर में तिलक वर्मा और गायकवाड की जोड़ी ने 25 रन बनाए। आखिरी ओवर में मैक्सवेल के सामने गायकवाड ने शानदार बल्लेबाजी की और पूरे 30 रन बनाने के साथ ही अपना पहला शतक भी पूरा किया।

## कमिंस ने टी20 टीम में बदलाव के फैसले का किया स्वागत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने भारत के खिलाफ तीसरे टी20 मैच से पहले विश्व कप विजेता खिलाड़ियों को वापस बुलाने के क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के फैसले का स्वागत करते हुए कहा, 'खिलाड़ियों को खेल से कुछ विश्राम की जरूरत है। विश्व कप विजेता टीम के सात सदस्य सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में भारतीय टीम के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए भारत में ही रुके थे। हैरानी की बात यह है कि भारत ने अपनी विश्व कप टीम से केवल 3 खिलाड़ियों को ही मैदान में उतारा। सूर्यकुमार टी20 सीरीज में टीम का नेतृत्व कर रहे हैं जबकि ईशान किशन और प्रसिद्ध कृष्णा अन्य दो खिलाड़ी हैं। अहमदाबाद में विश्व कप फाइनल के ठीक 4 दिन बाद टी20 श्रृंखला शुरू हुई। यह समझ में आने योग्य था कि ऑस्ट्रेलिया ने विशाखापत्तनम में श्रृंखला के शुरूआती मैच के लिए अपने अधिकांश विश्व कप सितारों को आराम दिया था। हालाँकि, ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को भारत के खिलाफ तीसरे टी20 मैच से पहले टी20 टीम में बदलाव की पुष्टि की क्योंकि स्टीव स्मिथ, एडम जम्पा, ग्लेन मैक्सवेल, सीन एबॉट, जोश इंग्लिस और मार्कस स्टॉयनिस स्वदेश लौटने के लिए तैयार हैं। फॉक्स क्रिकेट ने कमिंस के हवाले से कहा, मैं उनसे नाराज नहीं हूं)। पिछले कुछ महीने काफी व्यस्त रहे हैं। ये अभी भी ऑस्ट्रेलिया के लिए खेले हैं और यह बहुत अच्छा है कि ये दौरे कुछ युवा लोगों या उन लोगों के लिए अवसर प्रदान करते हैं जो शायद पहले एकादश में नहीं हैं। मुझे लगता है कि ये महत्वपूर्ण दौरे हैं और आप इनसे बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं।

## 2028 ओलंपिक में शामिल होगा क्रिकेट नीता अंबानी ने क्रिकेट लवर्स को दी बधाई

**एजेंसी। मुंबई**

आईओसी मेंबर नीता एम अंबानी ने कहा कि लॉस एंजेलिस 2028 के ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल किया जाना एक स्वागत योग्य कदम है। इस फैसले से दुनिया में ओलंपिक आंदोलन को लेकर लिए नई रुचि और कई नए अवसर पैदा होंगे। मुंबई में चल रहे 141वें आईओसी सत्र में क्रिकेट को आधिकारिक तौर पर ओलंपिक खेल के रूप में शामिल किए जाने पर नीता अंबानी ने कहा, एक आईओसी सदस्य, एक गौरवान्वित भारतीय और एक क्रिकेट प्रशंसक के तौर पर मुझे खुशी है कि आईओसी सदस्यों ने, लॉस एंजेलिस ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 2028 में क्रिकेट को शामिल करने के लिए वोट किया। नीता अंबानी ने कहा: क्रिकेट विश्व स्तर पर सबसे अधिक पसंद किए जाने वाले खेलों में से एक है और दूसरा सबसे ज्यादा देखा जाने वाला खेल है। 1.4 अरब भारतीयों के लिए, क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं है, एक धर्म है! इतिहास में ऐसा दूसरी बार है



जब आईओसी सत्र भारत में आयोजित किया जा रहा है, 40 साल बाद इसकी देश में वापसी हो रही है। क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने का ऐतिहासिक निर्णय, भारत में लिया गया है। श्रीमती नीता अंबानी ने कहा, मुझे खुशी है कि यह ऐतिहासिक प्रस्ताव हमारे देश में, मुंबई में हो रहे एक सौ इकतालीसवें आईओसी सत्र में पारित किया गया। श्रीमती नीता अंबानी ने उम्मीद जताई कि इस घोषणा से दुनिया भर में खेलों की लोकप्रियता काफी बढ़ जाएगी। ह्लओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने से नए भौगोलिक क्षेत्रों में ओलंपिक आंदोलन को लेकर गहरा जुड़ाव पैदा होगा और साथ ही क्रिकेट की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय लोकप्रियता को भी बढ़ावा मिलेगा। आईओसी सदस्य बनने वाली पहली भारतीय महिला श्रीमती नीता अंबानी ने इस दिन को भारत के लिए बहुत खुशी का दिन बताया। मैं इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए आईओसी और लॉस एंजेलिस आयोजन समिति को धन्यवाद और बधाई देती हूं। यह सचमुच बहुत खुशी और उल्लास का दिन है।

### धोखाधड़ी में पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज श्रीसंत को अंतरिम जमानत मिली

**कोच्चि ।** केरल उच्च न्यायालय ने मंगलवार को पूर्व भारतीय क्रिकेटर एस श्रीसंत को धोखाधड़ी के एक मामले में गिरफ्तारी से अंतरिम जमानत दे दी। अदालत ने यह आदेश तब पारित किया जब उसे सूचित किया गया कि मामला दोनों पक्षों के बीच सुलझ गया है। याचिकाकर्ता को दोषी शिकायतकर्ता को पक्षकार बनाने का निर्देश दिया गया है क्योंकि लोक अभियोजक ने कहा कि मामला सुलझ गया है। उच्च न्यायालय ने आदेश दिया, "यथाशीघ्र आवेदन दाखिल करें। 8 दिसंबर, 2023 को पोस्ट करें। अंतरिम आदेश दिया गया। श्रीसंत, जो वर्तमान में देश में लीजेंड्स लीग में खेल रहे हैं, ने अग्रिम जमानत याचिका दायर करते हुए दावा किया कि उन्हें कन्नूर टाउन पुलिस द्वारा दर्ज मामले में झूठा फंसाया गया है। मामला एक विला निवेश परियोजना से जुड़ा है और बाद में मामला अदालत के बाहर ही सुलझ गया। 2013 में आईपीएल स्पॉट फिक्सिंग मामले में फंसने के बाद श्रीसंत का अंतरराष्ट्रीय करियर खत्म हो गया।

## पुरुषों के हॉकी कोचिंग शिविर के लिए कोर ग्रुप की घोषणा

**एजेंसी। बेंगलुरु**

हॉकी इंडिया ने मंगलवार को भारतीय खेल प्राधिकरण, बेंगलुरु में 29 नवंबर से शुरू होने वाले पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 39 सदस्यीय कोर ग्रुप की घोषणा की। एशियाई खेलों के चैंपियन स्पेन में अपने आगामी असाइनमेंट के लिए तैयारी करेंगे जहां वे वालेंसिया में 15 दिसंबर 2023 से शुरू होने वाले 5 देशों के टूर्नामेंट में जर्मनी, फ्रांस, बेल्जियम और मेजबान स्पेन से भिड़ेंगे। राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के मुख्य समूह में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा, पवन मलिक और प्रशांत कुमार चौहान शामिल हैं। हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, सुरेंदर कुमार, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, गुरिंदर सिंह, जुगराज सिंह, मनदीप मोर, नीलम संजीप जेस, संजय, यशदीप सिवाच, दिपसन टिर्की और मंजीत को डिफेंडर के रूप में नामित किया गया है। शिविर में बुलाए गए मिडफील्डरों में मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद,



मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, सुमित, आकाशदीप सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन और मनिंदर सिंह शामिल हैं। फॉरवर्ड की सूची में एस. कार्थी, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा और पवन राजभर शामिल हैं। आगामी शिविर के बारे में बात करते हुए, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फल्टन ने कहा, हांगझाऊ एशियाई खेलों में सफल प्रदर्शन के बाद यह राष्ट्रीय शिविर से एक लंबा ब्रेक था। टीम के अधिकांश खिलाड़ियों ने चेन्नई में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप खेली और मुझे भी कुछ युवा और उभरते खिलाड़ियों को करीब से देखने का मौका मिला।

### टी20 सीरीज : स्टूडेंट्स को एक हजार रुपये में मिलेंगे ऑफलाइन टिकट

**रायपुर।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 सीरीज का चौथा मैच राजधानी रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 1 दिसंबर को खेला जाएगा। यह मैच शाम 7 बजे से खेला जाएगा। मैच की टिकट की ऑनलाइन बुकिंग जारी है। वहीं आज मंगलवार से ऑफलाइन टिकट की बिक्री सुबह 11 बजे से शुरू होगी, जिसमें स्टूडेंट्स को 1000 में टिकट मिलेगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया मैच के लिए छात्रों को 1000 रुपये में टिकट उपलब्ध कराई जाएगी। इसकी बिक्री आज सुबह 11 बजे से (टिकट समाप्त होने तक) सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, बुढ़ापारा, रायपुर में ऑफलाइन उपलब्ध होगी। इसके लिए छात्रों को अपना परिचय पत्र दिखाना होगा, साथ ही पहचान पत्र की एक फोटो कॉपी काउंटर में जमा करनी होगी, जिसके बाद ही उन्हें टिकट मिलेगी।

### कराटे चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के चार खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण समेत 6 पदक जीते

**लखनऊ।** भुवनेश्वर स्थित रेलवे इंडोर स्टेडियम में 25 और 26 नवंबर को आयोजित ऑल इंडिया कांनीनजुकु ओपन कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने वाले उत्तर प्रदेश के चार खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण पदक समेत कुल छह पदक अपने नाम किए हैं। प्रतियोगिता में वाराणसी के कांनीनजुकु आरबी मार्शल आर्ट्स अकडेमी के 4 खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश की ओर से प्रतिभाग किया था। इनमें सिद्धांत राय 12-13 बालक वर्ग में स्वर्ण पदक (कुमिते 55 किग्रा भार वर्ग) और कांस्य पदक (काता), आदर्श सोनकर 18 पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक (कुमिते -84 किग्रा भार वर्ग), शुचय कुमार मिश्रा 14-15 आयु बालक वर्ग कांस्य पदक (कुमिते - 57 किग्रा भार वर्ग) और कांस्य पदक (काता वर्ग) नीरज यादव ने 14-15 आयु बालक वर्ग काता में रजत पदक जीता। खिलाड़ियों के मुख्य प्रशिक्षक अरविन्द कुमार यादव ने बताया कि इन खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश की ओर से तृतीय स्थान दिलाया।

## आज से नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल टूनार्मेंट का आगाज

**एजेंसी। रांची**

शिव शिष्य हरिद्रानंद फाउंडेशन एवं शिव शिष्य परिवार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू गुरगांई बुढ़ीबागी मैदान ओरमांझी में। युवा पावर फुटबॉल क्लब गुरगांई के देखरेख में तीन दिवसीय मैच का उद्घाटन मैच ग्रुप अ का जयराम स्पोटिंग क्लब बीसा बनाम फुटबॉल क्लब आनंदी के के बीच खेला गया। जिसमें जयराम स्पोटिंग क्लब बीसा 1-0 से विजय हुई। मैच के पूर्व मुख्य अतिथि राजेश कश्यप खिजरी विधायक विशिष्ट अतिथि कमिश्नर मुंडा जिला परिषद पश्चिमी ओरमांझी आशीष साहू भाजपा युवा दस्तक अध्यक्ष ओरमांझी विधायक प्रतिनिधि प्रेमनाथ मुंडा प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस तुलसी खरवार हरिमोहन महतो रवि साहू सुरेश साहू संयुक्त रुप से मैच का उद्घाटन किये। सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किए भूमित 11 बेलवा टोली एवं



डायमंड क्लब रांची। जिसमें पहला क्वार्टर फाइनल मैच में चंदेश्वर कुमार एवं दूसरा मैच में पवन करमाली को प्लेयर ऑफ द मैच देकर सम्मानित किया। मौके पर चंद्रदेव मुंडा सेवाराम महतो रामप्रसाद धर्मनाथ मुंडा मोहन बेदिया रामदयाल गंझू आयोजन समिति के अध्यक्ष नीलांबर सिंह सचिव विनोद कुमार महतो कोषाध्यक्ष दीपक नायक उपाध्यक्ष सनी सिंह उपसचिव जीवनलाल मुंडा उपकोषाध्यक्ष राम प्रसाद सिंह जयवीर बेदिया नकुल बेदिया अजय गंझू प्रदीप मुंडा दिलीप मुंडा नितेश मुंडा शंकर मुंडा सत्य सिंह भरत मुंडा नितेश पाहन प्रीतम सिंह विकास मुंडा एवं सभी सदस्यों मौजूद थे।

### पीकेएल 10: तमिल थलाइवाज ने सागर राठी को बनाया कप्तान

**चेन्नई।** तमिल थलाइवाज ने मंगलवार को प्रो कबड्डी लीग के आगामी 10वें सीजन के लिए सागर राठी को कप्तान घोषित किया। उनके साथ टीम ने अजिंक्य पवार और साहिल गुलिया को भी उप-कप्तान घोषित किया, जिससे इस बहुप्रतीक्षित सीजन के लिए एक शक्तिशाली नेतृत्व तिकड़ी बन गई। सागर राठी जो अपने रणनीतिक कौशल और तकनीक के लिए जाने जाते हैं, वो तमिल थलाइवाज का नेतृत्व करने के लिए बेस्ट खिलाड़ी साबित होंगे। उप-कप्तान नियुक्त किए गए अजिंक्य पवार और साहिल गुलिया टीम को अमूल्य समर्थन देते हुए ताकत के स्तंभ के रूप में कप्तान का साथ देंगे। खेल के प्रति उनकी दक्षता और प्रतिबद्धता उन्हें कप्तान सागर राठी के नेतृत्व के लिए आदर्श विकल्प बनाती है। प्रशंसकों और समर्थकों के बीच उत्साह स्पष्ट है क्योंकि टीम कप्तान सागर राठी के मार्गदर्शन में एक रोमांचक यात्रा के लिए तैयार है। वीवो प्रो कबड्डी का 9वां संस्करण तमिल थलाइवाज के लिए सबसे अच्छा सीजन था।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम कनाडा से भिड़ने के लिए तैयार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम बुधवार को चिली के सैंटियागो में एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 के शुरूआती मैच में कनाडा से भिड़ेगी। 2022 संस्करण में चौथा स्थान हासिल करने के बाद अपनी छाप छोड़ने के लिए उत्सुक भारत पूल सी में अपनी यात्रा शुरू करने के लिए तैयार है। भारत का एक चुनौतीपूर्ण समूह है, जिसमें 2022 उपविजेता जर्मनी, बेल्जियम और उनके पहले प्रतिद्वंद्वी कनाडा शामिल हैं। कनाडा के खिलाफ शुरूआती मुकाबले में भारत का लक्ष्य शुरूआत से ही लय कायम करना है। कनाडाई टीम के खिलाफ उनके पिछले मुकाबलों में भारत ने तीनों मैचों में जीत हासिल की है। यह एक ऐसा आंकड़ा है, जो उनकी प्रेरणा में उत्साह जोड़ता है। इसके अलावा इस साल की शुरूआत में जापान के काकामिगाहारा में महिला जूनियर एशिया कप 2023 के




खिताब पर भारत का विजयी कब्जा एफआईएच महिला जूनियर विश्व कप 2023 में कदम रखने के लिए एक महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक लाभ के रूप में खड़ा है। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की कप्तान प्रीति ने अपने शुरूआती गेम से पहले आत्मविश्वास दिखाया और कहा, हम दृढ़ संकल्प और फोकस के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश कर रहे हैं। हमारी टीम की तैयारी गहन रही है और हम इसे मैदान पर अपने प्रदर्शन में बदलने के लिए उत्सुक हैं। शुरूआती मैच में कनाडा के खिलाफ खेलना हमारे लिए अपने अभियान की गति निर्धारित करने का एक मौका है। कोच तुषार खांडकर ने टीम की तत्परता पर जोर देते हुए इस भावना को दोहराया, हमारे खिलाड़ियों ने कड़ी ट्रेनिंग की है और आने वाली चुनौतियों के लिए मानसिक रूप से तैयार हैं। हम हर प्रतिद्वंद्वी का सम्मान करते हैं और कनाडा के खिलाफ मजबूत शुरूआत की उम्मीद कर रहे हैं। टूनार्मेंट का प्रारूप क्वार्टर-फाइनल में सीधे प्रवेश के लिए पूल चरण में शीर्ष-दो में रहने की मांग करता है।

### पैरा थ्रो बॉल | निरंतर प्रयास व प्रोत्साहन से खिलाड़ियों का प्रदर्शन रहा अव्वल

# झारखंड वापसी पर स्वर्ण विजेता खिलाड़ियों का भव्य स्वागत

**एजेंसी। रांची**

भूटान में आयोजित भारत-भूटान पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में भारत ने शानदार जीत दर्ज करते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। विजेता भारतीय दल में शामिल झारखंड के खिलाड़ी मुकेश कंचन, सनोज महतो,महिमा उरांव और असुंता टोप्पो का स्वदेश वापसी पर रांची रेलवे स्टेशन में ढोल बाजा के साथ स्वागत किया गया। भारतीय टीम के कप्तान मुकेश कंचन ने कहा कि निरंतर प्रयास और प्रोत्साहन से झारखंड के खिलाड़ियों का प्रदर्शन अव्वल हमारे रहा और स्वर्ण पदक जीतने में अहम भूमिका रही। सनोज महतो ने उम्मीद जताई कि सरकार का सहयोग मिलता रहेगा और वे भविष्य में बड़े देशों को भी आगे भी अपने बेहतर प्रदर्शन से मात देंगे। झारखंड पारा ओलंपिक




संघ के अध्यक्ष राहुल मेहता ने बताया कि आज भी राज्य में दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए सुविधा काफी सीमित हैं। खिलाड़ी न्यूनतम सुविधाओं के बीच अभ्यास करते हैं। यह तो खिलाड़ियों, कोच और पारा थ्रो बाल संघ का अपने देश के लिए कुछ कर के दिखाने का जज्बा है जो उन्हें बुलंदी तक ले जा रहा है। सरकार से आग्रह है कि खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास करें। महिला दल की सदस्यों महिमा उरांव और अशुंता टोप्पो ने कहा कि ये उपलब्धि सपना सच होने जैसा है। उन्होंने जो समझा था नाकाबिल जिन्हे ईंट तोड़ने को, वो पूरी की पूरी पहाड़ तोड़ लाए। समाजसेवी अंतू तिर्की, पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष श्री राहुल मेहता, सचिव सरिता सिन्हा ,पारा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री कमल अग्रवाल ,सचिव अविनाश तिवारी, समाज सेवी एवम सोदाग पंचायत के यूवा मुखिया पतरस तिर्की जी, समेत सोदाग पंचायत के सैकड़ो लोगों ने महिमा का स्वागत रांची स्टेशन में आकर किया, सृजन हेल्प के सचिव गुंजन गुप्ता, दसमाईल सिलोदान के वार्ड सदस्य निशांत मिंज,मुकेश महतो, गणेश साहू एवं कई सामाजिक संगठनों ने पदक जीत कर वापस आने पर मुकेश कंचन, सनोज महतो, महिमा उरांव असुंता टोपो को बधाई दी।

### भारत के रघु ने इंडोनेशिया के अल्वी परहान को सीधे मुकाबले में दी मात

**लखनऊ।** सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन टूनार्मेंट में सुबह से ही खिलाड़ियों में उत्साह दिखा। दिनभर पदक के लिए खिलाड़ी पसीने बहाते दिखे। क्वार्टर फाइनल में भारत के रघु मरीस्वामी ने इंडोनेशिया के अल्वी फरहान को सीधे मुकाबले में मात दे दी। वहीं युगांडा के खिलाड़ी हुसैन कबाब ने भारत के केयूरा मोपति को सीधे मुकाबले में हरा दिया। सैयद मोदी इंटरनेशनल बैंडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्वाह्न में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इसमें बाद बीबीडी एकेडमी के विभिन्न कोर्ट पर मुकाबले दिनभर चलते रहे। एकल मुकाबले में क्वार्टर फाइनल में भारत के रघु ने इंडोनेशिया के अल्वी फरहान को सीधे मुकाबले में 21-15, 21-11 से मात दी। वहीं बेलारूस की खिलाड़ी विक्टोरिया को भारत की आद्या ने सीधे मुकाबले में 12-21, 18, 21 से हरा दिया।

## चेन्नई में होगा इंडियन रेसिंग फेस्टिवल का दूसरा सीजन

**एजेंसी। चेन्नई**

इंडियन रेसिंग फेस्टिवल 1-17 दिसंबर, 2023 तक मद्रास इंटरनेशनल सर्किट, चेन्नई में शुरू होने वाला है। अपने उद्घाटन दौर की सफलता के बाद लीग के दूसरे सीजन में चेन्नई में कार्यवाही शुरू होने पर छह टीमें अपनी प्रतिद्वंद्विता को पेश करेंगी। इस सीजन में, छह पावरहाउस टीमें वर्चस्व के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें एक प्रभावशाली लाइनअप शामिल है जो एफ4 टीमों को प्रतिबिंबित करता है। टीमों में शामिल हैं: हैदराबाद ब्लैकबर्ड्स, स्पीड डेमन्स दिल्ली, चेन्नई टर्बोराइडर्स, गॉडस्पीड कोच्चि, गोवा एसेस, बैंगलोर स्पीडस्टर्स। एक अनोखे मोड़ में आईआरएल और एफ4 दोनों एक ही टीम के नाम साझा करते हैं जिससे रेसिंग दृश्य में उत्साह और प्रतिस्पर्धा की एक अतिरिक्त परत जुड़ जाती है। अपने



एफ4 समकक्ष के विपरीत आईआरएल कारों और टीमों चैम्पियनशिप के साथ एक विशिष्ट चैम्पियनशिप प्रारूप पेश करता है। आईआरएल में व्यक्तिगत ड्राइवरों के बजाय टीमों के सामूहिक प्रदर्शन पर जोर देते हुए, कार नंबर के आधार पर अंक दिए जाते हैं। यह प्रतियोगिता में एक रणनीतिक आयाम जोड़ता है, जिससे प्रशंसक पूरे सीजन में इसका आनंद उठा सके। रेसिंग प्रमोशन प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष और एमडी अखिलेश रेड्डी ने कहा, हम इंडियन रेसिंग लीग को उसके दूसरे सीजन में वापस लाने के लिए रोमांचित हैं। इस बार हमने दांव बढ़ा दिया है।